राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 36
लखनऊ, रविवार 05 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में कदम उठा रही सरकार : योगी 03

उत्तर प्रदेश का भविष्य अखिलेश यादव के हाथों में ही सुरक्षित : डॉ. जितेंद्र 10

# प्रधानमंत्री मोदी ने दी 62 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात

**पहले चरण में बिहार के पटना और दरभंगा में आईटीआई पर दिया जाएगा विशेष ध्यान**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार पर विशेष जोर देते हुए 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का शनिवार को अनावरण किया। पीएम मोदी ने 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार योग्यता परिवर्तन उन्नत आईटीआई के जरिये) की शुरुआत की।

इस योजना में 1,000 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को 'हब-एंड-स्पोक' मॉडल में उन्नत करने की परिकल्पना की गई है जिसमें 200 'हब' आईटीआई और 800 'स्पोक' आईटीआई शामिल हैं। 'हब एंड स्पोक' मॉडल एक वितरण प्रणाली है जो साइकिल के पहिये की तरह काम करती है जिसमें एक 'हब' (केंद्र) होता है जो सभी 'स्पोक' (छोटे, सहायक स्थानों) को आपस में जोड़ता है। प्रत्येक 'हब' औसतन चार 'स्पोक' से जुड़ा होगा जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक उद्यमों, डिजिटल शिक्षण प्रणालियों और इनक्यूबेशन सुविधाओं से सुसज्जित संकुलों का निर्माण होगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा, ''सामूहिक रूप से पीएम-सेतु भारत के आईटीआई पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से परिभाषित करेगा, इसे सरकारी स्वामित्व वाला लेकिन उद्योग-प्रबंधित बनाएगा और इसमें विश्व बैंक एवं एशियाई विकास बैंक से वैश्विक सह-वित्तपोषण सहायता भी मिलेगी।''

बयान के मुताबिक योजना के कार्यान्वयन के पहले चरण में बिहार के पटना और दरभंगा में आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि कार्यक्रम का विशेष बल बिहार में परिवर्तनकारी परियोजनाओं पर होगा जो राज्य की समृद्ध विरासत और युवा जनसांख्यिकी को प्रतिबिंबित करेगा।

मोदी ने बिहार की संशोधित 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' की भी शुरुआत की जिसके तहत हर साल लगभग पांच लाख स्नातकों को दो साल तक 1,000-1,000 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा।

## पीएम मोदी ने की नीतीश सरकार की सराहना

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व शासन के दौरान शिक्षा की ''खराब स्थिति'' को राज्य से बड़े पैमाने पर पलायन का एक प्रमुख कारण बताया और हालात में सुधार लाने एवं राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की शनिवार को सराहना की। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने बिहार के लिए कई परियोजनाओं समेत युवा केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास पहलों के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी परोक्ष निशाना साधा जिन्हें कांग्रेस के सदस्य अक्सर 'जननायक' कहते हैं। जननायक शब्द का इस्तेमाल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के लिए किया जाता रहा है। मोदी ने गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोगों द्वारा ठाकुर से जुड़े सम्मान को ''चुराने'' के प्रयासों के प्रति बिहार के लोगों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठाकुर को 'सोशल मीडिया ट्रोल' ने जननायक की उपाधि नहीं दी बल्कि यह उनके प्रति लोगों के प्रेम का प्रतीक है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दिवंगत ओबीसी नेता को पिछले साल भारत रत्न से सम्मानित किया था। मोदी ने मुख्यमंत्री कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के विकास के लिए नए संकल्प लिए हैं और पिछले 20 साल की तुलना में अगले पांच वर्ष में रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या को दोगुना करने का निर्णय लिया है। राज्य में जारी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पलायन के मुद्दे के जोर पकड़ने के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिहार के युवाओं को राज्य में ही रोजगार मिले। उन्होंने राजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं की वर्तमान पीढ़ी इस बात से शायद अवगत नहीं होगी कि 20-25 साल पहले शिक्षा व्यवस्था को कितना बर्बाद किया गया था। मोदी ने कहा कि स्कूल नहीं खुलते थे और बहुत कम भर्तियां होती थीं तथा छात्रों को राज्य छोड़कर दूसरे शहरों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

## 19 वर्ष पहले मारपीट मामले में पूर्व विधायक सोनू सिंह समेत 19 बरी

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के इसौली के पूर्व विधायक व वर्तमान में सपा नेता चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत उनके 18 समर्थकों को शनिवार को बड़ी राहत मिली है। 19 वर्ष पूर्व मारपीट के आरोप में दर्ज केस में कोर्ट ने सभी को बरी कर दिया है। कोर्ट का फैसला आते ही पूर्व विधायक के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह सत्य की जीत है। हमें अपनी अदालतों पर पूर्ण विश्वास है। कूरेभार थाने में तैनात सिपाही यावर अली पर थाने में घुसकर हमले का आरोप पूर्व विधायक के भाई यशभद्र सिंह मोनू व उनके साथियों पर लगा था। इस मामले में तत्कालीन एसपी अजय मिश्रा दल बल के साथ मायंग गांव पहुंचे और मोनू को गिरफ्तार करने के लिए उनके घर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जिस पर वहां मौजूद जनता में आक्रोश भड़क गया और जमकर बवाल हुआ था, जिसे लेकर कूरेभार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पूर्व विधायक के अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह उर्फ़ मदन सिंह ने शनिवार को बताया कि 24 अगस्त 2006 को जब चंद्रभद्र सिंह सोनू विधायक थे। उस समय तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अजय मिश्रा और जिले के सभी थानों की फोर्स मोनू सिंह को एक मुकदमे में गिरफ्तार करने गई थी।

## नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में बरेली जाने वाले प्रतिनिधमंडल में शामिल पार्टी नेताओं को शनिवार उत्तर प्रदेश पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर रोक लिया। इस दौरान कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया। इनमें प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नेता प्रतिपक्ष भी शामिल रहे। पुलिस ने उनको उनके सरकारी आवास पर ही हाउस अरेस्ट करते हुए बरेली नहीं जाने दिया।

उन्होंने प्रशासन पर अपनी नाकामी छिपाने के लिए सपा के दल को बरेली जाने से रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बताया कि बरेली में निषेधाज्ञा लागू है और आपके वहां जाने से माहौल बिगड़ सकता है। नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने कहा कि बरेली में जो हुआ वो पूरी तरह से निंदनीय है। वहां ऐसे हालत क्यों बने, इसकी जांच के लिए सपा का दल जाना चाहता था, लेकिन प्रशासन की नाकामी खुल जाएगी इसके लिए उन्हें नहीं जाने दिया जा रहा है।

### सपा के जांच दल में शामिल नेतागण

सपा के बरेली जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के साथ 5 सांसद, 2 विधायक सहित कुल 14 नेता शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष के अलावा दल में सांसद हरेन्द्र मलिक, सांसद इकरा हसन, सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सांसद मोहिबुल्ला, सांसद नीरज मौर्य, बरेली के ही निवासी पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, बरेली से विधायक अताउर्रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी, बरेली के सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी और बरेली के निवासी सपा के प्रदेश सचिव शुभलेश यादव को शामिल हैं। इनमें नेता प्रतिपक्ष को लखनऊ में हाउस अरेस्ट कर लिया गया, जबकि दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर पर पुलिस ने बरेली जा रहे सपा सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन को रोक लिया और आगे नहीं जाने दिया। 26 सितम्बर को बरेली जनपद में जुम्मे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद के मुद्दे को लेकर हिंसा भड़क गई थी।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,19,550/ |
| 22 कैरेट | = | 1,09,600/ |
| 18 कैरेट | = | 89,700/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,55,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### महसूस हुए भूकंप के झटके रिक्टर पैमाने में 3.1 रही तीव्रता

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के आसपास शनिवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई है। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि भूकंप दोपहर 1 बजकर 33 मिनट पर आया। इसकी तीव्रता 3.1 और इसका केन्द्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे थे। वहीं मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के विशेषज्ञ वीएस यादव ने बताया कि भूकंप का केंद्र सिंगरौली क्षेत्र में दर्ज हुआ है।

### दिग्गज अभिनेत्री संध्या शांताराम का निधन

**मुंबई।** मनोरंजन जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। हिंदी और मराठी सिनेमा की दिग्गज अदाकारा और प्रसिद्ध फिल्मकार वी. शांताराम की पत्नी संध्या शांताराम अब हमारे बीच नहीं रहीं। 94 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार 4 अक्टूबर को उनका पार्थिव शरीर मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके पार्थिव शरीर को बैकुंठ धाम में ले जाया गया है। उनके निधन की खबर से फिल्म और कला जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। निर्देशक मधुर भंडारकर ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संध्या की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, महान अदाकारा संध्या शांताराम जी के निधन से दुखी हूं।

### यूके के प्रधानमंत्री स्टार्मर आठ को दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर आठ अक्टूबर को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। यह प्रधानमंत्री स्टार्मर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस यात्रा के दौरान दोनों प्रधानमंत्री 09 अक्टूबर को मुंबई में मुलाकात करेंगे। इस 10 वर्षीय रोडमैप में व्यापार और निवेश, तकनीक और नवाचार, रक्षा एवं सुरक्षा, जलवायु और ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जन-से-जन संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

## संभल मस्जिद ध्वस्तीकरण मामले में उच्च न्यायालय से नहीं मिली राहत

**याचिका वापस कलेक्टर के समक्ष अपील दाखिल करने का विकल्प**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मस्जिद शरीफ गौसुलबरा रावन बुजुर्ग के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर कोई भी राहत नही दी। कोर्ट ने हस्तक्षेप से इंकार करते हुए याची को कार्रवाई संबंधी आदेश के खिलाफ धारा 67 में कलेक्टर के समक्ष अपील दाखिल करने की हिदायत दी।

शनिवार को न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने मस्जिद शरीफ गोसुलबरा रावन बुजुर्ग व अन्य की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कलेक्टर को अंतरिम आदेश की अर्जी पर मेरिट के आधार पर निस्तारण करने का आदेश दिया है। याचिका पर अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांकश्री त्रिपाठी तथा सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता संजीव सिंह, मुख्य स्थाई अधिवक्ता द्वितीय जे एन मौर्य व स्थाई अधिवक्ता आशीष मोहन श्रीवास्तव ने बहस की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 67(5) के तहत उपलब्ध वैकल्पिक उपाय का सहारा लेते हुए सक्षम न्यायालय, यानी संबंधित कलेक्टर के समक्ष अपील दायर करने का उपबंध है।

## लगातार चौथी बार देश का सबसे सुरक्षित शहर बना कोलकाता

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता एक बार फिर देश का सबसे सुरक्षित शहर बन गया है। यह चौथा लगातार वर्ष है, जब तिलोत्तमा ने इस खिताब को हासिल किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के कुल 19 प्रमुख शहरों को इस अध्ययन में शामिल किया गया था, जिसमें कोलकाता अपराध नियंत्रण और पुलिस की तकनीकी क्षमता के मामले में सबसे आगे रहा। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता में प्रति एक लाख आबादी पर केवल 83.9 संज्ञेय अपराध दर्ज हुए हैं।

## कोचिंग सेंटर में विस्फोट से दो की मौत, आधा दर्जन से ज्यादा छात्र घायल

**डीएम-एसपी मौके पर पहुंचे, घायलों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश सेप्टिक टैंक के फटने का लगाया जा रहा अनुमान**

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद ब्यूरो।** शनिवार को सेन्ट्रल जेल चौराह सातनपुर मण्डी रोड स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में हुए ब्लास्ट दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं आधा दर्जन से अधिक घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रुप से घायलों को रेफर कर दिया गया। सूचना पर डीएम, एसपी, एएसपी, सीओ व नगर मजिस्ट्रेट ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के मुताबिक, थाना कादरी गेट के क्षेत्र सातनपुर आलू मंडी रोड सेन्ट्रल जेल के पास स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के सामने द सन लाइब्रेरी व कोचिंग सेंटर में शनिवार को जोरदार धमाका हुआ। थाना नवाबगंज के गुठिना निवासी योगेश राजपूत व रविन्द्र शर्मा कोचिंग का संचालन बीते कुछ माह से कर रहे थे। दोपहर के समय बच्चे कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान अचानक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के सेप्टिक टैंक में हुए जोरदार ब्लास्ट हुआ। विस्फोट इतना भयानक था की कोचिंग सेंटर की दीवार टूटकर दूर जाकर गिरी। इस दौरान कई लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीओ सिटी एश्वर्या उपाध्याय, नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं डीएम, एसपी ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिये।



घटना स्थल पर मौजूद डीएम-एसपी

वहीं कुछ लोग अनुमान लगा रहे है कि दीपावली का पर्व नजदीक है। कहीं ऐसा तो नहीं की अवैध आतिशबाजी किसी ने रखी हो और उसके विस्फोट से यह बड़ा हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टि से सेप्टिक टैंक के फटने से यह हादसा होना प्रतीत होता है। पूरी घटना की जांच करायी जा रही है।

## निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने पर जोर

**चुनाव आयोग ने मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

एजेंसी



**पटना।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु, चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी, बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ चर्चा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

बैठक के बाद चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल जनतंत्र की आधारशिला हैं, सभी दलों को पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया के हर पड़ाव पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। आयोग ने कहा कि चुनाव के पर्व को सौहार्द से मनायें, मतदाताओं का सम्मान करें। आयोग ने आह्वान किया कि चुनाव की पारदर्शिता का अनुभव करें, हर बूथ पर राजनीतिक दल अपने पोलिंग एजेंट नामित करना न भूलें। चुनाव आयोग ने कहा कि तमाम राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग के मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिये विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के ऐतिहासिक, पारदर्शी और दृढ़ कदम उठाने के लिये धन्यवाद किया और चुनावी प्रक्रिया के प्रति अपनी पूरी निष्ठा और विश्वास को दोहराया। राजनीतिक दलों ने मतदान केंद्र पर 1,200 मतदाताओं की अधिकतम संख्या निर्धारित करने के लिये आयोग का धन्यवाद किया। राजनीतिक दलों ने बिहार के मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने की मांग की और चुनाव को कम से कम चरणों में कराने का सुझाव दिया है। चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में उठाए गए कई नए कदमों, जैसे पोस्टल वोटों की गिनती एवं फॉर्म 17सी संबंधी प्रावधानों की व्यापक सराहना की गई। सभी दलों ने चुनाव आयोग पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

## तमिलनाडु, मध्य प्रदेश व केरल ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप किया बैन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया है और इस हादसे के लिए जिम्मेदार कोल्ड्रिफ कफ सिरप को पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया है। दरअसल पिछले दिनों छिंदवाड़ा जिले में कई बच्चे बुखार के साथ सर्दी-खांसी से पीड़ित थे। इन बच्चों में से 9 की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई और यह कहा गया कि बच्चों की मौत की बड़ी वजह कफ सिरप है। इसी के आधार पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफसिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है।

## ऐलान : महर्षि वाल्मीकि जयंती पर यूपी में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के दिन 7 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस दिन सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। शनिवार को सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

आदेश में कहा गया है कि 7 अक्टूबर (मंगलवार) को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्यभर में सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज, बैंक और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सरकार से सार्वजनिक अवकाश की मांग कर रहे थे। उन्होंने सार्वजनिक अवकाश की मांग करते हुए कई बार शासन को ज्ञापन दिए थे। वाल्मीकि समाज ने कहा कि पहले इस दिन सार्वजनिक अवकाश होता था, लेकिन बाद में इसे रद्द कर दिया गया।

## बिना फास्टैग नकद भुगतान करने वालों को 15 नवंबर से देना होगा दोगुना टोल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने टोल प्लाजा के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। वैध फास्टैग वाले वाहन उपयोगकर्ताओं को नकद पेमेंट करने पर दोगुना टोल देना होगा, जबकि यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने पर 1.25 गुना टोल लिया जाएगा। नई व्यवस्था 15 नवंबर से देशभर के टोल प्लाजा पर लागू हो जाएगी। सरकार ने डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा पर नकद लेन-देन समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन किया है।

## शुभमन गिल बने भारत के नये वनडे कप्तान, रोहित और कोहली टीम में

एजेंसी



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफ़ी फ़ाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे।

हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप अभी दो वर्ष दूर है लेकिन इस बीच भारत कितने वनडे खेलेगा यह स्पष्ट नहीं है इसलिए नए कप्तान के पास पर्याप्त समय होना चाहिए। आगरकर ने कहा कि सिर्फ चयनकर्ताओं के लिए ही नहीं कोच के लिए तीन अलग-अलग लोगों के साथ काम करना आसान नहीं रहता।

**कार्रवाई** | फिशरी, पोल्ट्री फॉर्म, डेयरी संचालक बड़ी मात्रा में दुग्ध व मांस उत्पादन बढ़ाने में कर रहे इनका उपयोग

## डेयरी उत्पाद में प्रयोग होने वाली 34 दवाओं पर लगी रोक

आर.बी.सिंह




**लखनऊ।** डेयरी उत्पाद में इस्तेमाल होने वाली उन 34 दवाओं को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्माण और बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी है, जो अभी तक डेयरी, फिशरी, पोल्ट्री फॉर्म संचालकों द्वारा बड़ी मात्रा में दुग्ध एवं मांस उत्पादन बढ़ाने में उपयोग किया जाता रहा है, जो पशु पक्षियों के साथ मानव स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालते हैं।

सरकार ने कहा है कि इनके निर्माण, बिक्री एवं उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसमें दो से तीन साल की सजा भी हो सकती है। इनमें 15 एंटीबायोटिक्स, 18 एंटी वायरल तथा एक एंटीप्रोजॉल्स दवा शामिल है। यह दवायें अभी भी बाजार में बिक रही हैं। सरकार ने कहा है कि यह प्रतिबंध अंडा देने वाले पक्षियों, दुधारू पशुओं, मवेशियों और भैंसें, बकरियां, सुअरों और मधु मक्खियों पर भी अब लागू होगा।

अब इन दवाओं के इस्तेमाल करते हुए कोई पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पाया है कि पशुपालक अक्सर इन दवाइयों का इस्तेमाल पशुओं में संक्रमण जानवरों की भूख और दूध की क्षमता बढ़ाने में कर रहे हैं।

मांस, दूध व अन्य डेरी उत्पाद खाने से इन दवाओं का असर लोगों के शरीर के अंदर प्रवेश कर रहा है। दरअसल बैन की गई कई दवाइयां लोग अपनी बीमारियों के लिए इस्तेमाल करते हैं। इससे उनके अंदर भी दवाओं के प्रतिरोधक क्षमता बन रही है। जिसकी वजह से कई बीमारियों के इलाज पर दवाएं असर नहीं कर रही हैं।

### इन दवाओं पर लगाया गया बैन

इनमें मुख्य रूप से यूरिडोपेनिसिलिन, सेफ्टोबिप्रोल, सेफ्टारोलाइन, साइडरोफोर, सेफ्लोस्पोरिन, कार्बोपेनम्स, पेनेम्स, मोनोबैक्टम, ग्लाइकोपेप्टाइडस, लिपोप्टाइड्स, ऑक्साजोलिडिनोस, फ़िडेक्सोमिसिन, प्लाज़ोमिसिन, इरावासाइकिलिन एवं ओमाडासाइकिलिन दवाएं शामिल हैं। वहीं एंटी वायरल में अमेन्टाडायन, बालोक्साबिर, मार्बोकसिल, फेविराविर, गैलीदेसिविर, लेकिटमो डोमाइसिन, लेनिनामिविर, मैथिसाजोन, मोलनुपिराविर, ओसेल्टा मिविर, रिबाविरिन, सहित 18 एंटीवायरल दवाएं शामिल हैं। इसके अलावा एंटी प्रोटोजोल्स में नाइटाजोकसाइड दवा शामिल है।

# गौशाला की जांच करने गए लेखपाल को प्रधान ने बनाया बंधक

- दोनों ने की एक दूसरे की शिकायत

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत मौहर में गौशाला की शिकायत की जांच करने गए लेखपाल को ग्राम प्रधान ने बगैर अनुमति के गौशाला में घुसने की विवाद में बंधक बना लिया। लेखपाल ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जबकि प्रधान ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मौहर के लेखपाल छत्रपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह तीन अक्टूबर को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर



गौशाला जांच के लिए शिकायतकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे थे। किसी बीच चरवाहे की सूचना पर ग्राम प्रधान राममिलन निषाद मौके पर आ धमके और लेखपाल से नाराजगी जाहिर करते हुए बगैर अनुमति के गौशाला में दाखिल होने पर आपत्ति जताते हुए गौशाला के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और गौशाला में बंधक बनाकर सरकारी कर में बाधा उत्पन्न की। वही ग्राम प्रधान ने तहसील दिवस में शिकायत करके लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम प्रधान राममिलन निषाद का आरोप है कि लेखपाल विपक्षियों से सांठ-गांठ करके गांव में राजनीति करके पार्टी बंदी को बढ़ावा दे रहे हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि उन्हें लेखपाल की कोई शिकायत नहीं मिली है। प्रधान ने समाधान दिवस में शिकायत दी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण लाभार्थियों का डाटा कैप्चर के लिए समय सीमा 14 अक्टूबर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नये लाभार्थी का डाटा कैप्चर करने के लिये समय-सीमा दिनांक 14.10.2025 तक बढ़ाये जाने के संबंध में अवगत कराया है तथा निर्देश दिये है कि यदि पात्र लाभार्थी किसी कारण से सर्वे में आने से छूट गये हो या सर्वे के समय घर पर उपलब्ध नही थें तथा वर्तमान में घर आ गये हो तो ऐसे लाभार्थियों का सर्वे (डाटा कैप्चर) दिनांक 14.10.2025 तक सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से सर्वेयर द्वारा किया जायेगा। ताकि कोई पात्र लाभार्थी सर्वेक्षण में आने से वंचित न रह जाए।

# पटाखे की चपेट में आये तीन युवक गंभीर रूप से झुलसे

- एक कानपुर रेफर
- देवी विसर्जन के दौरान कस्बे में जमकर की गई आतिशबाजी के दौरान हुआ हादसा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

देवी विसर्जन के दौरान दैमार पटाखा से जमकर हुई आतिशबाजी करते समय जेब में रखे दैमार फटने से अलग-अलग घटनाओं में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर होने पर कानपुर ले जाया गया है।

शुक्रवार को देवी विसर्जन के दौरान कस्बे में जमकर दैमार पटाखा



छुटाए गए। पुलिस इस दौरान मूकदर्शक बनी रही। इससे युवाओं के हौसले बुलंद रहे दैमार छुड़ाते समय ऊँछा थोक निवासी दिव्यांश तिवारी (15) गंभीर रूप से घायल हो गया। इसने दैमार शर्ट की ऊपरी जेब में रखे था।

छूटाते समय यह भी अचानक फट जाने से यह गंभीर रूप से सीने के समीप जल गया। इसको गंभीर हालत में कानपुर ले जाया गया। इसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इसके अलावा कमलेश तिराहा निवासी गोलू एवं बड़ी पुलिया के समीप रहने वाला विष्णु बुरी तरह से झुलस गए। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। इसके अलावा आधा दर्शन से ज्यादा युवक छर्रे लगने से चोटिल हो गए। हाईवे में गुजरने वाले राहगीरों को भी ताबड़तोड़ आतिशबाजी के चलते छर्रे लगे हैं। यह सब कुछ पुलिस की आंखों के सामने होता रहा और पुलिस मूकदर्शक बनी रही

### सोनू नाम के युवक की होती रही चर्चा

**भरूआ सुमेरपुर।** कस्बे में डैमार पटाखा का निर्माण सोनू नाम का कोई युवक बगैर लाइसेंस के चोरी छिपे बेच रहा है। विसर्जन के दौरान युवाओं की जुबान पर सोनू के दैमार की जमकर चर्चा हुई। युवकों ने कहा कि सोनू का दैमार बेमिसाल है। इसकी आवाज का कोई जोड़ नहीं है। इसकी धमक से दीवारें हिल रही है। सोनू कौन है। कस्बे में कहां पर बना रहा है। यह फिलहाल कोई नहीं बता रहा है। लेकिन जिस तरह से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान इसका नाम सुर्खियों में आया है। इससे यह मालूम हुआ है कि दैमार का बड़ा कारोबार इस वर्ष सोनू कस्बे में कर रहा है। मिट्टी, कंकड़, अखबारी कागज, जूट की पतली रस्सी से बनने वाला यह दैमार सुतली बम पटाखों में युवाओं की पहली पसंद है। दमदार आवाज इसकी मुख्य पहचान है। पुलिस इसके कस्बे में निर्माण से अनभिज्ञ है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि उन्हें कस्बे में दैमार पटाखा बनने की कोई जानकारी नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### दशहरा के अवसर पर रावण दहन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव में दशहरा के अवसर पर रावण दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा इंटर कालेज के छात्राओं द्वारा श्रीकृष्ण की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान व कृष्णशरण श्रीवास्तव द्वारा किया गया क्षेत्र के पारा गांव में दशहरा के उपलक्ष्य में चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। दशहरा के दिन रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ । इसके बाद दूसरे दिन इंटर कालेज की छात्राओं व उच्च प्राथमिक विद्यालय बेजे इस्लाम पुर की छात्राओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झांकियों का मंचन किया गया तथा अंधेर नगरी चौपट राजा नाटक का मंचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिवसीय राम लीला का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंदिर के महंत प्रकाश भारती , पीयूष श्रीवास्तव, डा अमित दीक्षित, रिसाल सिंह, रणधीर सिंह, विनीत श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मिश्रा,कल्लू तिवारी, अंकित सिंह, आदि मौजूद रहे । संचालन अरुण दीक्षित द्वारा किया गया

### बदौसा की मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को दी जानकारी



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम नदीटोला में चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं /महिलाओं को एकत्रित कर शासन की विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही पर्दे पर महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से संबंधित लघु फिल्म के प्रसारण के माध्यम से बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया । ग्राम चौपाल के माध्यम से बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा के विभिन्न संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों जैसे– लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के साथ–साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे– मुख्यमंत्री हेल्पलाइ 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड केयर लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई । महिलाओं/बालिकाओं को उनके सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही जिन महिलाओं द्वारा अपनी तथा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में निर्भीक होकर बात की जा रही है, उन्हें पुरस्कृत भी किया जा रहा है, जिससे अन्य महिलाओं का भी हौसला बढ़ रहा है । मिशन शक्ति टीम में उ0नि0 रामनारायण सरोज, म0कां0 सुनीता गुप्ता, म0कां0 सुहारती आदि उपस्थित रहे ।

### थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं के साथ किया संवाद



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय पैगम्बरपुर में बच्चियों के साथ शक्ति संवाद किया गया । कार्यक्रम में बच्चियों को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया । बालिकाओं को बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें । उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता–पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं । कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था । एकत्रित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उन्हे पम्प्लेट वितरित किए गए ।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अतर्रा / बांदा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पचोखर में एक महिला कस्बे में बेहोशी की हालत में मिली, जिसे पुलिस ने तत्काल सीएचसी अतर्रा पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान पिंकी प्रजापति के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के साथ उसकी अबोध बच्ची भी थी। पुलिस ने मृतका के ससुराल वालों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद वे घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की विस्तृत जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद सामने आएगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, सिपाही घायल

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** हमीरपुर कालपी हाईवे में कस्बा के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय थाने में तैनात सिपाही कौशल (32) पुत्र दाताराम बीते शुक्रवार की रात करीब 9 बजे कस्बा आ रहा था। तभी हमीरपुर कालपी हाईवे पर कस्बे के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक में सवार कौशल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### महिला सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** ग्राम समाज की जमीन पर कूड़ा डालने के विवाद में एक महिला को तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी आसिया बानो पत्नी कुददूस अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र मे बताया कि बीते दिन वह ग्राम समाज की खाली पडी जमीन पर कूड़ा डालने गई थी जिसको लेकर गांव की भजिया पत्नी साबिर अली, साबिर अली और उसके पुत्र किसमत अली ने उसे डण्डे से मारकर घायल कर दिया पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### जुलूस-ए-गौशिया में आजम के नारे बुलंद

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 11वें शरीफ के मौके पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस से गौसिया कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए फतेहपुर बड़े पीर साहब के मजार पर समापन किया गया जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया बताते चलें कि शनिवार को हजरत अब्दुल कादिर जिलानी रहमत उल्लाह अलह बड़े पीर साहब के नाम से प्रसिद्ध पाई है जिनका हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश और दुनिया में उर्स मनाया जाता है इसी मौके पर कस्बे के चौधराना मस्जिद से मौलाना अता उर रहमान के नेतृत्व में बच्चे बूढ़े और जवान सभी इस्लाम धर्म को मानने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आजम नारे के साथ शानदार जुलूस निकालकर कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए फतेहपुर पहुंच में समापन किया गया ।जुलूस के दौरान गली कूचो में शरबत पिलाकर लंगर का आयोजन भी किया गया जिसमें फतेहपुर बड़े पीर साहब के दरबार में सुबह से ही हजारों की भीड़ एकत्रित हो गई जहां अकीकत बंदों ने लंगर तथा अन्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे और बड़े पीर बाबा के दरबार में अपनी मुरादे की मिन्नतें मानते देखे गए इस अवसर में नसीम आलम, मुन्ना बॉर्डर ,लाला मास्टर, कुर्रतुल, कारी इमरान, मौलवी सोहेल तथा प्रशासन मौजूद रहा।

### 108 एम्बुलेंस के ईएमटी व पायलट ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**पड़े हुए मोबाइल फोन को महिला को सौंपा**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मियों ने ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश की। जिसकी लोगों के द्वारा सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार कल्पना, पत्नी मानसिंह, इलाज के लिए इमलिया गांव से जिला महिला अस्पताल हमीरपुर आई थीं। इलाज के दौरान उनका मोबाइल फोन अस्पताल परिसर में कहीं गिर गया था अस्पताल में मौजूद 108 एम्बुलेंस के कर्मियों को मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। उन्होंने बिना किसी लालच के उसे उसके मालिक तक पहुँचाने का निर्णय लिया। काफी खोजबीन के बाद मोबाइल मरीज की मां कैला देवी को सौंप दिया गया मोबाइल वापस पाकर मरीज और उसके परिजन बेहद खुश हुए और 108 एम्बुलेंस टीम की ईमानदारी की सराहना की।108 सेवा कर्मियों की इस सच्ची निष्ठा और जिम्मेदारी से सेवा भावना की एक प्रेरक मिसाल सामने आई है।

# मंडलायुक्त ने सरकारी अस्पताल व पीसीएफ केंद्र का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में समाधान दिवस में आए मंडलायुक्त ने अचानक नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच निरीक्षण किया जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

इस मौके पर उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया बताते चलें कि मंडलायुक्त अजीत कुमार शनिवार को नगर के तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए थे इसी दौरान उन्होंने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर औचक निरीक्षण करने पहुंच गए यह जानकारी होते ही वहां तैनात स्वास्थ्य स्टाफ में हड़कंप मच गया। उन्होंने इमरजेंसी, फार्मेसी



व एक्स-रे रूम सहित अस्पताल परिसर को देखते हुए ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर संदीप पाल को अस्पताल मे अपना इलाज के लिए आने वाले मरीजों को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के अलावा अस्पताल व परिसर में सफाई रखने के विशेष निर्देश दिए। उनके अस्पताल से रुखसत होते ही स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली इसके अलावा मंडलायुक्त ने पीसीएफ खाद गोदाम का भी निरीक्षण किया जहां पर केंद्र प्रभारी द्वारा किसानों को एनपीके खाद वितरित की जा रही थी। केंद्र में मौजूद किसानों से भी खाद को लेकर बातचीत कर उन्होंने केंद्र प्रभारी को नियमानुसार किसानों को खाद वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

### चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र के कुतुबपुर के मजरा बहमनपुर गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। पीड़ित महिला ने चार लोगों के खिलाफ थाने में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के बहमनपुर गांव निवासी अनामिका पत्नी चरण सिंह ने थाने मे दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे भतीजा रोहित सिंह दरवाजे के बाहर बैठा था। तभी गांव का कपिल पुत्र कृष्णा आकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। वही शोर सुनकर उसके भाई अनिल, संतराम, संतोष एक राय होकर हाथ में डंडा लेकर आ गए और रोहित के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर अचेत अवस्था में गिर गया। वही बीच बचाव करने पर मुझे और जेठ अमर सिंह के साथ भी मारपीट करने लगे। शोर सुनकर लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने चारों भाइयों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जलशक्ति मंत्री को ज्ञापन देकर इंगोहटा को नगर पंचायत बनाने की मांग

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के इंगोहटा के ग्रामीणों ने बस स्टैंड पर जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद का भव्य स्वागत कर नगर विकास मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने इंगोहटा को नगर पंचायत बनाने सहित क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम इंगोहटा जनपद का सबसे बड़ी आबादी वाला गांव है। यहां जेके सीमेंट जैसे बड़े उद्योग भी संचालित हैं। इसके बावजूद गांव को शहरी सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ रहा है। ज्ञापन में इंगोहटा को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत का दर्जा दिलाने, इंगोहटा बस स्टैण्ड से



रेलवे स्टेशन तक लगभग 700 मीटर लंबी सड़क की तत्काल मरम्मत कराए जाने, साप्ताहिक बाजार स्थल पर इंटरलॉकिंग फर्श एवं बिजली व्यवस्था कराए जाने तथा भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन को खाद रैक प्वाइंट के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। ताकि किसानों को खाद आपूर्ति में हो रही समस्या से राहत मिल सके। इसके साथ इंगोहटा रेलवे स्टेशन से रागौल स्टेशन के बीच बन रहे अंडर ब्रिज की जगह ओवर ब्रिज बनाए जाने और रेलवे स्टेशन में भवन और प्लेटफार्म बनवाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में मोहनलाल साहू, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र दीक्षित, रामचंद्र शर्मा,गुरुप्रताप सिंह,मनोज पालीवाल,शैलेश तिवारी,रोशनी साहू,संजय शुक्ला, राधेश्याम कुशवाहा,श्यामलाल, परशुराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# वैस क्षत्रिय समाज ने किया परंपरा का निर्वहन, आयोजित हुआ भजन-कीर्तन

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विजयदशमी पर्व के अगले दिन भी विदोखर के राहुल देव मंदिर में बैंस (क्षत्रिय) समाज की ओर से दशहरा मिलन कार्यक्रम का आयोजन करके पूर्वजों द्वारा डाली गई परंपरा का निर्वहन किया गया। इस दौरान रात में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। बैंस क्षत्रिय एवं बगरी क्षत्रियों के मध्य दशहरा के दिन हुए भीषण नरसंहार के बाद सैकड़ो वर्ष पूर्व बैंस क्षत्रियो ने बगरी क्षत्रियों पर विजय पाने के बाद राहुल देव की समाधि पर विजय उत्सव मनाने की परंपरा ईजाद की थी तब यह जश्न वृहद रूप से बनाया जाता था नौटंकी आदि कार्यक्रम होते थे और गांव के गरीबों



के मध्य धन लुटाया जाता था। साथ ही सभी ब्राह्मणों को दान दक्षिणा प्रदान की जाती थी और वर्षभर बैंस समाज के मध्य होने वाले आपसी विवादों को सुलझाया जाता था साथ ही समाज की दिशा और दशा पर चिंतन करके रूप रेखा तैयार होती थी। इस परंपरा का निर्वहन अब भी होता है। शुक्रवार को परंपरा के तहत राहुल देव की समाधि का रंग रोगन करके चकाचक बनाया गया और रात में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान दृगविजय सिंह, मानसिंह, कल्याण सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# गुणवत्तायुक्त व समयबद्धता के साथ किया जाये जनशिकायतों का निस्तारण : डीएम

- सदर तहसील में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जिलाधिकारी बांदा, श्रीमती जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील सदर बॉदा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर बॉदा में कुल आवेदन पत्र 52 प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, नगरपालिका, चकबन्दी, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से आज मौके पर 03 शिकायतों का



निस्तारण, जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बॉदा में ग्राम दुरेड़ी के एक फरियादी द्वारा आवासीय पट्टा मिलने के बाद कब्जा नही मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस एवं राजस्व की टीम को मौके पर भेजकर शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिये। हटेटी पुरवा निवासी एक फरियादी द्वारा पाइपलाइन फटने से पानी की समस्या के निस्तारण के लिए अधिशाषी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया। बडोखरखुर्द के एक व्यक्ति द्वारा खेत में कब्जा करने की शिकायत पर लेखपाल दुरेड़ी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एक फरियादी द्वारा साफ-सफाई एवं जल भराव की समस्या पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समस्या का निस्तारण शीघ्र करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर बॉदा में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविस टाक, उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानकविहीन कार्य को लेकर ठेकेदार पर आरोप, जांच की मांग

**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका क्षेत्र के बांदा रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे इंटरलाकिंग कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं। रेडक्रास सोसाइटी सदस्य एवं अतर्रा महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्र ने सांसद बांदा-चित्रकूट कृष्णा पटेल को पत्र भेजकर ठेकेदार पर मानकविहीन कार्य करने और सरकारी धन की बर्बादी का आरोप लगाया है। पत्र के जरिए बताया कि करीब 3 करोड़ की लागत से यह कार्य शिव कंस्ट्रक्शन कंपनी गोरखपुर को दिया गया है, जिसमें ठेकेदार द्वारा लगभग 20 लाख की मिट्टी बेच दी गई। आरोप है कि खुदाई के दौरान लापरवाही से कई जगह पाइपलाइनें टूट गईं, जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। मिट्टी की जगह बिना रोलर व कंपैक्टर चलाए सीधे गिट्टी डाल दी गई।उन्होंने कहा कि कार्य में घटिया गुणवत्ता की ईंटों का



उपयोग किया जा रहा है, जो जल्द टूट सकती हैं। जगह-जगह पर केवल खाना-पूर्ति कर कार्य निपटाया जा रहा है। उन्होंने सांसद को पत्र देकर आरोप लगाते हुए जांच कर कार्य तत्काल रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# या गौस अल मदद की सदा से गूंजा शहर

- फिरोजी परचम के साथ शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस-ए-गौसिया
- हिन्दू भाइयों ने पेश की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की याद में शनिवार को जुलूस–ए–गौसिया पूरी शान–ओ–शौकत से निकाला गया। जुलूस के दौरान हुई तकरीरों में गौस–ए–आजम की विलादत पर रोशनी डाली गई। शहर के छिपटहरी स्थित खानकाह से जुलूस रवाना हुआ।

मरकजी कमेटी खुद्दामे गौसो ख्वाजा के तत्वावधान में दोपहर बाद सरपरस्त हबीब बाबा व सदर मौलाना शफीक उद्दीन ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस–ए–गौसिया को रवाना किया। मौलाना शफीक ने कहा कि गौसे पाक अब्दुल



कादिर जीलानी के बताए व दिखलाए रास्ते पर चलकर हम दुनिया व आखिरत संवार सकते हैं। गौसे आजम अल्लाह के महबूब बंदे व वलियों के सरदार हैं। लोगों को उनकी जिंदगी से सबक लेना चाहिए।

जुलूस छिपटहरी, मर्दन नाका, कुंजरहटी, डीएवी कालेज, पत्थर फोड़, गोल कोठी, सट्टन चौराहा, कसाई मोहल्ला, ईदगाह चौराहा, गूलर नाका, छावनी, सब्जी मंडी होता हुआ खानकाह दरगाह में संपन्न हुआ। लोगों ने जगह–जगह स्टाल लगाकर मरकज़ी जुलूस का स्वागत किया। कई स्थानों पर हिंदू भाइयों ने जुलूस का इस्तक़बाल करके गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। जुलूसे गौसिया में खाने काबा के तुगरे, गुम्बदे खजरा, गौस पाक के मजार का गुंबद, फिरोजी परचम सहित विभिन्न झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। लाउडस्पीकर पर मनकबत व नात पाक की धुनें बज रहीं थीं और जुलूस में शामिल लोग भी नात शरीफ पढ़ रहे थे। फातेहाख्वानी व सलातो सलाम हुआ। देश व दुनियां के अमन और शान्ति के लिए दुआ की और जुलूसे गौसिया सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मरकजी कमेटी सचिव/ मीडिया प्रभारी सैय्यद इमरान अली, मेराज हशमती, गौसुल इमरान रजा, अब्दुर्रहमान, फारूक अहमद, नसीब चिश्ती, मोहम्मद अनीस, मुबश्शर रजा, सैय्यद मेराज अली, शोएब वारसी, उवैश लाला, बाबू भाई, राशिद भाई, बरकत अली शहर की कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा शुद्धिकरण सूचना**

ई–टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 42/2025 दिनांक 09-09-2025 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 03-10-2025 को खोली जानी थी, उत्तर प्रदेश सरकार के जिला प्रशासन बरेली द्वारा बरेली परिक्षेत्र में दो दिनों के लिये नेट सेवा बन्द करने के कारण उक्त निविदा अब दिनांक 07-10-2025 को खोली जायेगी।

ई–निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट पर www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), मुजाधि / डब्लू-279 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि–2025**

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होगीः–

03223/03224 राजगीर–हरिद्वार–राजगीर पूजा विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03223 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03223 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03224 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03224 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:05 | राजगीर | 07:15 | --- |
| 05:15 | --- | हरिद्वार | --- | 07:20 |

**चलने के दिनः 03223 राजगीर से** दिनांक 10.10.2025 से 26.12.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **03224 हरिद्वार से** दिनांक 11.10.2025 से 27.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**ठहरावः** नालन्दा, पावापुरी रोड, बिहार शरीफ जं., वेना, हरनौत, बख्तियारपुर जं., फतुहा जं., पटना साहिब, पटना जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं. एवं लक्सर जं. के स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3072/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भरवारा व कठौता झील की सफाई कार्य में देरी से महापौर नाराज

## लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी के कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई आयोजित

**जलकल विभाग के महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ कार्य प्रगति रिपोर्ट 6 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने के निर्देश**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी के कार्यालय में शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, श्रीमती नम्रता सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राव सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में जलकल, मार्ग प्रकाश, अभियंत्रण, स्वास्थ्य, उद्यान, प्रचार, शौचालय, संपत्ति और पर्यावरण विभागों की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान महापौर ने भरवारा और कठौता झील की सफाई कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जलकल विभाग के महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए और कार्य प्रगति रिपोर्ट 6 अक्टूबर की शाम तक प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वीकृत धनराशि से अधिक खर्च की जिम्मेदारी विभाग की होगी तथा दिसम्बर 2025 तक दोनों झीलों की सफाई हर हाल में पूर्ण होनी चाहिए।

### पिंक टॉयलेट्स बंद होने के मामले में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश

महापौर ने कहा कि शहर में अधिकांश पिंक टॉयलेट्स बंद हैं, जो महिलाओं की सुविधा में बड़ी बाधा है। उन्होंने पर्यावरण अभियंता को निर्देश दिया कि दो दिन के भीतर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि हार्टिकल्चर वेस्ट को सर्दियों में अलाव के रूप में उपयोग करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान महापौर ने सफाई कार्य में लापरवाही और रामकी कंपनी के भुगतान में देरी पर असंतोष जताया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि सफाई कर्मी बिना वर्दी के ड्यूटी पर क्यों हैं। महापौर ने चेतावनी दी कि आगे के निरीक्षण में यदि कोई भी सफाईकर्मी बिना वर्दी के पाया गया तो संस्था और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने अभियंत्रण विभाग से कहा कि बरसात के कारण टूटी सड़कों का पैचवर्क तत्काल पूर्ण किया जाए।

### परिवर्तन चौक से लोरेटो स्कूल तक विशेष सजावट कराने के निर्देश

महापौर ने दीपावली पर्व को देखते हुए परिवर्तन चौक से लोरेटो स्कूल तक विशेष सजावट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह कार्यरत रहें और किसी भी क्षेत्र से प्रकाश बंद होने की शिकायत नहीं आनी चाहिए। माननीय महापौर ने कहा कि दीपावली से पूर्व सभी स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त की जाएं तथा मुख्य चौराहों पर लाइटिंग सजावट सुनिश्चित की जाए ताकि शहर उत्सवमय दिखाई दे।

# गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का निस्तारण व अधिकारी कॉल के जरिए करें पुराने प्रकरणों का सत्यापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जिलाधिकारी विशाख जी. और मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अलग-अलग तहसीलों में जनसुनवाई की। जिलाधिकारी जहां मोहनलालगंज तहसील पहुंचे, वहीं मंडलायुक्त ने सदर तहसील में आम जनों की समस्याएं सुनीं।

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने साफ निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो और विभागीय अधिकारी पुराने प्रकरणों की सत्यापन कॉल के जरिए पुष्टि करें। जिलाधिकारी विशाख जी. सुबह मोहनलालगंज तहसील पहुंचे और सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले तहसील दिवस में आए प्रकरणों का निस्तारण न सिर्फ शीघ्र करें बल्कि शिकायतकर्ताओं से फोन पर संपर्क कर फीडबैक भी लें। डीएम ने कहा कि जनता की संतुष्टि सर्वोपरि है, कोई भी शिकायत अधूरी नहीं छोड़ी जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि समाधान दिवस में केवल औपचारिकता न निभाई जाए। प्रत्येक विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि पिछली सुनवाई में निपटाए गए प्रकरणों का सत्यापन किया जाए और शिकायतकर्ता से यह जानकारी ली जाए कि समस्या वास्तव में सुलझी या नहीं। वहीं, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत सदर तहसील पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने राजस्व, पुलिस और विकास विभाग के अधिकारियों को बुलाकर मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण कराया।

**समाधान दिवस में पहुंचे डीएम और मंडलायुक्त दिए निर्देश**

## खबरें एक नजर में

### 251 बटुकों के सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का लिया संकल्प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति के बैनर तले उन्नाव जनपद के सुमेरपुर के छंछिराइखेड़ा स्थित एमजी कॉलेज ऑफ साइंस, आर्ट एंड कल्चर में चतुर्दश विश्व वैदिक सम्मेलन और सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह का आयोजन करेगा। समारोह आयोजन को लेकर शनिवार को राजधानी लखनऊ के डालीबाग में आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों के संदर्भ में व्यापक विचार –विमर्श किया गया। बैठक में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने बताया कि 1 नवंबर यानी प्रबोधिनी एकादशी के शुभ अवसर पर 251 बटुकों के सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि अनंत श्री विभूषित धर्म सम्राट स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती, महंत सिद्धेश्वर आनंद गिरी महाराज, जूना अखाड़ा बटुकों को आशीष प्रदान करेंगे। इस संबंध में बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए पूरे मनोयोग से काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर हिमांशु शेखर, भरत चतुर्वेदी, विकास मिश्र,सियाराम पांडेय शांत, शीबू निगम, आशीष वाजपेयी, जयद वाजपेयी, निरंकार मणि त्रिपाठी, नरेंद्र मिश्र, सुधांशु पुरी, आकाश त्रिवेदी, आकाश सिंह, अश्विनी त्रिवेदी, सुमित चौहान, मो.राशिद आदि उपस्थित रहे।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग, लाखों रुपए का सामान जला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बंथरा इलाके में शनिवार सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना कानपुर रोड किनारे स्थित बालाजी इलेक्ट्रॉनिक दुकान में हुई। दुकान मालिक वीरेंद्र गुप्ता रोज की तरह शुक्रवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे दुकान के पास रहने वाले लोगों ने शटर से धुआं निकलते देखा और वीरेंद्र को इसकी सूचना दी। वीरेंद्र ने जब दुकान का शटर खोला तो अंदर आग की तेज लपटें उठ रही थीं। आसपास के लोगों की मदद से बाल्टियों से पानी फेंककर आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सरोजनी नगर फायर स्टेशन से पहुंची एक दमकल गाड़ी ने कुछ देर में आग पर नियंत्रण पा लिया। सरोजनी नगर के एफएसओ धर्मपाल सिंह के अनुसार, शुरुआती जांच में आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दुकान मालिक वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस आगजनी में मरम्मत के लिए रखे ग्राहकों के सामान और नए स्टॉक सहित लगभग 6 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर नष्ट हो गया। वीरेंद्र गुप्ता की यह दुकान जुनाब गंज स्थित उनके घर से लगभग डेढ़ सौ मीटर दूर है।

### आईटीआई लखनऊ में कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में शनिवार को चौथे कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साइरस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के प्रमुख शैलेश श्रीवास्तव रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप चौहान ने की।समारोह का शुभारंभ संस्थान की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं के विवरण के साथ हुआ। प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप चौहान ने प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राजकीय आईटीआई अलीगंज गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में बेहतर रोजगार पा सकें और स्वरोजगार की दिशा में भी अग्रसर हों। मुख्य अतिथि शैलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज का युवा यदि सही दिशा में प्रशिक्षित हो, तो वह आत्मनिर्भर बन सकता है और देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। समारोह में सभी ट्रेड्स के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के सभी कार्यदेशक, अनुदेशक, कर्मचारी, प्रशिक्षार्थी एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### युवक का पेड़ से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के महिगंवा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। शनिवार सुबह भिखारीपुर गांव के पास इटौंजा कुम्हरांवा मार्ग पर ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान भिखारीपुर निवासी 26 वर्षीय महेंद्र यादव पुत्र रामनरेश यादव के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद घर में हंगामा मच गया। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई। परिजनों ने फोरेंसिक टीम बुलाने की मांग की। मृतक की मां ने बताया कि महेंद्र शुक्रवार रात करीब 8 बजे अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। मां ने आशंका जताई कि एक महीने पहले गांव के संजय, पप्पू, गुड्डू और बबलू से महेंद्र का झगड़ा हुआ था। परिजनों का आरोप है कि इन्हीं लोगों ने महेंद्र की हत्या कर शव पेड़ पर लटकाया है। पुलिस ने परिजनों को समझा–बुझाकर शव को पेड़ से नीचे उतारा। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों के आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

### आठ को बरेली होते हुए रामपुर जाएंगे अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बरेली में लाठीचार्ज की घटना के बाद समाजवादी पार्टी ने राजनीतिक मोर्चा संभाल लिया है। पार्टी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 8 अक्तूबर को बरेली होते हुए रामपुर जाएंगे, जहां वे रास्ते में लाठीचार्ज से प्रभावित मुस्लिम परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जानेंगे और घटना की जानकारी लेंगे। रामपुर में उनका पहले से तय कार्यक्रम है, जहां वे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां से मुलाकात करेंगे। अखिलेश यादव सड़क मार्ग से सीतापुर होते हुए रामपुर जाएंगे और रास्ते में बरेली में कुछ समय के लिए रुकेंगे। वहां वे पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। हालिया घटनाओं को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### अखिलेश का बरेली में प्रतिनिधिमंडल भेजना नौटंकी : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा डेलिगेशन को बरेली भेजने के फैसले को नौटंकी बताया है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सपा बहादुर अखिलेश यादव का बरेली में प्रतिनिधिमंडल भेजना नौटंकी और बचकाना कदम है। सपा की पहचान मुस्लिम तुष्टिकरण की गंदी राजनीति से है। विधानसभा चुनाव 2027 में सपा की दुर्दशा और सफाया होना तय है। यूपी दंगा मुक्त, सुशासन व कधनून व्यवस्था हमारी पहचान और उपलब्धि है। सपाइयों को यही रास नहीं आ रहा।

### हिस्ट्रीशीटर फांसी पर लटका, छत के कुंडे से झूलता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में एक व्यक्ति ने अपने घर में छत के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। यह घटना महोना नगर पंचायत के वार्ड संख्या 2 पूर्वी टोला की है। मृतक की पहचान लगभग 60 वर्षीय राम आसरे के रूप में हुई है। परिजनों ने शनिवार सुबह उन्हें छत के कुंडे से लटका हुआ पाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, राम आसरे के परिवार में उनकी पत्नी और दो विवाहित बेटियां हैं। उनका बेटा अरुण घटना वाले दिन अपनी बहन के घर गया हुआ था। बताया जा रहा है कि राम आसरे नशे के आदी थे। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। उन्होंने यह भी बताया कि राम आसरे इटौंजा थाना के हिस्ट्रीशीटर थे, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में उनकी किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता की जानकारी नहीं मिली थी।

**मुख्यमंत्री ने की नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा**

# ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में कदम उठा रही सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर उच्च स्तरीय बैठक में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लघु सिंचाई के कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिन्ता का विषय बन चुका है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में काफी किफायती है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न भागों में स्थानीय, बरसाती नदी-नालों में विभाग द्वारा 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्येक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता विकसित होती है। निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित हुई है। प्रत्येक वर्ष 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल उत्पन्न करने में सक्षम हुए हैं।वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है।

### सभी भवनों में अनिवार्य रूप से हो रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा

रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए यह कदम निर्णायक साबित होगा। 2017 तक प्रदेश में 82 अतिदोहित और 47 क्रिटिकल क्षेत्र थे। सतत् प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में 50 अतिदोहित और 45 क्रिटिकल क्षेत्र रह गए हैं, यह संतोषजनक स्थिति है। इस दिशा में और तेजी लाकर आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों को पूरी तरह सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास होना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे एक पेड़ माँ के नाम अभियान ने वृक्षारोपण को जनांदोलन का रूप दिया है, वैसे ही चेकडैम और तालाब निर्माण का कार्य भी सामूहिक प्रयासों से बड़े स्तर पर संचालित किया जाए। यह न केवल जल संकट से निपटने में सहायक होगा, बल्कि प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल के 16,610 तालाबों में से 1,343 तालाबों का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित हुई है।

### निजीकरण को लेकर उपभोक्ता परिषद की कॉरपोरेशन को खुली बहस की चुनौती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉरपोरेशन और राज्य सरकार को सार्वजनिक रूप से खुली बहस की चुनौती दी है। परिषद का कहना है कि यदि सरकार निष्पक्षता से निर्णय लेना चाहती है, तो एक स्वतंत्र उच्चस्तरीय समिति का गठन कर दोनों पक्षों दृ पावर कॉरपोरेशन और उपभोक्ता परिषद दृ के बीच एक सार्वजनिक बहस आयोजित की जाए। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को एक डिस्कॉम सुधार योजना का प्रस्ताव भी दिया गया था, लेकिन पावर कॉरपोरेशन ने उस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। यदि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली कंपनियों के संचालन को बेहतर करना चाहती है, तो परिषद ऐसी योजनाएं देने को तैयार है।

### सीएम से मिलीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित विशेष अभियान/कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. चौहान ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की मूर्ति भेंट कर मुख्यमंत्री को मंगलकामनाएं दीं।

### स्तनधारी जीवों के प्रति जागरूकता में दौड़ अहम भूमिका निभाएगी : जयवीर

**लखनऊ।** दुनिया भर में प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ग्लोबल मैमल बिग डे के अवसर पर ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में विशेष ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से किया जा रहा है। इस ईको रन का उद्देश्य सिर्फदौड़ना नहीं, बल्कि प्रकृति और स्तनधारी जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में ईको रन की शुरुआत 5 अक्टूबर की सुबह 7 बजे, गेट नंबर-2 से शुरू होगी। दौड़ में संरक्षणवादियों, शिक्षाविदों, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों, फिटनेस उत्साही लोगों एवं सामान्य जनमानस की भागीदारी रहेगी।

# बलिदान की स्मृति ही स्वतंत्रता की चेतना : डॉ. राजेश्वर

**सिंध के गौरव, अमर क्रांतिकारी हेमू कालाणी की प्रतिमा का अनावरण**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. व्राजेश्वर सिंह ने शनिवार को एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड स्थित हेमू कालाणी चौक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद हेमू कालाणी की भव्य कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

यही नहीं पूर्व में 'स्प्रिंगडेल चौराहा' के नाम से प्रसिद्ध लोकबन्धु चिकित्सालय के निकट स्थित इस चौक का सौंदर्यीकरण भी विधायक निधि से कराया गया। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। पूरा वातावरण भारत माता की जय और हेमू कालाणी अमर रहें के नारों से गूंज उठा।

डॉ.राजेश्वर ने कहा कि वीरता को नमन करना चाहिए, बलिदान को नमन करना चाहिए। जिन महान आत्माओं ने स्वयं से पहले राष्ट्र और समाज के बारे में सोचा, वे ही हमारे लिए प्रेरणास्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि 19 वर्ष की आयु में हेमू कालाणी को फांसी दी गई थी, क्योंकि उन्होंने अंग्रेजों की हथियारों से भरी ट्रेन को बलोचिस्तान पहुँचने से रोकने के लिए पटरी उखाड़ने का साहसिक प्रयास किया था। उन्होंने अत्याचारों की असीम यातनाएँ सहने के बावजूद उन्होंने अपने साथियों के नाम नहीं बताए और हँसते-हँसते माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए फांसी पर झूल गए। डॉ.सिंह ने कहा कि यह आज़ादी हमें सहजता से नहीं मिली, खुदीराम बोस, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे युवाओं ने 18 से 23 वर्ष की उम्र में बलिदान देकर हमें यह स्वाधीनता दिलाई।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने महाकुंभ 2025 पर आधारित पुस्तकों के चार खंडों का किया विमोचन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय आशियाना लखनऊ में प्रयागराज में महाकुंभ 2025 पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी से संबंधित पुस्तकों के चार खंडों का विमोचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। शिक्षक केवल कक्षा अध्यापन तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना भी विकसित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाने के संदेश की सराहना करते हुए विदेशी वस्तुओं का परित्याग करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुमन गुप्ता ने स्वागत वक्तव्य में महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

### क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय शनिवार को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने सर्वप्रथम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने समीक्षा बैठक कर उच्च शिक्षा की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने पर बल दिया।बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रहित से जुड़ी प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध ढंग से विद्यार्थियों तक पहुँचे तथा शिक्षण संस्थानों में अनुशासन, सुचारु परीक्षा प्रणाली और शोध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही इस कार्यालय भवन का निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के कार्यों के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढाँचा उपलब्ध हो सके।

### हर बेटी सुरक्षित, हर बेटी जागरूक : लीना जौहरी

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपदों में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन 3 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह थीम के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा और व्यक्तिगत संरक्षण से जुडे विषयों पर जागरूक करना है।आज के कार्यक्रमों में जनपद, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर कार्यशालाएँ और छोटे सूहों में सत्र आयोजित किये गये, जिनमें बालिकाओं और महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा से जुडे अधिकारों, उपायों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालयों में विशेष रूप से सत्रों का आयोजन किया गया।

# सुचारु व पारदर्शी तरीके से संचालित होंगे ग्रामीण हाट : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण हाटों के संचालन एवं रखरखाव से सम्बन्धित सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीण हाटों के आवंटन मे स्वयं सहायता समूहो को प्राथमिकता दी जाय, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम होगा।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मनरेगा योजनान्तर्गत संचालित ग्रामीण हाटों के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारियों को भेजे गये पत्र मे कहा गया है कि ग्रामीण हाट के संचालन एवं स्थल चयन हेतु खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव की संयुक्त समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा हाट स्थल का चयन एवं संचालन सम्बन्धी सभी कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे।गांव के सबसे गरीब एवं बाजार लगाने के इच्छुक निवासियों को हाट में दुकान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को भी प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।हाट संचालन से प्राप्त किराये की आय ग्राम पंचायत के खाते में सुरक्षित रखी जाएगी तथा उक्त आय का उपयोग हाट की संरचना के रखरखाव, सुरक्षा एवं विकास कार्यों में किया जाएगा।

### 200 साल पुराने पीपल वृक्ष-मंदिर पर कब्जा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंसल सेक्टर ए-1 में लगभग 200 साल पुराना पीपल का वृक्ष और उससे लगा मंदिर भूमाफियाओं के निशाने पर है। ग्रामीण इस प्राचीन स्थल को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इस पीपल वृक्ष पर ग्राम देवता और पीपल ब्रह्म देवता का वास है। यहां मां भगवती, हनुमानजी और महादेवजी का शिवलिंग सहित कई मूर्तियां स्थापित हैं, जिनकी पूजा-अर्चना पीढ़ियों से की जा रही है। नव भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ज्ञान प्रसाद साहू ने उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर इस प्राचीन मंदिर को भूमाफियाओं से बचाने की अपील की है।

संबोधन

**निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा**

# यूपी व बिहार दोनों राज्यों में मछुआ समाज के साथ हो रहा अन्याय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा, बिहार और यूपी की मिट्टी, संस्कृति और संवेदना एक है, मछुआ समाज के अधिकार की लड़ाई दोनों राज्यों में समान रूप से लड़ी जाएगी। हम सब मिलकर समाज को सम्मान और अधिकार दिलाएंगे। वह दिन दूर नहीं जब संसद, विधानसभाओं में समाज की आवाज गूंजेगी आरक्षण हमारा अधिकार है, भीख नहीं।

पटना सर्किट हाउस में मीडिया से मुखातिब उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि बिहार की यह पवित्र धरती हमारे लिए तीर्थ समान है। यहाँ की नदियाँ गंगा, सोन, गंडक और सरयू केवल जलधारा नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवनधारा हैं। इन नदियों ने उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ा है। दोनों राज्यों की मिट्टी, भाषा, परंपरा और संस्कृति एक ही है, इसलिए कहा जाता है कि बिहार और उत्तर प्रदेश में रोटी-बेटी का रिश्ता है। मंत्री ने कहा कि निषाद, मछुआ, केवट, मल्लाह, बिन्द, तुरैहा, कहार, गोंड चाहे किसी भी नाम से पुकारे जाएँ, हम सब एक ही समाज के लोग हैं जिन्होंने सदियों से इस देश की नदियों, तालाबों और जलाशयों से जीवन यापन किया है।

परंतु आज भी यह समाज संवैधानिक अधिकार अनुसूचित जाति के दर्जे और आरक्षण से वंचित है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों राज्यों में मछुआ समाज के साथ अन्याय हो रहा है। हम मेहनत करते हैं, मछली पालते हैं, देश को भोजन देते हैं, लेकिन अपने अधिकारों से वंचित हैं। यह अन्याय अब और नहीं चलेगा।

### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आरक्षण की मांग पर एक मंच पर आएं

यह संघर्ष केवल किसी राज्य या पार्टी का नहीं बल्कि पूरे देश के मछुआ समाज का है। उन्होंने सभी निषाद समाज के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और संगठनों से आह्वान किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आरक्षण की माँग पर एक मंच पर आएँ। उत्तर प्रदेश में केंद्र एवं राज्य सरकारों ने मत्स्यपालन के क्षेत्र में मछुआ समाज के विकास के लिए प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट योजना, माता सुकेता केज कल्चर, सघन मत्स्य पालन हेतु एरियेशन, मोपेड विथ आइस बॉक्स, ग्राम समाज तालाब पट्टा, एनएफडीबी पंजीकरण, सहकारी समितियों का गठन एवं पंजीकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी कई योजनाएँ चलाई हैं, जिनसे मछुआ समाज को लाभ मिल रहा है। परंतु उन्होंने यह भी कहा कि जब तक समाज को संवैधानिक हक आरक्षण नहीं मिलेगा, तब तक हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकेगा।

उत्तर प्रदेश में जिस तरह निषाद पार्टी समाज के अधिकार के लिए संघर्ष कर रही है, वही लड़ाई अब बिहार के मछुआ समाज के लिए भी लड़ी जाएगी। गंगा, सरयू, सोन और गंडक के इस पार आप हैं, उस पार हम हैं, लेकिन हमारा दिल, हमारी आत्मा और हमारा उद्देश्य एक है।

# 101 प्रार्थना पत्रों में मौके पर पांच का निस्तारण

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध करें निस्तारित : जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज

**मनकापुर/गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 101 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।



संपूर्ण समाधान मनकापुर में 101 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से मात्र पांच शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।



इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार बभनी पायर मनकापुर चंदन जयसवाल, नायब तहसीलदार मनकापुर अनिल कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीओ अजय प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, खंड विकास अधिकारी मनकापुर, छपिया, बभनजोत, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जीएसटी दर घटने पर व्यापारियों की हुई बैठक

समृद्धि न्यूज

**बेलसर/गोंडा।** नगर पंचायत बेलसर विधानसभा तरबगंज में नई जीएसटी दर घटने पर व्यापारियों की एक बैठक नगर पंचायत बेलसर बाबा मैरिज हाल में आयोजित की गई बैठक में घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार सांसद करणभूषण शरण में बैठक को संबोधित करते हुए कहा की नई जीएसटी घटने से आम जनमानस को बहुत बड़ा राहत मिला है।

बैठक के मुख्य अतिथि कैसरगंज लोकसभा सांसद करन भूषण शरण सिंह, तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे जी जिला पंचायत अध्यक्ष गोण्डा घनश्याम मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, शिवनाथ गुप्ता भोजवाल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी, ब्लॉक प्रमुख बेलसर राजेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू जी जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुपम प्रकाश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश राय चंदानी अजीत सिंह जी पूर्व ब्लॉक प्रमुख बेलसर, कृष्णपाल सिंह, अध्यक्ष भूमि विकास बैंक ,सुरेश शुक्ला प्रधान तारा





रविंद्र पांडे जिला पंचायत सदस्य सीपी सिंह जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह जिला मंत्री भाजपा सुरेंद्र सिंह राहुल सिंह अधिवक्ता जीएसटी रंजजन सिंह बाबा पूर्व प्रधान बेलसर मंडल अध्यक्ष बेलसर राकेश भारती मंडल महामंत्री विजय दुबे जी देवदत्त तिवारी जी अजय प्रताप सिंह राहुल व्यापार मंडल महामंत्री राम कुमार कसौधन व्यापार मंडल अध्यक्ष निखिल सिंह दीपक गुप्ता भोजवाल अजय कसौधन आशीष कसौधन अतुल कसौधन लालू यादव क्षेत्र के सभी प्रधान गण, बीडीसी, सभासद, नगर पंचायत बेलसर के समस्त व्यापारी बैठक में मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय भकुरहा को चोरों ने बनाया निशाना



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतापुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय भकुरहा में शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने दस्तक दी। रसोई घर का ताला तोड़कर माध्यांह भोजन निर्माण में प्रयुक्त होने वाले बर्तन जैसे जंगाल, तसला, कढ़ाई, कुकर, तावा, कटोरी स्टील, चम्मच, थाली, चमचा, इमाम दस्ता, कुड़ादान, बड़ा भगोना, सरसों का तेल आदि चोर चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह करीब आठ बजे अध्यापक विद्यालय पहुंचे तो जानकारी हुई। तत्काल सूचना डायल 112 पर दी। सहायक अध्यापक ज़किया परवीन ने थाने पहुंच लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। ज्ञात हो कि बसंतापुर ग्राम पंचायत के अलग अलग विद्यालयों में बीते डेढ़ माह में छः चोरियां हुई हैं। थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

मोतीपुर तहसील में छात्राएं बनीं एक दिन की अधिकारी

### मिशन शक्ति के तहत मिला महत्वपूर्ण पदों का प्रभार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर तहसील में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को एक दिन के लिए महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों का प्रभार सौंपा गया। शासन के निर्देशानुसार इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। इस दौरान बीएससी प्रथम सत्र की छात्रा सावित्री को उपजिलाधिकारी मिहीपुरवा बनाया गया। वहीं, निशा को तहसीलदार और निशा कुमारी को नायब तहसीलदार का पदभार दिया गया। ये सभी छात्राएं सर्वोदय डिग्री कॉलेज की थीं। एक दिन की उपजिलाधिकारी बनीं सावित्री ने जन सुनवाई की और कई मामलों का निस्तारण भी किया। उन्होंने इस अवसर को अपने लिए गौरवपूर्ण बताया और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गुलाल पड़ने से नाराज युवक ने फेंका खौलता चूना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रूपईडीहा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान एक युवक ने खौलता चूना फेंक दिया। गुलाल पड़ने से नाराज युवक के इस कृत्य से एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद लोगों ने प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया। यह घटना रूपईडीहा थाना क्षेत्र के सुमेरपुर गांव में हुई। गांव से दुर्गा प्रतिमा की शोभायात्रा निकल रही थी और लोग अबीर उड़ाते हुए चल रहे थे। इसी दौरान, गुलाल हाकिम शफीक नामक व्यक्ति पर पड़ गया। इससे नाराज होकर हाकिम शफीक ने जुलूस पर खौलता हुआ चूना फेंक दिया, जिससे एक महिला चोटिल हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने विसर्जन जुलूस रोककर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद विसर्जन जुलूस आगे बढ़ा। गांव में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।



### सजा काट रहे 25 कैदी भेजे गए नैनी जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा जेल में बंद 27 सजाफता कैदी में 25 पुरुष कैदी को नैनी जेल स्थानांतरण कर दिया गया। दो महिला कैदी को नारी बंदी निकेतन जेल लखनऊ भेजा गया है। जेलर आफताब अहमद अंसारी ने बताया कि 27 कैदी जो विभिन्न मामलों में विचाराधीन थे। जिनको न्यायालय ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। ऐसे कैदियों को यहां से स्थानांतरण कर दिया गया । पहले सजाफता कैदी बनारस जेल भेजे जाते थे। अब की बार वहां कैदियों की संख्या अधिक होने की वजह से बनारस जेल ने नहीं लिया।

# प्रत्येक सोमवार मंडल मुख्यालय पर होगा शक्ति संवाद, महिलाओं की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में देवीपाटन मंडल में एक नई पहल की शुरुआत की गई है।

आयुक्त ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना और उनका समाधान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से यह विशेष कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मंडल मुख्यालय पर शक्ति संवाद का आयोजन होगा, जिसमें महिलाओं और बच्चों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि समस्याओं की सुनवाई महिला अधिकारियों द्वारा भी की जाएगी।

इसके लिए महिला अधिकारियों को नामित किया गया है, जो पीड़ित पक्ष की बात ध्यानपूर्वक सुनेंगी और तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए कदम उठाएंगी। आवश्यकता पड़ने पर उसी दिन संबंधित अधिकारी या जांच टीम को मौके पर भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाएगी ताकि किसी भी समस्या के निराकरण में देरी न हो।

महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु महिला हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी। साथ ही दूरभाष, मोबाइल कॉल और व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से भी शिकायतें प्राप्त की जाएंगी। आयुक्त ने कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि महिलाओं का विश्वास बढ़े और उन्हें न्याय तुरंत मिल सके।

### क्या फिर से यात्रियों के लिए रेलवे प्रशासन चलाएगा गोंडा से लखनऊ तक पैसेंजर ट्रेन

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोंडा।** कोविड से पहले रेलवे प्रशासन के द्वारा यात्रियों के सुविधा के लिए पैसेंजर ट्रेन चलाया जाता था और उसके टिकट की कीमत थी मात्र 20 जितने भी पढ़ने वाले छात्र या गरीब किस्म के यात्री होते थे वह इस ट्रेन का लाभ लेते थे किंतु जब कॉविड महामारी आई तो रेल प्रशासन ने बहुत सारी ट्रेनों को बंद कर दिया जिसमें से एक यह पैसेंजर ट्रेन भी थी इसकी सबसे बड़ी खूबी यह थी सुबह लगभग 5.30 बजे गोंडा से चलती थी और 10.30 बजे लखनऊ पहुंचा देती थी ऐसे में चाहे व्यापारी किस्म के लोग हूं या छात्र सभी समय से लखनऊ पहुंच जाते थे फिर काम धंधा कर कर शाम को पुन्ह पैसेंजर ट्रेन पड़कर गोंडा पहुंच जाते थे किंतु इस महामारी ने और ट्रेनों को तो बाद में बहाल कर दिया गया किंतु पैसेंजर ट्रेन को आज तक नहीं चलाया गया लोगों का यहां तक कहना है कि अब तो रेलवे सरकार नहीं बनिया हो गई है इस कारण वह अपना सिर्फ और सिर्फ फायदा ही देखती हैं।

### वन्य प्राणी सप्ताह के चौथे दिन आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**बहराइच।** वन्य प्राणी सप्ताह÷ के चौथे दिन फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से टिकोरा मोड़ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कतर्नियाघाट एवं वन एवं वन्य जीवों पर आधारित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के अध्यक्ष बी डी लखमानी ने स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के क्षेत्रफल, जैविक विविधता व वन्य जीवों के बारे में बताया। उन्होंने स्कूली बच्चों को वन एवं जलीय जीवों के 30 चित्र दिखाकर उनके बारे में रोचक जानकारी दी और स्कूली बच्चों को बाघ एवं तेंदुआ, चीतल और बारहसिंघा, घड़ियाल एवं मगरमच्छ में अंतर समझाया। अंत में बच्चों को देश के राष्ट्रीय पशु बाघों की गणना कैसे की जाती है कि जानकारी देकर वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर राजीव सिन्हा, इंदु गौतम, प्रधानाध्यापक उदय शंकर त्रिपाठी, शमा परवीन, संध्या शुक्ला, अर्चना भारती, शिखा त्रिपाठी, रिंकू यादव,जुनेद अहमद उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति : मोक्षद्वार इंटर कॉलेज में गूंजी महिला सशक्तिकरण की हुंकार



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के मोक्षद्वार इंटर कॉलेज, कुरसहा में शनिवार को मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के तहत एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को अपराध से बचाव के गुर सिखाए गए तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर व जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

टीम ने महिलाओं से कहा अब डरने की नहीं, हक़ के लिए लड़ने की बारी है। साथ ही उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 और साइबर अपराध के लिए 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबर हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। कन्या सुमंगला योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान भारत और उज्जवला योजना जैसी लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस विशेष अभियान में उपनिरीक्षक उदय प्रताप, महिला आरक्षी प्रियंका यादव, स्नेहा द्विवेदी तथा कांस्टेबल योगेंद्र पाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने महिलाओं-बालिकाओं से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि पुलिस और सरकार उनकी सुरक्षा की ढाल बनकर सदैव साथ खड़ी है।

# रंजीतपुर में आयोजित हुआ पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम




समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन चाइल्ड हेल्पलाइन के द्वारा मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रमों के अंतर्गत किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच एवं महिला महाविद्यालय बहराइच द्वारा ग्राम पंचायत रंजीतपुर में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चाइल्डलाइन की अर्चना मिश्रा ने बच्चियों को महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 112 तथा डॉ सुधा शुक्ला द्वारा बालिकाओं को सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम का संयमित प्रयोग करने की सलाह दी। जेंडर स्पेशलिस्ट नीलम शुक्ला द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए बालिकाओं को जागरूक करते हुए अपेक्षा की गई कि अपने आसपास बाल विवाह न होने दे अगर कहीं हो रहा हो तो पुलिस को तुरंत सुचित करें या हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें। उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, ,बाल सेवा योजना, निराश्रित पेंशन योजना, चाइल्ड लाइन 1098, के बारे में जानकारी दी तथा वन स्टाफ सेंटर के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में डॉ तस्नीम फातिमा, डॉ डिंपल जैन, डॉ. अंजनी शुक्ला, जिला प्रोबेशन कार्यालय के चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मचारी अर्चना मिश्रा, अवधेश मिश्रा तथा बड़ी संख्या में बालिकाएं मौजूद रहीं।

# वन्य जीव हमले में मृतक वृद्ध दंपत्ति के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री

दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है : सूर्य प्रताप शाही

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उच्चापाही (भिरगूपुरवा), ग्राम मझारा तौकली पहुंच कर पिछले दिनों वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर मृतक दम्पत्ति के पुत्र छब्बर व ओमप्रकाश से भेंट कर हार्दिक सांत्वना व्यक्त की तथा अनुमन्य अहेतुक सहायता (प्रति मृतक रू. पांच-पांच लाख) का स्वीकृति पत्र भेंट किया। प्रभारी मंत्री ने कहा की इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है।



प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने पंचायत भवन मंझारा तौकली में संचालित किये जा रहे अस्थायी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं तथा एण्टी रेबीज़ इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर औषधि का वितरण कराया जाय। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव से हिसंक वन्यजीवों के रेस्क्यू के सम्बन्ध में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि प्रभारी कार्यवाही करते हुए प्रभावित ग्रामों को हिंसक वन्यजीवों की समस्या से मुक्त कराया जाय।



इस अवसर पर पूर्व प्रमुख मुन्ना व विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, तहसीलदार मीना गौड़, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# रामप्रकाश बाबा के पुजारी सहित चार लोगों पर हमला

पुलिस 11 लोगों को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** पयागपुर - हुजूरपुर रोड पर काँधीकुइयां के पास स्थित रेलवे क्रासिंग पर लगे जाम के दौरान एक जयलो कार और मोटर साइकिल सवार के बीच हुई टक्कर के बाद कार सवार लोगो ने फरसे से हमला कर दिया जिससे चार लोगों को चोटे आई है, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगो को शांत कराते हुए 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कांधीकुईयां निवासी



कृष्ण कुमार तिवारी उर्फ मन्नने बापी अपने बुलेट मोटर साइकिल पर सवार खड़े थे इसी दौरान एक जाइलो कार ने टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार गिर पड़े। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी शुरू हो गई। जो जल्द मारपीट मे बदल गया।

आरोप है कि जाइलो कार सवार लोगों ने फरसा और त्रिशूल से हमला कर दिया जिसमें चार लोगों को चोटे आई है। जिसमें शंकर उम्र 30वर्ष, रवि उम्र 25 वर्ष, राज उम्र 18 वर्ष, कृष्ण कुमार उम्र 50वर्ष, लोगो को गंभीर चोट आई है। जिन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा है, पुलिस ने कृष्ण कुमार की तहरीर पर 11 अज्ञात के विरूद्ध मामला पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को शस्त्र सहित हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घायल शंकर कांधीकुईयां स्थित राम प्रकाश मंदिर के पुजारी है वहीं सभी गिरफ्तार आरोपी श्वेत वस्त्रधारी सनातन धर्म प्रचारक बताए जा रहे हैं फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से जुड़े तथ्यों पर जांच कर रही है थानाध्यक्ष मिथिलेश राय ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है और सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### दुर्गा प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकली, सरयू तट पर शनिवार सुबह तक हुआ विसर्जन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शारदीय नवरात्रि के समापन पर शुक्रवार देर शाम मां दुर्गा की लगभग 200 प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सरयू तट पर पहुंची, जहां शनिवार सुबह तक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और जुलूस मार्ग की ड्रोन से निगरानी की गई। नगर के काजीकटरा, गुदड़ी, लोहिया चौराहा, वजीरबाग और पानी टंकी सहित अन्य क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए शामिल हुए। यह यात्रा छावनी चौराहा, घंटाघर, पीपल तिराहा, गुदड़ी, काजीपुरा और बसीरगंज से होकर झींगा घाट स्थित सरयू तट पर पहुंची। विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पूरे मार्ग पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई।

ज्ञापन

महामना मालवीय मिशन व भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में चल रहा है जन जागरण अभियान

# विषमुक्त खेती-नशामुक्त गांव के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** कृषि मंत्री प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही के जनपद में आगमन पर महामना मालवीय मिशन व भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में संगठन द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान विषमुक्त खेती-नशामुक्त गांव को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन कराने के लिए हस्ताक्षर युक्त सामूहिक ज्ञापन दिया गया।

महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट (प्रदेश संयोजक किसान परिषद) ने कृषि मंत्री को अवगत कराया कि खेती किसानी में धड़ल्ले से रासायनिक उर्वरकों तथा कीट नाशक रासायनिक दवाइयों का उपयोग किया जा रहा है जिसके चलते खेती योग जमीन बांझ हो रही है मित्र कीट भी नष्ट हो रहे हैं। कृषि उत्पादकता पर भी असर पड़ रहा है। रसायन युक्त खाद्यान्न पदार्थों का



उपयोग करने से मानव जीवन में नित नई नई घातक बीमारियां भी बढ़ रही हैं अब मानव जीवन सुरक्षित नहीं रह गया है। मालवीय मिशन व किसान परिषद प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री से आग्रह किया कि कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र से सम्बद्ध कर्मचारी , अधिकारी व वैज्ञानिकों के माध्यम से लगातार जन जागरण अभियान चलाकर रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाईयों के दुष्प्रभावों से आमजन को अवगत कराया जाए तथा किसानों को बेहतर विकल्प कंपोस्ट खाद , गोबर खाद, नीम की खली व जैविक खाद्य उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाए ताकि धरती हरीभरी रहकर पर्यावरण मानव जीवन के अनुकूल बना रह सके। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से किसान परिषद जिला संयोजक महेंद्र सिंह सेंगर, जिला मंत्री योगाचार्य सुशील बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जय चंद सोनी एडवोकेट, नानपारा संयोजक शिव पूजन सिंह, अध्यक्ष केशव पाण्डेय, गायत्री चेतना केंद्र प्रबंधक प्राचार्य आर पी एन श्रीवास्तव, पर्यावरण विद प्रेम चंद व समाजसेवी ई राधेश्याम श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे। कृषि मंत्री ने विष मुक्त खेती नशामुक्त अभियान को गति दे रहे आयोजकों को साधुवाद दिया तथा रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक औषधियों पर विराम लगाए जाने हेतु आश्वस्त किया।

### जिले में ड्राइविंग माई ड्रीम्स इवेंट शुरु, सशक्त बनाना उद्देश्य



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत ड्राइविंग माई ड्रीम्स मेगा इवेंट का शुभारंभ किया गया है। इस पहल के अंतर्गत 100 बालिकाओं और वयस्क महिलाओं को फ्री ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत 3 से 11 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश भर में किया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में इस मेगा इवेंट का उद्घाटन हुआ। विशाल मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से 100 बालिकाओं और वयस्क महिलाओं का पंजीकरण किया गया है, जिन्हें कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, किसान पीजी कॉलेज के व्याख्याता अंजनी कुमार शुक्ला और डॉ. मधु शुक्ला, विशाल मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के संस्थापक नीरज शर्मा, तथा महिला कल्याण विभाग की टीम से नीलम शुक्ला, मनीष कुमार यादव, अर्चना मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अर्जुन प्रसाद और लक्ष्मीकांत शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : डीएम

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सरेनी विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।



- डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें आयी, 08 का हुआ तत्काल निस्तारण

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 15, पुलिस 09, विकास 07, समाज कल्याण 03 एवं अन्य 13 कुल 47 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 08 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एडीएम वित्त व राजस्व अमृता सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- 40 शिकायती पत्रों में पांच का हुआ निपटारा



**महराजगंज रायबरेली।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें पांच का निस्तारण मौके पर किया गया महराजगंज तहसील में एडीएम वित्त व राजस्व अमृता सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।जिसमें राजस्व विभाग से 17 शिकायती पत्र पुलिस विभाग के 11 शिकायती पत्र विकास से संबंधित एक अन्य 11 शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आए। जिसमें पांच शिकायतों का अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण कर दिया गया।अन्य शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात अधिकारियों द्वारा कही गई। इस मौके पर एसडीएम गौतम सिंह तहसीलदार मंजुला मिश्रा सीओ प्रदीप कुमार महराजगंज बीडीओ वर्षा सिंह बछरावां बीडीओ शिव बहादुर सिंह अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी फरियाद

**डलमऊ रायबरेली।** शनिवार को डलमऊ तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ सीडीओ अर्पित उपाध्याय व तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी की अध्यक्षता जनता की शिकायतों को सुना गया संपूर्ण समाधान दिवस में किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जगतपुर बरदरा की गाटा संख्या 206 खतौनी में खलिहान दर्ज है जिस पर प्रधान के द्वारा खड़ंजा निर्माण कराया जा रहा था ग्रामीणों की शिकायत पर एडीएम के आदेश पर रोक लगा दिया गया लेकिन कानूनगो और लेखपाल की मिली भगत से खड़ंजा निर्माण कार्य समय से समय करा दिया गया जबकि आईजीआरएस द्वारा मांगी गई सूचनाओं में खड़ंजा निर्माण बंद दिखाया गया और उसका पैसा भी निकाल लिया गया जो अनुचित है संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 शिकायतें आयी जिसमें 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया बाकी बची शिकायतों का जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए सीडीओ अर्पित उपाध्याय, तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरदोई मेले में उमड़ा जन सैलाब

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



- रावण दहन, रामलीला का मंचन, दंगल सहित तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, दो दिवसीय मेले में पहुंचे लाखों लोग

तहसील क्षेत्र के हरदोई ग्राम पंचायत के हरदोई चौराहे पर विजयदशमी पर लगने वाला मेला जन सैलाब के सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है जहां एक ओर इसे महराजगंज तहसील का महाकुंभ कहा जाता है तो वहीं दूसरी ओर भारतीय संस्कृति से भी युवा पीढ़ी को परिचित कराता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम शंकर चौधरी के पुत्र दीपू चौधरी ने बताया कि यह मेला कई सौ वर्षों से लगता चला आ रहा है क्षेत्रीय जनता जहां रावण दहन रामलीला दंगल का आनंद लेती है तो वहीं मेले में जमकर खरीददारी भी करती है।

उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन रामलीला का मंचन किया गया और रावण दहन किया गया जिसे लाखों लोगों ने देखा उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक पसंद की जाने वाली नौटंकी का आयोजन किया गया 3 अक्टूबर को विशाल दंगल का आयोजन हुआ। इस मौके पर कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी दिलीप चौधरी अरविंद आदित्य चौधरी बंटी सहित लाखों लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बसपा के वरिष्ठ नेता की पत्नी का निधन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक भारतीय की पत्नी का निधन हो गया उनके निधन की सूचना जैसे ही कस्बे सहित क्षेत्र वासियों को हुई उनके आवास पर ढ़ाढस बंधाने वालों का तांता लग गया। अशोक कुमार भारतीय बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता के तौर पर रायबरेली जिले में जाने और पहचाने जाते हैं वही महराजगंज नगर के वार्ड नंबर दो शांति नगर में इनका निवास है जहां परिवार सहित रहते हैं शनिवार सुबह 5 व 6 बजे के बीच कृष्णा देवी पत्नी अशोक कुमार भारतीय का निधन हो गया ।उनके शव का अंतिम संस्कार अशोक भारतीय के पैतृक गांव अमावा विकासखंड के सोथी में किया गया। इस मौके पर बसपा जिला अध्यक्ष रत्नेश चौधरी चेयरमैन प्रतिनिधि महराजगंज प्रभात साहू पूर्व बछरावां विधानसभा विधायक राजाराम त्यागी वर्तमान विधायक बछरावां विधानसभा श्याम सुंदर भारतीय पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा लाजवंती कुरील विधानसभा अध्यक्ष बसपा रामबरन पासी संतोष कुमार द्वारिका सिंह विजय वर्मा श्याम सुंदर मौर्य प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज ब्लाक अध्यक्ष विनोद अवस्थी फिरोज अहमद मन्नू चौरासिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शारदा नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में बहता मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**भदोखर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को फिर सनसनी फैल गई, जब भदोखर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास शारदा नहर में एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ देखा गया। शव को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई। सूचना मिलते ही भदोखर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालने के प्रयास शुरू किए, मगर तेज बहाव के कारण दिक्कतें आईं। फिलहाल शव की शिनाख्त की कोशिशें की जा रही हैं। पुलिस का कहना है कि शव संभवतः दूर से बहकर आया हो सकता है, हालांकि हत्या की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा। लगातार हो रही संदिग्ध मौतों से जिले में भय का माहौल है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह साफ होगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए युवक का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रात्रि मेंब अचानक गायब हुए युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार सुबह 8:00 बजे रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में कटा हुआ एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। जिसकी पहचान नीम टीकर गांव निवासी रमेश कुमार पुत्र राम सिंह के रूप में की गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी प्राप्त हुई है, कि युवक मानसिक रूप से विछिप्त बताया जा रहा है। जो रात्रि में अचानक घर से गायब हो गया था। परिजनों के द्वारा जानकारी होने पर युवक की खोज बीन लगातार की जा रही थी। सुबह होने पर ग्रामीण जब रेलवे ट्रैक की तरफ पहुंचे तभी युवक कटा हुआ किनारे पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा युवक की पहचान कर उनके परिजनों को दी गई। थाना अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया है, कि हो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

### श्री राम दुलार द्विवेदी मेधा चयन व गीता ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न



**अमेठी समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड भादर के अंतर्गत विगत 11वर्ष से लगातार आयोजित हो रही प्रतियोगिता इस वर्ष भी श्री राम दुलार द्विवेदी मेधा चयन एवं गीता ज्ञान प्रतियोगिता घूरे का पुरवा, सिंगठी, अयोध्या नगर बाजार भादर में आयोजित की गई। इस परीक्षा का आयोजन प्रसिद्ध व्यवसायी रमेश द्विवेदी के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस परीक्षा में अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ के 28 विद्यालयों के 280 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा के प्रभारी अंबिका प्रसाद पांडेय, सह संयोजक ज्ञानचंद पांडेय, आचार्य अंकित राज उपाध्याय, लवकुश यादव, सूरज यादव, दीपू मौर्य, राजू यादव, सुरेंद्र पांडेय, कपिल द्विवेदी, अंकित यादव ,विजय यादव, सचिन यादव, अंकिता सिंह, दीक्षा उपाध्याय कपिल द्विवेदी, देवराज उपाध्याय सेजल तिवारी आदि के सहयोग से परीक्षा संपन्न हुई । परीक्षा परिणाम आने पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम रविवार को संपन्न होगा। परीक्षा समाप्त होने के पश्चात व्यवसायी रमेश द्विवेदी के द्वारा सभी 280 बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूल बैग दिया गया व भोजन की व्यवस्था की गई।

## पौधा रोपित कर मनाया जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का दिया अनोखा संदेश



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जहाँ आजकल जन्मदिन का मतलब केक, पार्टी और मौज-मस्ती होता है, वहीं रायबरेली जिले के डलमऊ कस्बे के एक नवयुवक ने इस दिन को पर्यावरण के नाम समर्पित कर एक मिसाल पेश की है। डॉ. आयुष्मान वैश्य ने अपने जन्मदिन पर कोई केक नहीं काटा, न ही किसी भव्य आयोजन की योजना बनाई। इसके बजाय उन्होंने वृक्षारोपण कर अपना दिन मनाया और समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। उन्होंने स्थानीय क्षेत्र में आम, पीपल, नीम और अन्य छायादार व फलदार पौधे लगाए। ष्ठह्र× आयुष्मान ने इस प्रेरणा का श्रेय अपने चाचा श्री राजेन्द्र वैश्य को दिया, जो स्वयं पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद गंभीर हैं। राजेन्द्र वैश्य हर वर्ष लगभग 400 पौधे लगाते हैं और उनका संरक्षण भी पूरी निष्ठा से करते हैं। उनका मानना है कि वृक्ष लगाना केवल एक कार्य नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक जिम्मेदारी है। डॉ आयुष्मान के इस सराहनीय कार्य की स्थानीय लोगों ने भी खुलकर प्रशंसा की। कई युवाओं ने इसे एक प्रेरणा मानते हुए आगे आने वाले समय में अपने-अपने विशेष अवसरों पर पौधे लगाने का संकल्प लिया। आयुष्मान वैश्य और उनके चाचा राजेन्द्र वैश्य जैसे लोग हमें यह याद दिलाते हैं कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते है बस जरूरत है एक सकारात्मक सोच और सच्ची नीयत की।

## 50 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को सुबह लगभग 4 बजे जनपद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पुलिस और 50 हजार के इनामी बदमाश मनीष यादव उर्फ मंटू के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में मनीष के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेमा बाजार के पास देर रात एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी कर रही थी।

इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि 50 हजार का इनामी बदमाश



मनीष यादव इसी रास्ते से आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर बाद मनीष मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन खुद को घिरता देख उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक गोली मनीष के बाएं पैर में जा लगी और वह मौके पर घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने तुरंत उसे दबोच लिया और जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। गिरफ्तार मनीष यादव उर्फ मंटू चंदौली जिले का रहने वाला है। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित आधा दर्जन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं।

पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने मनीष के पास से एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और उसकी मोटरसाइकिल बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लंबे समय से फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उससे पूछताछ जारी है। उसके आपराधिक क्रियाकलापों की भी जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सम्मानित किए गए आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय पोषण माह एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विकास खंड कार्यालय, अमेठी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 6 वर्ष पूर्ण कर चुके आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा की मजबूत नींव रखने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। खंड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह चौहान ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे प्राइमरी विद्यालय में दाखिले के बाद सामान्य बच्चों की अपेक्षा जल्द पढ़ना-लिखना सीख लेते हैं। वहीं, सीडीपीओ अमेठी रुपेश कुमार सरोज ने अभिभावकों से खेल आधारित शिक्षा, घर पर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने तथा अच्छे संस्कार पर विस्तार से चर्चा की। आंगनबाड़ी केंद्र गंगागंज की बालिका प्रीषा शर्मा ने ÷तितली के पीछे दौड़े हम, कभी पकड़ न पाते हम÷ भावगीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य सेविका नीलम विश्वकर्मा ने 0 से 6 वर्ष के बच्चों में कुपोषण से बचाव, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## राजकीय आईटीआई गौरीगंज में दीक्षांत समारोह सम्पन्न

- मेधावी प्रशिक्षार्थियों को मिला गोल्ड व सिल्वर मेडल

**अमेठी समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**




राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र 24-25 में जनपद के सभी राजकीय आईटीआई के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र ने मेधावी प्रशिक्षार्थियों को पदक प्रदान किए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने कहा कि आईटीआई विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा है। कोई भी औद्योगिक प्रतिष्ठान आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के बिना सम्भव नहीं है। समारोह में कोपा व्यवसाय की छात्रा आरती तिवारी ने अपने प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई जगदीशपुर ने किया। इस अवसर पर शिवा कान्त द्विवेदी प्रधानाचार्य आईटीआई जायस, अजय कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य आईटीआई तिलोई, अनिल मिश्रा कार्यदेशक, दिवाकर मिश्र सहित संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रशिक्षार्थियों का सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों को रेखांकित करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

## चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रथम शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी संजय चौहान तहसील तिलोई में मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। तहसील तिलोई में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 7 का मौके पर



निस्तारण कराया गया, अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 1 का निस्तारण किया गया, मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तिलोई में अमित सिंह तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पीएमश्री विद्यालय सुजानपुर की छात्रा करिश्मा बनीं एक दिन की बैंक मैनेजर



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड गौरीगंज के पीएमश्री विद्यालय, सुजानपुर की छात्रा करिश्मा को ग्रामीण बैंक में एक दिन का बैंक मैनेजर बनाया गया। इस विशेष पहल के दौरान करिश्मा ने बैंक की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। उन्होंने खातों के संचालन, लेनदेन की प्रक्रिया और ग्राहकों से संवाद करने की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बैंकिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी तथा वित्तीय साक्षरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में वित्तीय सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास और समान अवसरों की भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, बैंक अधिकारी एवं छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में विभिन्न थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्रामों में जाकर ग्राम चौपाल आयोजित की गयी इस दौरान मिशन शक्ति हेल्पलाइन नम्बरों एवं वर्तमान समय



में चल रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा कर जानकारी प्रदान की गयी ।

थाना रामपुर कलां मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम तारपारा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया व इस दौरान 1090( वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर)1076(मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर) 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर)112, 102, 108, 181, 1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। थाना इमलिया सुल्तानपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम पारा एवं बेलामऊ कला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया व इस दौरान हेल्पलाइन नम्बरों के विषय में जानकारी दी गयी एवं विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। थाना हरगांव मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम उमरिया कला एवं ग्राम क्योंटिकला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया एवं हेल्पलाइन नंबर 1930 1090 1076 1098 108 112 आदि हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष छह को आयेगीं सीतापुर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ0 बबीता सिंह चौहान दिनांक 06 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को जनपद सीतापुर का भ्रमण करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे से पं0 दीन दयाल उपाध्याय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खैराबाद (सीतापुर) में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी।

तत्पश्चात 12.30 बजे उनके द्वारा सदर तहसील सभागार में जनसुनवाई की जाएगी। साथ ही अन्य विभागों के साथ में महिला संबंधी मुद्दों को लेकर समीक्षा की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सभी से अनुरोध किया है कि अगर किसी को भी किसी प्रकार की समस्या हो तो जनसुनवाई



में उपस्थित होकर अपने समस्या का निवारण करा सकते हैं। अध्यक्ष महोदय द्वारा कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण, विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक एवं महिला उत्पीड़न प्रकरणों की समीक्षा/ जनसुनवाई के कार्यक्रम के उपरान्त अपरान्ह में जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर का निरीक्षण कर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होना तथा जिला कारागार सीतापुर का निरीक्षण किया जाना भी प्रस्तावित है।

## सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में विधायिका महमूदाबाद आशा मौर्या, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो।



उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।

महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विधायिका महमूदाबाद आशा मौर्या, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा कृषकों अमृतलाल ग्राम रघुवीरपुरवा, केदारलाल ग्राम अल्लीपुर, प्रेम प्रकाश वर्मा ग्राम अल्लीपर, रामनाथ ग्राम कांदीचंदपुर, मो0 नसीम ग्राम मोतीपुर, शाहिद अली ग्राम मोतीपुर तथा शिवबालक ग्राम मोतीपुर को सरसों के नि:शुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 53 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 39 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 29 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सदर में प्राप्त 09 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 08 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 63 प्रार्थना-पत्रों में से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान के दिवस के उपरान्त दिनांक-05 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ विधायिका महमूदाबाद आशा मौर्या द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन आमजनमानस में जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा।

इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर सीडीओ को सौपा पत्र

- सचिवों को दिए जाएं एक समान कलेस्टर, 1 वर्ष से अधिक कार्यकाल पूर्ण करने वाले सचिव के बदले जाएं कलेस्टर : एस के तूफानी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच जिला अध्यक्ष एस के तूफानी ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र सौंप कर समस्त विकास खंडों में कलेस्टर बदले जाने की मांग किया है उन्होंने कहा जनपद की 19 विकास खंडों में कलेस्टर आवंटन किये जाते है। जिसमें बड़ा खेल किया जाता है।किसी सचिव को दो से तीन कलेस्टर किसी को एक कलेस्टर दिया जाता है। जिससे सचिव प्रधान के गठजोड़ से भ्रष्टाचार किये जाने की प्रबल संभावना रहती है। ऐसे में भ्रष्टाचार रोकने हेतु जिस प्रकार से एक सचिव एक विकासखंड में 3 वर्ष से अधिक नहीं रह सकता है उसी प्रकार से एक वर्ष बाद सचिवों का कलेस्टर बदल देना चाहिए।और प्रत्येक सचिव को बारी बारी से गौशाला वाली ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। जिससे जहां समस्त सचिव को गौ सेवा का मौका मिलेगा। और 1 वर्ष के बाद जब सचिव का नया कलेष्टर बदल दिया जाएगा तो प्रधान व सचिव के गठजोड़ से भ्रष्टाचार पर भी विराम लगेगा। वर्तमान में चुनावी समय आ रहा है जिससे चुनाव को भी प्रभावित करने का काम कर सकते हैं ऐसी स्थिति में जिन सचिवों का 1 वर्ष से अधिक कार्यकाल एक कलेस्टर में हो चुका है उनका कलेस्टर बदल दिया जाए। श्री तूफानी ने कहा जिस प्रकार से एक विकासखंड में 3 वर्ष से अधिक सचिव नहीं रह सकता है उसी प्रकार से एक सचिव को 1 वर्ष के बाद कलेस्टर बदल दिया जाए और नया कलेस्टरदिया जाए। जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। और ग्राम पंचायत का समुचित विकास होगा।

## मौत का सिरप

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है। जबकि हकीकत यह है कि फार्मास्यूटिकल इकाइयों को अपग्रेड करने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई है। यह नियामक तंत्र की कमजोरियों और छोटी फर्मों में सुरक्षित प्रक्रियाओं में निवेश करने की अनिच्छा को ही उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा। विडंबना यह है कि अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। हालांकि शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। वर्ष 2020 में भी एक ऐसी त्रासदी सामने आई थी, लेकिन कुछ दिन के शोर के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विडंबना देखिए कि मृत बच्चों के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा में आंसू बहा रहे हैं। हकीकत यह है कि ऐसी मौतों की जिम्मेदारी तय करने में लगातार देरी होती रहती है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है। हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है जरूरी है। इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं।

# भारतीय विज्ञान में महिलाओं की अधूरी यात्रा

**डॉ प्रियंका सौरभ**



**वैज्ञानिक पुरस्कारों और मान्यताओं की दुनिया में भी असमानता साफ दिखती है। वर्ष 2023 तक दिए गए छह सौ से अधिक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों में केवल सोलह ही महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि प्रारंभिक स्तर पर भले ही महिलाएँ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समान उत्साह के साथ प्रवेश करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे जिम्मेदारियां और दबाव बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या कम होती जाती है। यही वह कड़ी है जो राष्ट्रीय उत्कृष्टता को कमजोर करता है। इसकी कई परतें हैं। मातृत्व और परिवार की ज़िम्मेदारियाँ महिलाओं के कॅरियर को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। लंबे कार्य घंटे, उच्च दबाव वाले प्रोजेक्ट और लचीले विकल्पों की कमी के कारण बहुत-सी प्रतिभाशाली महिलाएं बीच रास्ते से बाहर हो जाती हैं। संस्थागत ढांचे में भी पुरुष वर्चस्व कायम है।**

भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरिक्ष कार्यक्रम, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान आज विश्व स्तर पर बनी है। इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिकता भर नहीं रही बल्कि ठोस और प्रभावी साबित हुई है। डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें मिसाइल महिला कहा जाता है या चंद्रयान-3 मिशन की महिला वैज्ञानिकों कल्पना कलहस्ती और ऋतु करिधल का योगदान इसका जीवंत उदाहरण है। यह स्पष्ट करता है कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अब केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, वे वास्तविक परिवर्तन की धुरी बन चुकी हैं।

फिर भी तस्वीर का दूसरा पहलू चिंता पैदा करता है। भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की संख्या बड़ी है, परंतु शोध और नेतृत्व के पदों तक पहुँचते-पहुँचते यह संख्या लगातार घटती जाती है। इस प्रवृत्ति को ही 'लीकी पाइपलाइन' कहा जाता है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि स्नातक स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगभग 43 प्रतिशत है। यह आँकड़ा किसी भी देश के लिए गौरवपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब यही लड़कियाँ आगे शोध और अनुसंधान के मार्ग पर बढ़ती हैं तो मात्र 14 प्रतिशत ही इस क्षेत्र में टिक पाती हैं। यही नहीं, उच्च शिक्षा संस्थानों में महिला संकाय की संख्या लगभग 15 प्रतिशत तक सीमित है। देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएससी या सीएसआईआर अब तक किसी महिला के नेतृत्व में नहीं रहे।

वैज्ञानिक पुरस्कारों और मान्यताओं की दुनिया में भी असमानता साफ दिखती है। वर्ष 2023 तक दिए गए छह सौ से अधिक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों में केवल सोलह ही महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि प्रारंभिक स्तर पर भले ही महिलाएँ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समान उत्साह के साथ प्रवेश करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे ज़िम्मेदारियाँ और दबाव बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या कम होती जाती है। यही वह कड़ी है जो राष्ट्रीय उत्कृष्टता को कमजोर करता है। इसकी कई परतें हैं। मातृत्व और परिवार की ज़िम्मेदारियाँ महिलाओं के कॅरियर को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। लंबे कार्य घंटे, उच्च दबाव वाले प्रोजेक्ट और लचीले विकल्पों की कमी के कारण बहुत-सी प्रतिभाशाली महिलाएँ बीच रास्ते से बाहर हो जाती हैं। संस्थागत ढाँचे में भी पुरुष वर्चस्व कायम है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पदोन्नति और नेतृत्व पदों पर जाने का मार्ग महिलाओं के लिए कठिन है। अनौपचारिक नेटवर्क, सामाजिक पूर्वाग्रह और लैंगिक धारणाएँ इस कठिनाई को और गहरा करती हैं।

वित्तपोषण और मान्यता का संकट भी कम नहीं है। शोध अनुदान में महिलाओं को कम प्राथमिकता दी जाती है। यह उनकी परियोजनाओं की दिशा और नवाचार की संभावनाओं को सीमित करता है। सामाजिक दृष्टिकोण भी विज्ञान को पुरुष प्रधान क्षेत्र मानता है, जिससे परिवार और समाज अक्सर लड़कियों को इस ओर बढ़ने से हतोत्साहित करते हैं। यदि कोई महिला कॅरियर ब्रेक ले भी ले तो पुनः-प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की महिला वैज्ञानिक योजना अवश्य मौजूद है, परंतु उसकी पहुँच अभी बहुत सीमित है। यह समस्या केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियों की बाधा नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य से भी गहराई से जुड़ी है। जब भारत विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प ले रहा है, तब वैज्ञानिक नवाचार और शोध में आधी आबादी की भागीदारी को नज़रअंदाज़ करना आत्मघाती साबित हो सकता है। विश्व बैंक का अनुमान है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को सात सौ अरब डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि मिल सकती है। यदि महिलाएँ बराबरी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान करेंगी तो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा स्वतः बढ़ेगी। इसके साथ ही यह भारत की वैश्विक छवि का भी सवाल है। लैंगिक समानता की दिशा में ठोस कदम भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और नेतृत्व की आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर जब भारतीय महिला वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलती हैं तो वह भारत की विश्वसनीयता का प्रतीक बन जाता है। इससे भी आगे, यह आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षा का प्रश्न है। अगर आज हम विज्ञान में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हैं, तो कल हमारी बेटियाँ आत्मविश्वास से भरी होंगी और विज्ञान को अपनी पसंद का क्षेत्र मानेंगी। सरकार ने कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की किरण योजना, महिला वैज्ञानिक योजना, एसईआरबी पॉवर फेलोशिप जैसी पहलें युवा महिला शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। इसरो और डीआरडीओ ने लचीले कार्य समय, विस्तारित मातृत्व अवकाश और घर से काम करने जैसे विकल्प लागू किए हैं। कई संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता समितियाँ भी गठित की गई हैं। लेकिन यह सब अभी भी अपर्याप्त है। आवश्यकता है कि इन योजनाओं की पहुँच को बढ़ाया जाए और उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाए। आगे की राह यह है कि अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रतिनिधित्व की सीमा तय की जाए। महिला नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए विशेष वित्तपोषण सुनिश्चित हो।

## विचार

# संघ भारत के परम वैभव का स्वप्न दृष्टा

**हृदयनारायण दीक्षित**



**विश्व विचारों से भरापूरा है। विचार विविधता भारतीय संस्कृति का आभूषण है। यहां अनेक विचार हैं। गौतम का 'न्याय दर्शन' है, कपिल का 'सांख्य' है। कणाद का वैशेषिक है, जैमिनि का 'मीमांसा' है और वादरायण का वेदान्त। यहां बुद्ध और जैन भी हैं। इस्लाम आने के साथ ही मजहबी विचारधारा भी आई। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बाद ईसाइयत का विचार भी फलाफूला लेकिन 1925 में कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जन्म के साथ आए वैज्ञानिक भौतिकवादी विचार ने नई पीढ़ी को झकझोर दिया था। मार्क्सवाद परदेसी विचार था और संघ का राष्ट्रवाद स्वदेशी। दोनों विचारधाराओं में कांटे की टक्कर हुई। टक्कर पीछे 100 साल से जारी है। अब कम्युनिस्ट विचार के लोग पुरातात्विक मिथक जैसे हो गए हैं।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। संघ की आयु 100 बरस हो गई है। दुनिया के कई देशों में संघ की शाखाएं हैं। विश्व के तमाम विचारक संघ कार्य पर शोध कर रहे हैं। सबके निष्कर्ष अलग अलग हैं। किसी ने संघ में स्वयंसेवकों की लाठी देखी, कहा संघ और कुछ नहीं वस्तुतः लाठीधारी लोगों का खतरनाक संगठन है, तो किसी ने इसे भारतीय जनता पार्टी की शाखा बताया। अगले ने कहा यह, खुफिया संगठन है। राज समाज के लिए खतरनाक है। विश्व में किसी भी ध्येयसेवी संगठन पर फर्जी आरोप नहीं लगे। संघ प्रतिष्ठित रहा। संघ पर प्रतिबंध भी लगे। 1975-77 के आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक गिरफ्तार हुए। उन्होंने दुख झेले, ध्येय से विचलित नहीं हुए। उनमें मैं भी एक हूँ।

संघ के प्रति लोगों की जिज्ञासा बढ़ रही है। आखिरकार संघ कैसे जाना जाए? याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को तत्वज्ञान दिया था। बृहदारण्यक उपनिषद (अध्याय दो, ब्राह्मण 5) में ऋषि ने बताया, यह पृथ्वी सभी भूतों (मूल तत्व) का मधु है और सब भूत इस पृथ्वी के मधु। शंकराचार्य का भाष्य है, ÷जिस प्रकार एक छत्ता अनेक मधुकरों द्वारा तैयार किया जाता है, उस प्रकार सभी भूत इस पृथ्वी के मधु कार्य हैं। फिर सूर्य, चन्द्र और आकाश को भी मधु कार्य बताते हैं। फिर अग्नि के लिए कहते हैं, यह अग्नि समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत इस अग्नि के मधु। अंत में कहते हैं, यह धर्म और सत्य समस्त भूतों का मधु है। फिर कहते हैं, ÷यह मनुष्य भी समस्त भूतों का मधु है और सभी भूत इस मनुष्य के मधु।÷ मैं उसी तर्ज पर कहता हूँ कि भारत का सनातन धर्म सभी भूतों का मधुरस है और सभी भूत सनातन धर्म के मधुरस। पूरे आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूं, ÷सनातन धर्म व हिन्दू जीवन रचना का सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रकट हुआ। संघ विचार आधारित संगठन है। 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार के नेतृत्व में संघ की स्थापना हुई। राष्ट्र निर्माण की चुनौतियों पर चर्चा हुई और संघ की नींव पड़ गई। संघ का कार्य क्षेत्र विस्तृत होता गया। इसी के साथ मार्क्सवादी संगठन का भारत में उदय हो गया। विचारधारा के प्रति आग्रह में संघ व वामपंथ आमने सामने रहे। परिस्थितियां तेजी से बदल गईं। वामपंथ का वैज्ञानिक भौतिकवाद पिछड़ता चला गया। संघ में आत्मीयता थी। सांस्कृतिक आधार था।

विश्व विचारों से भरापूरा है। विचार विविधता भारतीय संस्कृति का आभूषण है। यहां अनेक विचार हैं। गौतम का 'न्याय दर्शन' है, कपिल का 'सांख्य' है। कणाद का वैशेषिक है, जैमिनि का 'मीमांसा' है और वादरायण का वेदान्त। यहां बुद्ध और जैन भी हैं। इस्लाम आने के साथ ही मजहबी विचारधारा भी आई। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बाद ईसाइयत का विचार भी फलाफूला लेकिन 1925 में कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जन्म के साथ आए वैज्ञानिक भौतिकवादी विचार ने नई पीढ़ी को झकझोर दिया था। मार्क्सवाद परदेसी विचार था और संघ का राष्ट्रवाद स्वदेशी। दोनों विचारधाराओं में कांटे की टक्कर हुई। टक्कर पीछे 100 साल से जारी है। अब कम्युनिस्ट विचार के लोग पुरातात्विक मिथक जैसे हो गए हैं। संघ विचार के कार्यकर्ताओं ने उन्हें उनके गढ़ केरल में घुसकर चुनौती दी है। संघ कार्यकर्ताओं की हत्या भी हुई। हिंसक विचार का अंत हो गया। संघ बढ़ता गया। वामपंथ का अस्त अस्वाभाविक नहीं है। अंधविश्वासी पंथिक विचार का आधुनिक विश्व में अब कोई भविष्य नहीं। मार्क्सवाद का सामाजिक दर्शन ईसाई पंथिक विचार का विरोधी था। मार्क्स ने इसी संदर्भ में ईश्वर को अफीम कहा था। ईसाईयत का ईश्वर मार्क्स की दृष्टि में अंधविश्वास था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण में अंधविश्वास का स्थान नहीं होता। तर्क बुद्धि और अर्थशास्त्र से पैदा मार्क्सवाद भी मजहब बन गया। अब वाद-विवाद संवाद में उनकी आस्था नहीं। वामपंथी अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हैं। लेकिन दूसरे पक्ष के सही और संवैधानिक तथ्य को भी थोपा जाना÷ बताते हैं। वंदेमातरम् राष्ट्रगीत है। वे कहते हैं कि इसका थोपा जाना अनुचित है। राष्ट्रभाव स्वाभाविकता है, वे कहते हैं कि राष्ट्रवाद का थोपा जाना असहिष्णुता है। राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की निष्ठा अपरिहार्य है।

## धरती और प्रकृति का बदलता नैसर्गिक स्वरूप

इंसान की लालच ने मूक धरती को भी कहीं का नहीं छोड़ा है इंसानों की स्वार्थी गतिविधियों के कारण आज पृथ्वी पर उष्णता का गंभीर संकट मंडरा रहा है। धरती, जिसे हमने सदा मां का सम्मान दिया है,आज वही पृथ्वी माता अपनी ही संतानों के लोभ,लालच और स्पृहा से कराह कर,जख्मी हो कर तड़प रही है। औद्योगिकीकरण की अंधा-धुंध दौड़, प्रदूषण का भयानक विस्तारित स्वरूप, जंगलों की बेदर्द कटाई और धरती में उपलब्ध संसाधनों का अंधाधुंध दोहन इन सबने धरती का संतुलन बिगाड़ कर रख दिया है।

नतीजा यह है कि कभी बरसात बेकाबू होकर प्रलय लाती है, तो कभी महीनों तक आसमान सूखा रहकर दरारें छोड़ देता है। यही है आज का सबसे बड़ा संकट अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं जैसे इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज और विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्टें बता रही हैं कि धरती का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के बाद से 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। सुनने में यह मामूली छोटा आंकड़ा लगता है, पर इसके असर बेहद भयावह हैं। हिमखंड पिघल रहे हैं, समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल चुका है। भारत खेती पर ही अधारित,निर्भर देश इसका सबसे बड़ा भुक्त भोगी रहा है। यहां की अर्थव्यवस्था और करोड़ों किसानों का जीवन मानसून पर अवलंबित तथा टिका हुआ है। लेकिन अब मानसून का स्वरूप पूरी तरह तहस नहस हो चुका है। देश के राज्य कीगईअसम, बिहार और उत्तराखंड में हर साल बाढ़ तबाही मचाती है, जबकि विदर्भ, मराठवाड़ा, बुंदेलखंड और राजस्थान में सूखा किसानों को आत्महत्या तक करने को मजबूर कर देशता है।

2013 की केदारनाथ त्रासदी और 2018 की केरल बाढ़ ने लाखों परिवार उजाड़ दिए हैं। वैश्विक स्तर पर दुनिया के दूसरे हिस्सों की तस्वीर भी उतनी ही डरावनी है। चीन की यांग्त्जी नदी की बाढ़ करोड़ों लोगों को प्रभावित करती है। अफ्रीका का साहेल क्षेत्र लगातार सूखे से जूझ रहा है। अमेरिका के कैलिफोर्निया और ऑस्ट्रेलिया के जंगलों की आग हर साल नई तबाही लाती है। यूरोप की गर्म हवाएं हजारों लोगों की जान ले चुकी हैं। हमारे पड़ोसी बांग्लादेश और नेपाल बार-बार बाढ़ और तूफणनों से त्रस्त रहते हैं। यह स्पष्ट है कि वैश्विक उष्णता अब किसी एक देश का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरी मानवता का संकट है। भारतीय संस्कृति सदा से प्रकृति को पूजती आ रही है।

ऋग्वेद से लेकर महात्मा गांधी तक हमें यही संदेश मिला कि प्रकृति का सम्मान करो, उसका दोहन नहीं। गांधी जी ने चेताया था कि ष्धरती मनुष्य की जरूरत पूरी कर सकती है, लेकिन उसके लालच को नहीं। दुर्भाग्य से हमने इस चेतावनी की अनदेखी की और आज परिणाम हमारे सामने है। फिर भी उम्मीद बाकी है। बचाव के रास्ते हमारे ही हाथों में हैं। कोयले और पेट्रोलियम पर निर्भरता घटाकर सौर, पवन और बायोगैस जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। जंगलों की कटाई रोककर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना होगा। जल संरक्षण को आंदोलन का रूप देना होगा।

तालाब-कुएं पुनर्जीवित करने होंगे, नदियों की सफाई करनी होगी। किसानों को सूक्ष्म सिंचाई और आधुनिक जल प्रबंधन से जोड़ना होगा। और व्यक्तिगत स्तर पर ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक का कम प्रयोग और हरित जीवनशैली अपनाना अब हर नागरिक का धर्म होना चाहिए। धरती तप रही है, आसमान गरम हो रहा है और बारिश-बाढ़ का तांडव हमें आगाह कर रहा है कि समय हाथ से निकल रहा है। यह केवल वैज्ञानिक रिपोर्टों का सवाल नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का प्रश्न है। यदि आज नहीं चेते तो कल की सभ्यता केवल इतिहास की किताबों में बचेगी। धरती मां की पुकार साफ है- मुझे बचाओ, ताकि तुम्हारा भविष्य भी बचा रहे।



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# फिल्म का दुखद अंत सफलता का फार्मूला

**इन फिल्मों ने दर्शकों को अपनी भावनाएं खुलकर महसूस और व्यक्त करने का जरिया मुहैया कराया। दरअसल, ऐसे पलों में दर्शक खुद के जीवन की कद्र करना या अपनी तकलीफों को छोटा समझना सीखते हैं। दुखद अंत वाली फिल्में सफल होती हैं व यादगार भी बनती हैं। सवाल है कि दुखांत फिल्मों की सफलता का कारण क्या है, इसका कोई एक या सीधा जवाब नहीं हो सकता। इसलिए कि मानवीय भावनाओं से गहरा जुड़ाव, यथार्थवाद और दर्शकों को झकझोर देने वाली कहानियां ज्यादा पसंद की जाती हैं। दरअसल दर्द, विरह और अपूर्ण प्रेम जैसी भावनाएं लगभग हर व्यक्ति महसूस करता है।**

फिल्मों का दुखद अंत दर्शकों को इसलिए पसंद आता है, क्योंकि ऐसा अंत उनकी भावनाओं को गहराई से छूता है। इनमें जीवन की सच्चाइयों का प्रामाणिक चित्रण जो दिखाई देता है। माना जाता है कि दुखद अंत दर्शकों को अपने जीवन की समस्याओं और भावनाओं से जोड़ता है। दुख झेलते किरदार से दर्शक सहानुभूति महसूस करते हैं। शोध बताते हैं, दुखद अंत देखने के बाद दर्शक अपने जीवन के सकारात्मक पहलू गंभीरता से महसूस करते हैं। फिल्म का सुखद अंत देखकर कई बार लगता है कि उनकी समस्याएं असामान्य हैं, जबकि दुखांत यथार्थ है।

हिंदी फिल्मों के दर्शक की मानसिकता अनोखी है। उन्हें किस फिल्म की कहानी पसंद आएगी, इस बात का दावा कभी कोई नहीं कर सका। सामान्य धारणा है कि मनोरंजन के मूड से थिएटर आने वाला दर्शक चाहता है कि वो मुस्कुराता हुआ बाहर आए। यानी फिल्म का अंत सुखद हो। हीरो-हीरोइन का मिलन हो, खलनायक को पुलिस पकड़ ले, कोर्ट का फैसला हीरो के हक में हो और हीरो-हीरोइन जिस भी संकट से घिरे हों, वो आखिर में दूर हो जाए। जिन समस्याओं से दर्शक खुद जूझ रहा हो, वो नहीं चाहता कि उसका मनोरंजन भी वैसा ही हो। लेकिन, इसे अपवाद माना जाना चाहिए कि फिल्म इतिहास की ज्यादातर कालजयी फिल्मों का अंत दुखद ही रहा। प्रेम कथाओं पर मशहूर फिल्मों देवदास, मुगल-ए-आजम, प्यासा और 'लैला मजनूं' में हीरो-हीरोइन का मिलन नहीं होता और दर्शक मायूस होता है। जबकि, अमिताभ-जया की 'मिली' और राजेश खन्ना की 'आनंद' के दुखांत की वजह लाइलाज रोग रहा। हाल ही में आई फिल्म 'सैयारा' का अंत भी दुखद है। लेकिन, इसने सफलता का रिकॉर्ड बना दिया। यह फिल्म अधूरी मोहब्बत की कहानी है, जिसका क्लाइमेक्स दर्शकों को सालता है। ऐसी और भी कई फिल्में हैं, असफल प्रेम, जीवन संघर्ष या न्याय की तलाश जिनके प्रमुख विषय रहे। इन फिल्मों की कहानियों को जीवन की जटिलताओं से जोड़कर गढ़ा गया। ऐसी कहानियां दर्शकों की आंखें गीली कर देती हैं। देवदास (तीन बार बनी), दिल बेचारा, आशिकी-2, तेरे नाम और 'एक दूजे के लिए' देखने के बाद दर्शक दुखी हुए, पर फिल्म हिट हुई।

इन फिल्मों ने दर्शकों को अपनी भावनाएं खुलकर महसूस और व्यक्त करने का जरिया मुहैया कराया। दरअसल, ऐसे पलों में दर्शक खुद के जीवन की कद्र करना या अपनी तकलीफों को छोटा समझना सीखते हैं। दुखद अंत वाली फिल्में सफल होती हैं व यादगार भी बनती हैं। सवाल है कि दुखांत फिल्मों की सफलता का कारण क्या है! इसका कोई एक या सीधा जवाब नहीं हो सकता। इसलिए कि मानवीय भावनाओं से गहरा जुड़ाव, यथार्थवाद और दर्शकों को झकझोर देने वाली कहानियां ज्यादा पसंद की जाती हैं। दरअसल दर्द, विरह और अपूर्ण प्रेम जैसी भावनाएं लगभग हर व्यक्ति महसूस करता है। जब कोई कहानी इन पहलुओं को पेश करती है, तो दर्शक उसमें खुद को महसूस करते हैं। असल में फिल्म का दुखद अंत झकझोरता है जिससे फिल्म और उसके पात्र जेहन में बैठ जाते हैं।

ऐसी कहानियां अक्सर अमर और 'क्लासिक' मानी जाती हैं। वे फिल्में जिनके क्लाइमैक्स ने दर्शकों को बेहद दुःखी किया और कई बार भावुक भी कर दिया। 'गंगा जमुना' (1961) फिल्म दो भाइयों गंगा और जमुना की कहानी है, जो विद्रोह और बलिदान पर केंद्रित है। फिल्म का अंत जमुना की मौत से होता है। 'अमर प्रेम' (1972) भी अत्यंत भावुक अंत के लिए जानी जाती है जिसमें शशि कपूर और शर्मिला टैगोर के किरदार मिल नहीं पाते। 'देवदास' (2002) में देवदास पारो के प्रेम में टूटकर शराबी हो जाता है और उसके घर के बाहर ही अंतिम सांस लेता है। 'तेरे नाम' (2003) का नायक सलमान खान (राधे) मानसिक संतुलन खो बैठता है और अपनी प्रेमिका की मृत्यु के बाद पूरी तरह टूट जाता है। 'कल हो न हो', 'रॉकस्टार', 'आशिकी-2', 'गोलियों की रासलीला रू राम-लीला' व 'बाजीराव मस्तानी' की कहानियों के बीच में और अंत में दुखद तत्व हैं। प्रेम कथाओं के अलावा सामाजिक और पारिवारिक दुखांत कथानकों ने भी दर्शकों को प्रभावित किया। ऐसी फिल्मों में अमिताभ और जया भादुड़ी की फिल्म 'अभिमान' (1973) भी है, जिसमें गायक दम्पति के रिश्ते में दरार आने से उनकी कहानी भावनात्मक हो जाती है। साल 1983 में आई 'मासूम' में एक अवैध संतान की अस्वीकार्यता परिवार में दर्द देती है। अमिताभ-हेमा की फिल्म 'बागबान' में उम्रदराज दम्पति अपने ही बच्चों से उपेक्षित हो जाते हैं। ऐसी अन्य फिल्में हैं सनम तेरी कसम, हाईवे, पद्मावत, इश्कजादे, मसान और द लंच बॉक्स। इन फिल्मों की ट्रैजिक एंडिंग ने दर्शकों को रुला दिया था। दुखद प्रेम और पारिवारिक कथाएं जीवन के ज्यादा गहरे, जटिल विषयों जैसे प्रेम, हानि, कुर्बानी और मानवीय मजबूरियों का चित्रण करती हैं। दर्शकों को ये विषय खुद के जीवन अनुभवों के करीब लगते हैं। ऐसी फिल्में दर्शकों को आंसू बहाने, दुख महसूस करने का मौका देती हैं जिससे राहत मिलती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# भव्य और दिव्य होगा देवा मेला 2025: जिलाधिकारी



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

▸ तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जिलाधिकारी/देवा मेला कमेटी के अध्यक्ष शशांक त्रिपाठी ने शनिवार को देवा मेला ऑडिटोरियम में अधिकारियों व मेला कमेटी के सदस्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की और बाद में मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस बार देवा मेला 2025 को भव्य और दिव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा, लेकिन तैयारियों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खामियां मिलने पर डीएम ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी कई विभागों की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जहां-जहां खामियां मिली हैं, उन्हें दो दिन के भीतर दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों को समय से पूरा करें, लापरवाही पर सीधे कार्रवाई होगी। उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।

### जायरीन की सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी: एसपी

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि जायरीन की सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र को 5 जोन और 13 सेक्टर में बांटा गया है। 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी होगी। महिला पुलिस बल पर्याप्त संख्या में तैनात रहेगा, साथ ही सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद रहेगी ताकि जायरीन निर्भय होकर मेले का आनंद उठा सकें।

### स्वास्थ्य, परिवहन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विशेष जोर

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को मेला परिसर में अस्थाई अस्पताल/कैंप, पर्याप्त चिकित्सक और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फायर सर्विस और एम्बुलेंस की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाएगी। परिवहन विभाग को अतिरिक्त बसें चलाने और रूट डायवर्जन प्लान लागू करने के निर्देश दिए गए। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। डीएम ने कहा कि छात्रों के आने-जाने और मंच व्यवस्था को सुचारू किया जाए।

### साफ-सफाई और पेयजल की प्राथमिकता

डीएम ने कहा कि मेले में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। स्वच्छ पेयजल के लिए नल और टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी। अस्थाई शौचालय समय पर तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा बैठक और निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, एडीएम (न्यायिक) राजकुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, एसडीएम आकांक्षा गुप्ता, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय, चेयरमैन नगर पंचायत देवा हारून वारसी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूजा पंडालों में सांसद तनुज पुनिया ने टेका माथा

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। अपने संसदीय क्षेत्र के हैदरगढ़ कस्बा में पहुंचे सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार की देर शाम शारदीय नवरात्रि के तहत कस्बा हैदरगढ़ में सजे पूजा पंडालो में माता के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और लोक कल्याण की मंगल कामना की।

इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह, दिनेश शुक्ला, डिंपल सिंह, प्रधान अलगू सिंह, गुड्डू राइन, चंद्रशेखर तिवारी, सपा नेता विज्ञान मिश्रा, सरवर सिद्दीकी, गुड्डू सिंह ओहरामऊ, सूरज दीक्षित, रोहित मिश्रा, आशीष साहू, उमेश सोनी अली रिजवी सुरेंद्र यादव वासुदेव यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## ग्यारहवीं शरीफ पर राहगीरों को वितरित की खाद्य सामग्री

इटावा। ग्यारहवीं शरीफके खुशनुमा मौके पर शहर में मुस्लिम समाज द्वारा जहां घरों पर रोशनी कर फातिहा का आयोजन किया गया वहीं श्रद्धालुओं को खाद्य सामग्री विरतीत की गई। हज़रत शेख अब्दुल क़ादिर जीलानी बड़े पीर साहब गौसे ए आज़म की परम्परा के अनुसार श्रद्धालुओं ने ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर जगह- जगह प्रसाद वितरण किया और श्रद्धालुओं को भोजन कराया। इस अवसर पर कटरा सेवा काली पंजाबी मोहल्ला पर राहगीरों को फल वितरण किये गए जिसमे पूर्व विधायक प्रतिनिधि मुनीर हसन वारसी, एडवोकेट मोहम्मद फहीम अब्बास, एडवोकेट ईशान वारसी, जॉनी खान, रिज़वान इलाही वारसी, अंकुर जैन, मोअज़्ज़म फैज़, सौरभ कुमार, आफ़ाक़ आलम, अदनान खान, संस्कार पोरवाल, रितिक मिश्रा, दानिश कुरैशी, अक़ील, इसरार, अल्फ़ेज़ खान आदि ने श्रद्धालुओं को खाद्य सामग्री वितरण की। इसके अलावा मुस्लिम समाज के घरों में ग्यारहवीं शरीफ पर रोशनी की गई और गौसे ए आज़म की फातिहा दिलाई गई।

## क्षेत्र में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित किये जाने की हो रही मांग



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नगर क्षेत्र में स्थापित किए जाने की मांग की गई।

हैदरगढ़ से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम बहादुर रावत के अलावा उषा सिंह,मोहम्मद अली कृष्ण कुमार,विद्या निवास, श्यामलाल आदि अधिवक्ताओं व गुरु प्रसाद गौतम रामचंद्र यादव ने आज संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राजेश विश्वकर्मा को प्रार्थना पत्र देकर कस्बा क्षेत्र में नगर के मुख्य चौराहे, बछरावां तिराहे, डाक बंगला या फिर बस स्टेशन पर डॉ०अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की। बताया कि डॉक्टर अंबेडकर को छोड़कर बाकी सभी महापुरुषों की प्रतिमाएं नगर क्षेत्र में पहले से स्थापित है। श्री रावत ने बताया कि एसडीएम ने जल्द ही प्रतिमा स्थापना का आश्वासन दिया है।

## डंपर की चपेट में आये बाइक सवार की दर्दनाक मौत

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



▸ आस-पास के लोगो ने तुरन्त घायलों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया
▸ पिता की मौत की सूचना पाते ही घर में कोहराम

फतेहपुर कस्बे के मस्तान रोड चौराहे पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा सआदतगंज निवासी अबु तलहा अंसारी (35) पुत्र मोहम्मद इशरत अपने साथी अब्दुल साफी (32) पुत्र अब्दुल बाकी के साथ बाइक से शनिवार दोपहर जनपद सीतापुर के महमूदाबाद स्थित अपनी बहन के घर ग्यारहवीं शरीफ की मिठाई देने जा रहे थे।तभी फतेहपुर कस्बे के मस्तान रोड मोड़ के पास एक अनियंत्रित डंपर ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगो ने तुरन्त घायलों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

वहां चिकित्सको ने अबु तलहा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अब्दुल साफी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बताया जाता है कि हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक के तीन पुत्र 16 वर्षीय अदनान,13 वर्षीय जिशान,10 वर्षीय फौजान हैं।पिता की मौत की सूचना पाते ही घर में कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी शफ़ीकुन का रो रोकर बुरा हाल है।वहीं आकस्मिक घटना से पूरे गांव मे शोक छाया हुआ है।

## विवाहिता की मौत पर मायके वाले ने पति पर लगाए गंभीर आरोप

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महतेली वार्ड में शुक्रवार की देर शाम एक 28 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक के पति का कहना है की पत्नी ने मामूली विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि मायके पक्ष से मृतका के भैया भाभी ने पति पर घटना से पहले मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मृतका रेनू उम्र 28 वर्ष की शादी सुबेहा थाना क्षेत्र के महतेली वार्ड निवासी दुर्गेश के साथ 2016 में हुई थी दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह असंद्रा थाना क्षेत्र के गैरिया घाट पर मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने गया था इसी दौरान पत्नी रेनू ने उसे कई बार फोन किया लेकिन डीजे की तेज आवाज के चलते फोन रिसीव नहीं कर सका। शाम घर लौटने पर रेनू ने इस बात को लेकर पति से नाराजगी जताई और विवाद शुरू हो गया दुर्गेश के मुताबिक उसने उसे समझाया और डाटा जिसके बाद रेनू कमरे में चली गई और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया कुछ देर बाद जब उसने आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला दुर्गेश ने जब किसी तरह दरवाजा खोला तो उसकी पत्नी फांसी के फंदे से लटकी मिली जिसके बाद परिजन निजी चिकित्सक के पास ले गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले में लोगों की भीड़ जुट गई।

### दशहरा मेले में गए युवक से कई लोगों ने की मारपीट

जैदपुर, बाराबंकी। दशहरा मेला मे गये युवक को एक सलाह बनाकर कई लोगो ने मिलकर मारा पीटा,जिसकी शिकायत पीड़ित ने जैदपुर पुलिस से की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार सतीश कुमार पुत्र सहज राम ग्राम कोला गहबडी ने जैदपुर पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि दिनांक 02.10.2025 को दशहरा का मेला घूमने के लिए बरैय्या चौराहा आया था।इसी दौरान शनि एवं प्रदुम्न पुत्र झब्बू लाल,विश्राम पुत्र मोती चन्द्र,गोलू पुत्र कल्लू, आशीष पुत्र बासुदेव,राजन पुत्र शेरु ज्ञान चन्द्र एवं नन्द किशोर का लड़का तथा उनके कई अन्य साथी, निवासी गढ़ चण्डन पुरवा, पोस्ट कोलासथाना जैदपुर ने मिलकर भीड़ में अकेला पाकर बेल्ट,लाठी एवं डण्डो से बिना किसी कारण के पिटाई कर दी। जिससे हमारे शरीर एवं मस्तिष्क मेहगंभीर चोट लगी है। विपक्षी जान से मारने की धमकी भी दी है। मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### आपसी विवाद में मारपीट, दो घायल

ऊसराहार, इटावा। थाना क्षेत्र के नगरीया खनाबांध गांव में पड़ोसी से विवाद मारपीट में बदल गया। पीड़ित सोनू पुत्र सुरेश चन्द्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह शाम लगभग 4 बजे अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान पड़ोसी सेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र वहां आकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी और लात-घूंसों से पीड़ित को घायल कर दिया। हंगामा सुनकर पीड़ित की पत्नी निर्मला बचाने आई तो सेश कुमार की पत्नी नीलम और उसका भाई शिवा भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर निर्मला को भी पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान उन्होंने घर में घुसकर ईंट का टुकड़ा फेंका जो निर्मला के सिर में लग गया, जिससे उसे चोट आ गई थी। पीड़ित का कहना है कि इस घटना से उसे भी गंभीर चोटें आई हैं। उसने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### वृद्ध के साथ मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

चकरनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव में निमंत्रण खाने जा रहे एक वृद्ध के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल पर दिया। पुलिस ने मेडिकल कराते हुए तहरीर के मुताबिक कार्रवाई शुरू की। थाना चकरनगर के गांव गोपालपुरा निवासी 50 वर्षीय सतेंद्र सिंह चौहान पुत्र धीर सिंह ने बताया कि वह गुरुवार संध्या समय लगभग आठ बजे गांव के पास मंदिर पर निमंत्रण खाने जा रहे थे, इसी दौरान पहले से ही घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने एक राय होकर हमला कर दिया। मारपीट से उक्त वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित ने गांव के सात लोगों के खिलाफतहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रभारी निरीक्षक चकरनगर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर दी गई है, मुकदमा लिखा जा रहा है।

### घर से सुबह निकला वृद्ध का रेल पटरी पर मिली लाश

मसौली बाराबंकी। शनिवार की सुबह घर से निकले 80 वर्षीय वृद्ध ओमप्रकाश गुप्ता का शव गाँव से करीब 4 किमी. दूर रेलवे पटरी के किनारे से बरामद हुआ पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली निवासी 80 वर्षीय वृद्ध ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र राम भरोसे गुप्ता शनिवार की सुबह साईकिल से घर से निकले थे जिनका शव ग्राम करमुल्लापुर के निकट लखनऊ अयोध्या रेलवे लाइन पर पड़ा मिला मृतक की कपड़े की दुकान है तथा ब्याज पर पैसे देने का काम करते थे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश गुप्ता शनिवार की सुबह वसूली के लिए निकले थे जिनका शव बरामद हुआ है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कल्याणी नदी में मिला अज्ञात महिला का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार दोपहर कल्याणी नदी से 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार मुन्नू का पुरवा मजरे दूल्हदेपुर गांव के समीप ग्रामीणों ने नदी की झाड़ियों में एक महिला का शव उतराता देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाल अंकित त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने घटनास्थल पर ही महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। तत्पश्चात शव को पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। शव पर लाल रंग की साड़ी थी और उसके हाथ में किरन दाताराम नाम गुदा हुआ पाया गया। पुलिस ने इसे अहम सुराग मानते हुए पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी है।

### माँ के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति से सराबोर रहा क्षेत्र

रामसनेहीघाट बाराबंकी। नवरात्रि व दशहरा पर्व की आस्था व भक्ति का माहौल शुक्रवार को चरम पर दिखाई दिया। तहसील मुख्यालय स्थित हरदेव बाबा मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विधि-विधान के साथ नगर भ्रमण कर श्रद्धालुओं ने कल्याणी नदी में विसर्जन किया। विसर्जन यात्रा के दौरान वातावरण 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व गुरुवार की रात कानपुर की स्वरांजलि जागरण पार्टी द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक श्रद्धालु मां का गुणगान करते रहे। शुक्रवार को विसर्जन यात्रा में समिति के दीपक वर्मा, जितेंद्र वर्मा, आशुतोष वर्मा, राकेश वर्मा, पिंटू वर्मा, प्रदीप वर्मा व अजीत वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं गुरुवार को ही मुरारपुर, घिसयावन पुरवा, अलादासपुर चौरी सहित विभिन्न स्थानों पर सरयू व कल्याणी नदी में कुल 101 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

## असत्य पर सत्य की विजय के साथ हुआ दशहरे का समापन

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय नगर पंचायत के सुमेरगंज स्थित दशहरा मैदान में गुरुवार को भव्य रामलीला आयोजन में राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध के उपरांत रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। रावण दहन देखने के लिए सुबह से ही क्षेत्रीय लोग परिवार संग मैदान पर जुटे। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने झूले, मिठाई और खरीदारी का आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक बुराइयों को त्यागने का संकल्प भी है। उन्होंने कहा, आज के समय में रावण दहन का अर्थ केवल पुतले तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमें अपने भीतर मौजूद अहंकार, ईर्ष्या और अन्य बुराइयों को खत्म करना होगा। तभी समाज में सच्चे अर्थों में अच्छाई की जीत होगी।

कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, कोतवाल अंकित त्रिपाठी, जवाहरलाल वर्मा व अभिषेक वर्मा ने भी पहुंचकर आरती उतारी। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

रावण दहन के साथ ही आसमान में आतिशबाजियों की गूंज ने दशहरा मैदान को रोशन कर दिया।

## अभियुक्तों की कुर्क होगी एक करोड़ तीस लाख का सम्पत्ति

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

जालसाजी करने वाले गिरोह के सरगना की अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 01 करोड़ तीस लाख रुपये को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा कुर्क किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश के अनुक्रम में जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी जिसका विवरण निम्नवत है।

इसी क्रम में थाना सफदरगंज पर पंजीकृत मु.अ.सं. 127/2025 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त/गिरोह सरगना अभिजीत शर्मा पुत्र कैलाश चन्द्र शर्मा निवासी फ्लैट नं0 202/2024 मन्नू टावर बद्री सर्राफ के पीछे साई धाम मार्ग विकास नगर लखनऊ मूल पता निदेशक स्टार फ्यूचर इन्फ्राजोन प्राइवेट लिमिटेड, म0नं0 648 जटेपुर तहसील गोरखपुर जनपद गोरखपुर 2. दिव्या श्रीवास्तव उर्फ दिव्या शर्मा पत्नी अभिजीत शर्मा निवासिनी फ्लैट नं0 202/2024 मन्नू टावर बद्री सर्राफ के पीछे साई धाम मार्ग विकास नगर लखनऊ 3. जाहिद जमाल सिद्दीकी पुत्र शाहिद जमाल सिद्दीकी निवासी ग्राम व पोस्ट चौकिया थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर वर्तमान पता सूर्य विहार कालोनी थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर के साथ मिलकर आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु जनता के लोगों के साथ छल कपट, कूटरचना, धोखाधड़ी व जालसाजी कर सम्पत्ति हड़पने जैसे जघन्य अपराध कारित किए जाने में लिप्त हैं। इस गिरोह द्वारा कारित किए गए आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियुक्त/गिरोह सरगना अभिजीत शर्मा द्वारा ग्राम लक्षबर वजहा परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज में स्वयं के नाम पर भिन्न-भिन्न गाटा संख्याओं में क्रय की गई अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 01 करोड़ 30 लाख 19 हजार 500 रुपये को थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा चिन्हित कर श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई थी। इसी क्रम में अन्तर्गत धारा 14(1) उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कुर्की का आदेश निर्गत किया गया है । बाराबंकी पुलिस द्वारा अन्य अभियुक्तों द्वारा अपराध से धन अर्जित कर क्रय की गयी चल/अचल सम्पत्तियों की जानकारी हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गयी है।

## अखिलेश को सीएम बनाने के लिए कार्यकर्ता मजबूत करें बूथ : एसपी सिंह

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में प्रतापगढ़ के सांसद एसपी सिंह पटेल ने कहा कि गरीब मजदूर किसान नौजवानो के उत्थान के लिए प्रदेश में पुनः समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में जुट जाएं। उन्होंने से कार्यकर्ताओं से अपना अपना बूथ मजबूत करने की जिम्मेदारी निर्वहन करने के लिये प्रेरित किया। सपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले स्नातक चुनाव होने हैं जिनके मतदाता बनाए जा रहे हैं आप सब अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्नातक के मतदाता बनाकर इस चुनाव को भी मजबूती प्रदान करने का काम करें क्योंकि इसके जितने ज्यादा मतदाता बनेंगे इसका इस चुनाव में उतना ही पलड़ा भारी रहेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा हमारा बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी है उनकी मेहनत और परिश्रम ने प्रदेश में कई बार समाजवादी सरकार का गठन किया जनपद की 6-की 6 विधानसभा जीतने का गौरव भी इन्हीं बूथ अध्यक्षों की मेहनत का ही परिणाम था इसलिए इस कर में किसी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, रतनलाल राव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, सुरेश चंद गौतम, चौधरी फरजान उस्मानी, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, राजेश वर्मा, जसवंत यादव, रिजवान संजय, गौतम रावत, मोहम्मद आफाक, जिला सचिव ओमचंद यादव, दिनेश शर्मा, धीरज यादव, लल्ला यादव, निशांत अहमद, संजय सिंह, तेज कुमार रावत, जितेंद्र पटेल, जिला अध्यक्ष युवजन सभा आशीष सिंह आर्यन, जिला अध्यक्ष महिला सभा पूनम यादव, जिला अध्यक्ष प्रबुद्ध सभा ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम नोमानी, रुपेश रावत, रमेश चंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव, उबेद सानू, सुरेश चंद यादव, जयसी राम यादव, जिला पंचायत सदस्य रामबख्श रावत, धर्मेंद्र यादव, वासुदेव वर्मा, राम सजीवन रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश गौतम, केशव राम वर्मा, रमेश चंद्र रावत, अखिलेश यादव, आकाश यादव, अंकित वर्मा, संतोष रावत, रिंकू विश्वकर्मा, मिथिलेश रावत, शकीला बानो, मीना यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता बैठक में मुख्य रूप से मौजूद रहे हैं।

### धीरेंद्र वर्मा ओलंपिक एसोसिएशन के बने सचिव, जतिन वर्मा अध्यक्ष



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। जिला ओलंपिक एसोसिएशन की आज सम्पन्न बैठक में प्रसिद्ध खेलप्रेमी व व्यवसायी जतिन वर्मा को अध्यक्ष एवं धीरेन्द्र कुमार वर्मा को सचिव चयनित किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव आनन्देश्वर पांडेय की उपस्थित व अध्यक्षता में आज होटल रॉयल रियलाइट में आयोजित आमसभा की बैठक में ज़िला ओलंपिक एसोसिएशन की नव गठित ज़िला कार्य समिति में मुख्य संरक्षक-अरविन्द कुमार सिंह गोप, संरक्षक-सुरेन्द्र सिंह वर्मा व भानुप्रताप सिंह, अध्यक्ष-जतिन वर्मा, वरि.उपाध्यक्ष-मज़हर अजीज खाँ, उपाध्यक्ष-राशिद अजीज खाँ,राजेश आरोरा बब्बू, अविरल सिंह, रवि वर्मा, सचिव-धीरेन्द्र कुमार वर्मा, सह सचिव-सिद्धान्त पटेल, संयुक्त सचिव- श्रेया वर्मा, रितु पाठक, संगठन मंत्री-नसीम कीर्ति, कोषाध्यक्ष-कुशल अग्रवाल, सदस्य-मो.असलम,तारीक खाँ, अमर सिंह, अरुणेन्द्र कुमार,आदित्य वर्मा अंगद, जगदीश वर्मा,चन्दारानी,धर्मेन्द्र वर्मा, एवं दिवाकर अवस्थी। पदेन सदस्य- अध्यक्ष, सचिव समस्त सम्बद्ध विभिन्न खेल संघ, होगें।

## डीएम के आगमन पर अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

मुहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।



तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी के प्रथम आगमन पर सेंट्रल बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल आलोक कुमार राय के नेतृत्व में बुके प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर अधिवक्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार राय ने जिलाधिकारी महोदय को अभिनंदन पत्र सौंपा। जिलाधिकारी के अभिनंदन से अभिभूत सभागार में उपस्थित सभी अधिकारीगण द्वारा स्वागत में ताली बजाने से सभागार गूंज उठा। अभिनंदन के क्रम में ही अधिवक्ता श्री राय ने शहीद भवन की जर्जर स्थिति पर ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।

समाधान दिवस की समाप्ति के बाद पुनः अलग से उपजिलाधिकारी के विश्राम कक्ष में जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बैठक के जरिए समस्याओं की जानकारी चाही। इस अवसर पर प्रमुख से रूप से शासकीय अधिवक्ता डॉक्टर अशोक तिवारी बार के संयोजक दयाशंकर दुबे अश्वनी राय अतुल राय रिपुसुदन राय रामविलास राय मुनींद्र गिरी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दुष्कर्म की झूठी सूचना से पुलिस परेशान

ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।

दुष्कर्म की सूचना पर दौडी पुलिस को घटना झूठी मिली मासूम के माता पिता ने कहा बेटी के गिरने से चोट आई थी। ऊसराहार थाना क्षेत्र के एक गांव मे शुक्रवार को अपनी ही दो वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करने की सूचना ऊसराहार थाना पुलिस को मिली सूचना मिलते ही ऊसराहार थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुची तो घटना की सूचना गलत मिली थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया शुक्रवार को फोन पर सूचना मिली थी कि एक दो वर्षीय बेटी के साथ उसके पिता ने ही दुष्कर्म किया है सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुची तो बेटी व उसके माता पिता से पूछताछ की गई पूछताछ मे बताया उसकी बेटी चार पांच दिन पहले लकडी पर गिर गई थी जिससे उसके चेहरे सहित शरीर के कई हिस्से मे चोट आई है जिसका वह औरया जनपद के उमरैन कस्बे से पांच दिन से इलाज करा रहा है थानाध्यक्ष ने बताया लडकी के माता पिता से उस डाक्टर का नाम पता लिया गया।

जिस जगह वह बेटी का इलाज करा रहा है उसके बाद उस डाक्टर से बात की गई तो डाक्टर ने भी दुष्कर्म जैसी किसी घटना को नकार दिया डाक्टर के मुताबिक उसके शरीर मे कुछ स्थानो पर चोट आने के कारण इन्फेक्शन हो गया है लडकी की माता पिता ने बताया किसी ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म की गलत अफ़्वाह फैलाई है।

## स्व. मुलायम सिंह के चित्र पर किया माल्यार्पण

▸ सपा अध्यक्ष ने पार्टी स्थापना की सभी को दी शुभकामनाएं

इटावा, समृद्धि न्यूज।



पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, प्रदेश सरकार के पूर्वमंत्री रामसेवक यादव, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा केक काटकर पदाधिकारियों के साथ सभी को समाजवादी पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, राजपाल सिंह यादव, जिलाप्रवक्ता विक्की गुप्ता, राकेश यादव, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, जिलासचिव संतोष राठौर, अंकुर यादव, कार्यालय प्रभारी जयचंद यादव, अवनीश आगमन, अमित कठेरिया, कैलाश नारायण गुप्ता, दीपू यादव, धर्मेंद्र भदोरिया, सोनू परिहार, रघुवीर सिंह राजपूत आदि ने समाजवादी पार्टी स्थापना दिवस की पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनपदवासियों को बधाई दी।

# खेती के साथ पशुपालन अपनाकर बढ़ाएं आय : सुषमा पाल

**▸ नगला दिलू में लगा पशुपालन शिविर**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगला दिलू में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर का गौ पूजन के साथ शुभारंभ करते हुए ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल ने ग्रामीणों से खेती के साथ-साथ पशुपालन अपनाने का आह्वान किया, ताकि वे अपनी आय को दोगुना कर सकें।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पशुपालन विभाग ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रहा है। पशुपालक इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आजीविका को और बेहतर बना सकते हैं। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नेम कुमार ने पशुपालकों को विभाग की विभिन्न योजनाओं मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 द्वारा पशुओं के लिए त्वरित चिकित्सा सुविधा, बांझपन चिकित्सा, पशुओं में प्रजनन समस्याओं का समाधान, समय पर टीके और पेट के कीड़ों की दवा, सेक्स्ड स्मार्टेड सीमेन कृत्रिम गर्भाधान से बछिया प्राप्ति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में पशुपालकों के लिए वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना में पशुओं का बीमा कवर, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में छोटे पशुपालकों के लिए विशेष योजना,गौसंवर्धन योजना में गायों के संरक्षण और प्रजनन के लिए प्रोत्साहन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वेटरनरी फार्मासिस्ट गौरव पाण्डेय की देखरेख में पशुपालकों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं।

शिविर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, प्रधान अनुज कुमार शाक्य, पशु चिकित्साधिकारी इंदरगढ़ डॉ संतोष सिंह, पशु चिकित्साधिकारी मेरापुर गढ़िया डॉ कौशलेंद्र सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी सत्यम यादव, देवेंद्र सिंह, पशु मित्र अमित राठौर, आदित्य, विवेक, अभिषेक, आलोक, राजेश (वेफ), वैक्सीनेटर पवन तिवारी, सत्येंद्र सिंह, गौरव सहित बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

# एक दिन की प्राचार्य बनी दिव्या साक्षी, निभाई जिम्मेदारी

**छात्राओं में नेतृत्व क्षमता हेतु मिशन शक्ति अभियान के तहत दिए सुझाव**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रजिस्टर का अवलोकन करती प्राचार्य दिव्या साक्षी

क्षेत्र के अनौगी स्थित महामाया आईटी पॉलिटेक्निक में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत मैकेनिकल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष की छात्रा कु. दिव्या साक्षी को एक दिन के लिए संस्थान की प्राचार्य बनाया गया। दिव्या साक्षी ने प्राचार्य का कार्यभार संभाला, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के साथ संस्थान के सभी शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं नैतिक कार्यों का संचालन किया। दिनभर की गतिविधियों के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की तथा संस्था की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी। यह आयोजन विशेष रूप से छात्राओं में नेतृत्व कौशल, निर्णय-निर्माण की क्षमता और आत्मबल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। छात्रा दिव्या साक्षी ने इस भूमिका को न केवल कुशलता से निभाया, बल्कि अपने व्यवहार और कार्यशैली से शिक्षकों, कर्मचारियों और सहपाठियों को भी प्रभावित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दिव्या को यह एक दिवसीय प्राचार्य का कार्यभार संस्था के वर्तमान प्राचार्य एस.के. वर्मा की अनुमति से प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.एस. कमल द्वारा सौंपा गया।

## मतदाता सूची में उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिजीत सिंह सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पंचायत चुनाव की मतदाता सूची निर्माण में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्राथमिक विद्यालय दीनपुर के प्रधानाध्यापक अभिजीत सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी एवं उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया। अभिजीत सिंह को उनकी कुशलता और समर्पण के लिए तीनों ब्लॉकों का नोडल सुपरवाइजर भी नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर स्थानीय समुदाय ने उनकी सराहना की। यह सम्मान उनके कार्य की गुणवत्ता और पंचायत चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरों पर होगी सख्त कार्रवाई



अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम आशीष कुमार सिंह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**▸ एडीएम ने अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

आगामी त्योहारों को देखते हुए जनपद में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा से संबंधित अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण व विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए। त्योहारों के मद्देनज़र विशेष छापामार अभियान चलाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहा कि कार्रवाई में व्यापारियों का अनावश्यक शोषण न हो। साथ ही लंबित वादों की पैरवी कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य लाइसेंस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। जनपद के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। आमजन को मिलावटी खाद्य पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। ताजे एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थों के उपभोग को लेकर भी जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। खाद्य कारोबारियों को भी लाइसेंसिंग, भंडारण, स्वच्छता इत्यादि विषयों पर जागरूक करें। इस मौके पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय/अभिहित अधिकारी उमेश प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी रहे।

# डोली भूमि गिरत दसकंधर, क्षुभित सिंधु सर दिग्गज भूधर

**▸ रावण के धराशाई होते ही लगे जय श्रीराम के नारे**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



डोली भूमि गिरत दसकंधर, क्षुभित सिंधु सर दिग्गज भूधर चौपाई के साथ ही बुराई के प्रतीक रावण का अंत हो गया। तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम नारों के बीच रावण और मेघनाद के पुतले आग के हवाले कर दिए गए।

विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में शुक्रवार को राम-रावण युद्ध देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी। राक्षस और वानर सेना के बीच युद्ध का दृश्य देख दर्शक रोमांचित हो उठे। हनुमान समेत वानर सेना की उछलकूद बच्चों को खूब भाई। एक-एक कर राक्षस सेना के महारथी धराशाई होते गए। कुंभकरण और मेघनाद का वध होने के बाद रावण खुद युद्ध मैदान में जा पहुंचा। श्रीराम और लक्ष्मण द्वारा छोड़े गए तमाम बाण उसके सामने बेअसर साबित हुए। यह देख कुछ देर के लिए श्रीराम असमंजस में पड़ गए। संकट की घड़ी में विभीषण ने रावण की नाभि में अमृत होने का भेद खोलते हुए कहा कि इसे सुखाए बिना रावण वध असंभव है।

श्रीराम ने एक साथ 31 बाण छोड़े। एक बाण से नाभि का अमृत सूखने और 30 बाणों से 10 सिर और 20 भुजाएं कटकर गिरने से रावण धराशाई हो गया। प्रतीकात्मक रावण का धराशाई होना था कि जय श्रीराम के नारे गूंज उठे। रावण, मेघनाद, कुंभकरण के पुतलों में आग लगा दी गई। उनमें रखी आतिशबाजी के धमाको से आसपास का इलाका गूंज उठा। व्यवस्थापक प्रेम मुरारी दुबे ने युद्ध की शानदार कमेंट्री की। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, कमेटी के अध्यक्ष देवकीनन्दन मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी, हिमांशु चौहान, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान, कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार चौरसिया, राजीवनयन त्रिपाठी, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, आचार्य प्रशांतानन्द चन्दन आदि ने प्रभु श्री राम की आरती की। इस दौरान अंकुर दीक्षित, टीटू अग्निहोत्री, बृजेंद्र उर्फ बब्बा यादव, सनी अग्निहोत्री, टिंकू दीक्षित, अमित दुबे, पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, आशु तिवारी, विनीत अग्निहोत्री, जितेंद्र दीक्षित एडवोकेट, दिलीप गुप्ता, प्रतीक भारद्वाज, नीरज यादव, आकाश मिश्रा, रिंकू दीक्षित, अर्पित मिश्रा एवं आशुतोष दुबे आदि मौजूद रहे।

## अध्यक्ष व महामंत्री ने सभी के प्रति जताया आभार

छिबरामऊ। दशहरा कार्यक्रम में बेशुमार जनसैलाब के बीच सफल हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त पदाधिकारियों, सहयोगियों, पत्रकार बंधुओं व मातृ शक्ति के प्रति आभार जताते हुए श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह उर्फ श्यामू चौहान ने कहा सभी का नत मस्तक होकर अभिनंदन व धन्यवाद करते हैं। आप सभी के सहयोग से ही रामलीला के कार्यक्रम ज़बरदस्त रहे हैं।

# स्वच्छता के लिए व्यापारियों को किया जागरूक



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे और कार्यकारी अधिकारी (ईओ) सुनील कुमार सिंह ने बाजार क्षेत्र का दौरा कर व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस अभियान का उद्देश्य शहर को कूड़े-मलवे से मुक्त कर स्वच्छ और सुंदर बनाना है। बाजार में घूमते हुए दुकानदारों से अनुरोध किया कि वे अपनी दुकानों का कूड़ा सड़कों पर न फेंकें। इसके बजाय, शाम को आने वाली टिपर वाहन में ही कूड़ा डालें। इससे न केवल सड़कें साफ रहेंगी, बल्कि शहर का समग्र पर्यावरण भी बेहतर होगा। अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि स्वच्छता हमारी साझा जिम्मेदारी है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें, तो छिबरामऊ को स्वच्छ भारत अभियान का आदर्श शहर बना सकते हैं। ईओ सुनील कुमार सिंह ने व्यापारियों से भावुक अपील करते हुए कहा स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और स्वास्थ्य का आधार है। कल्पना कीजिए, यदि हमारा बाजार कूड़े के ढेरों से भरा रहेगा, तो ग्राहक कैसे आकर्षित होंगे? कृपया शाम की टिपर में कूड़ा डालें और यदि कोई समस्या हो, तो तुरंत संपर्क करें। याद रखें, स्वच्छ छिबरामऊ हमारी पहचान बनेगा। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। एक-एक कदम से हमारा शहर चमकेगा। उनकी अपील पर व्यापारियों ने तालियां बजाकर समर्थन जताया और अभियान में सहयोग का वादा किया। इस दौरान सफाई प्रभारी अमरदीप एवं प्रवेश कुमार, रमेश यादव, रामेंद्र कुमार, नितिन तिवारी, मंगल सैनी, आकाश चंदेल, विनीत बाथम, आनंद कुमार तथा सुभाष चंद्र सफाई नायक मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में 175 शिकायतों में 13 का निस्तारण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 175 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रामकृपाल चौधरी और उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की।

निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया। इस दौरान राजस्व विभाग की 9, पुलिस की 3 तथा पूर्ति विभाग की 1 शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 118 शिकायतों में 12 का निस्तारण

**▸ डीएम ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर दिया जोर, बीमार फरियादियों की कराई जांच**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 118 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने शेष शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पिछली शिकायतों का पेंडिंग न रहना अच्छा संकेत है। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों को भी गंभीरता से लेने और निस्तारण के साक्ष्य अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद की रैंकिंग में आई गिरावट को गंभीरता से लेते हुए सुधार की बात कही। इस दौरान दो फरियादी स्वामी विवेकानंद और महेश चंद्र को अस्वस्थ महसूस हुआ। जिन्हें मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चेक किया। दोनों का बीपी और पल्स रेट अधिक पाया गया। डीएम ने उन्हें एक माह की दवाएं निःशुल्क देने और स्वास्थ्य विभाग को नियमित निगरानी के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान में जिले की बेहतर रैंकिंग में शिक्षा विभाग की अहम भूमिका रही है। साथ ही सभी विभागों को जनसहभागिता बढ़ाने और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए लाभार्थियों को समय से सुविधाएं देने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी विनोद कुमार, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, एसडीएम सदर वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी सहित कई अधिकारी रहे।

# राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का हुआ समापन

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

रामलीला भवन में चल रहे रामलीला महोत्सव 2025 का समापन भरत मिलाप व राम राज्याभिषेक के साथ हुआ। रंगमंच के अभिनेताओं ने अपने अभिनय से लोगों को रामराज्य की याद दिलाई।

रामलीला महोत्सव 2025 के अंतिम दिन रामलीला भवन में भगवान श्रीराम के अयोध्या वापसी के साथ भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया और प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। इस दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता के साथ राजगद्दी पर विराजमान हुए। लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमानजी समेत अयोध्या में खुशी मनाई गई। इसके बाद लवकुश लीला का मंचन किया गया। दूसरे प्रसंग में श्रीराम लक्ष्मण से मां सीता को वन भेजने को कहते हैं। भगवान राम की आज्ञा पाकर लक्ष्मण सीताजी को वाल्मीकि आश्रम छोड़ आते हैं। धनुष बाण छूट जाता है और उसी समय सीताजी धरती में समा जाती हैं। लीला के मंचन में राम की भूमिका मनोज तिवारी, सीता तितली रानी, लक्ष्मण शीपू पारासर, भरत बृजेश शर्मा, शत्रुघ्न श्याम जादौन, हनुमानजी की भूमिका रमेश दुबे ने निभाई। आयोजन में समित अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, मंत्री पवन चतुर्वेदी, राजकुमार आचार्य, खट्टू महाराज, मंगल चतुर्वेदी, गुड्डन सक्सेना, राजा सिंह सेंगर आदि ने सहयोग किया।

# पुलिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू (भानू) ने खोला मोर्चा

**▸ 8 अक्टूबर से तहसील में धरना प्रदर्शन का ऐलान**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने तहसील में क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर छिबरामऊ कोतवाली और इसके अंतर्गत आने वाली कुछ चौकियों के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए 8 अक्टूबर से तहसील में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाकियू हमेशा प्रशासन के साथ मिलकर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करती रही है, लेकिन कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की भ्रष्ट प्रवृत्ति के कारण क्षेत्र के किसान और पदाधिकारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। यूनियन ने आरोप लगाया कि जब से किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक और आंदोलन की घोषणा की गई, तब से पदाधिकारियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर संगठन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। इससे किसानों में भारी आक्रोश है। इसके विरोध में यूनियन ने 8 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से तहसील परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू करने का ऐलान किया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने निगरानी और सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की, तो अराजक तत्वों से किसानों को नुकसान हो सकता है। यूनियन ने भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी ठोस आश्वासन नहीं देता।

इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, राष्ट्रीय सचिव आरपी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अमित राजपूत, जिला सचिव आदेश शाक्य, राजीव यादव, पिंटू राठौर, और युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अयूब खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दो किग्रा गांजा, 18 मोबाइल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

चोरी के 18 मोबाइल व दो किग्रा गांजे के साथ कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी को सूचना मिली कि उरई रोड पर बर्फ फैक्ट्री के पास एक व्यक्ति चोरी के मोबाइल व नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही उन्होंने चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने वहां संदिग्ध अवस्था में खड़े मोहल्ला रावतान निवासी सुनील उर्फ कंजे यादव को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से दो किग्रा 50 ग्राम गांजा व चोरी के 18 मोबाइल बरामद किए। जिसकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये है। पूछतांछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि वह नगर व आसपास के क्षेत्र से मोबाइल चोरी करता था। उसके नाम पहले से ही कुछ मुकदमे दर्ज हैं। राहगीरों को अपनी मजबूरी बताकर वह उन्हें मोबाइल बेच देता था। मिलने वाले रुपयों से वह खुद पर और मुकदमे की पैरवी में करता है। मोबाइल न बिकने पर वह गांजा बेचकर खर्च चलाता था। कोतवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली में पहले से ही आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# चोरों ने फिर लगायी गृहस्वामी को लाखों की चपत



**▸ एक माह पूर्व हुई चोरी का अब तक पुलिस नहीं कर सकी खुलासा**

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच कोतवाली के क्षेत्र में बीती 25-26 सितम्बर की रात्रि को मुहल्ला आजाद नगर निवासी आफ्ताब उद्दीन पुत्र नूर उद्दीन के घर पर चोरों ने हाँथ साफ करते हुए 31 हजार रुपये चोरी कर लिए थे जिसकी प्राथमिकी पुलिस ने आज तक दर्ज नहीं की जिससे चोरों के हौंसले बुलंद हो गए और उन्होंने पुनः पुलिस को खुली चुनौती देते हुए 3-4 अक्टूबर 2025 की रात्रि फ़िर एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिए।

मामला मुहल्ला आजाद नगर निवासी आशिक अली पुत्र असगर अली के घर का है जहां पर बीती रात्रि चोरों ने घुसकर चोरी को अंजाम देते हुए फ़रार हो गए जब दिन शनिवार की सुबह 5.30 बजे अब्दुल कादिर जागा और देखा कि घर के मैंन गेट का कुंडा खुला हुआ था और किचन में रखा बक्शा की कुंडी खुली थी तब उसने माँ गुलशान को बताया और बक्शा खोलकर देखा तो उसमें रखी नथ बेंदी मंगलसूत्र सोने की अंगूठी सोने की चार चूड़ी दो मनचली सोने की पायल दो जोड़ी चांदी की विछिया चार चांदी सहित 10 हजार रुपया नगद गायब थे तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार सिंह कोतवाल क्राइम लल्लूराम रावत उपनिरीक्षक अशोक कुमार के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए।

## इंडियन बैंक शाखा के पीछे शराब ठेके से चौबीस घंटे बेंची जा रही शराब

**जालौन,उरई।** निर्धारित समय से पहले और बाद में देशी शराब के ठेके के खुलने की शिकायत मोहल्ले के ही एक व्यक्ति न एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। उन्होंने ठेके की जांच कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र के बालमभट्ट निवासी अमित ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि पूर्व में जहां इंडियन बैंक की शाखा थी उसके पीछे गली में देशी शराब की दुकान है। सरकार द्वारा शराब के बेचने के लिए श्समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद भी ठेके पर शराब बेचने वाला व्यक्ति शराब के बेचने के लिए उपाय किए है। वहां पर एक छोटी खिड़की जैसी बना रखी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 24 शिकायतें में आठ निपटी

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कोंच तहसील सभागार में एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 24 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपे जिस पर अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना और निस्तारण के लिए संबंधित बिभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि आई हुई शिकायतों का समय बद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें एसडीएम ने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में संबंधित लोगों को मौके पर बुलाकर पारदर्शी तरीके से समस्या का निस्तारण करें जिससे दुबारा फरियादी उक्त समस्या को लेकर न आये वहीं आयी हुई शिकायतों में से मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नही होगी और अगर मांनीटरिंग के दौरान कोई भी कमी पायी जाती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी के बिरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल, उपखण्ड अधीकारी रविन्द्र कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी नदीगांव शैलेन्द्र कुमार, एडीओ पंचायत नरेश चन्द्र द्विवेदी, वन विभाग वन दरोगा रमेश चन्द्र पाठक, राजस्व निरीक्षक लायक सिंह, सदर लेखपाल अखलेश कुमार सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्युत तार को लेकर हुए विवाद में मारपीट, दोनों ओर से तहरीर

**कोंच,जालौन।** लाइट की वायरिंग हिल जाने पर विवाद इतना बड़ा की एक पक्ष में दूसरे पक्ष की जमकर मारपीट कर दी और मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच गया। मामला मोहल्ला भगत सिंह नगर का है जहां की निवासिनी शमी में बेगम पत्नी समसुल्ला ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जब मैं घर पर थी तभी पड़ोसी नौशाद सलमान व फीरोज पुत्रगण कय्यूम अपने दो अज्ञात साथियों के साथ घर के अंदर घुस आए और गाली गलौच करते हुए बोले कि मेरी लाइट की वायरिंग क्यों हिला दी जिसका विरोध शमीम बेगम ने किया तो उक्त लोग घर के अंदर घुस आए और मारपीट करने लगे जब मुझे मेरे पति बचाने आये तो उक्त लोगों ने उन्हें भी मारापीटा शमीम बेगम ने उक्त लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश का भविष्य अखिलेश यादव के हाथों में ही सुरक्षितः डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

- जनता को नहीं, उद्योगपतियों को पहुंचाया जा रहा लाभ
- जनता पर जब-जब अत्याचार होगा,सपा उसके साथ खड़ी होगी
- अमृतपुर के बराकेशव में पीडीए जन चौपाल का हुआ आयोजन



जन चौपाल को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा अमृतपुर के ग्राम बराकेशव में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के लिए नहीं, बल्कि उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। आज हम मूलभूत सुविधायें के लिए तरस रहे हैं। इसलिए हमें अभी से जागरुक होना होगा और आने वाले चुनाव में पूरे जीजान से जुटना होगा, तभी हम सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता प्रशस्त करने में कामयाब हो पायेंगे।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने यादव ने कहा कि जनता पर जब-जब भी अत्याचार होगा, तब-तब समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी दिखायी पड़ेगी। हमारी पार्टी की मीटिंगें लगातार जारी रहेंगी, हमें जनता के दिलों को जीतना है। लोगों की समस्याओं के लिए हम घर-घर जायेंगे। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि आज सूबे के मुख्यमंत्री अपने को सबसे बड़ा गौ भक्त कहते हैं,जबकि अगर देखा जाये, तो सबसे ज्यादा स्लाटर हाउस भाजपा नेताओं के ही हैं। यू.पी. में गौ मांस की बिक्री पर प्रतिबंध हैं, लेकिन गोवा में भी तो भाजपा की सरकार है, वहां पर गौ मांस की बिक्री पर क्यों नहीं प्रतिबंध लग रहा है। सरकार का यह दोहरा चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो गया है। अब जनता उसके छलावे में आने वाली नहीं है। आज किसान खाद के लिए मारा-मारा घूम रहा है। उसने खाद नहीं मिल रही है। किसान का छह हजार रुपया माफ नहीं होगा, जबकि उद्योगपतियों का छह लाख करोड़ माफ किया जा रहा है। सरकार आपके लिए नहीं, उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। पहले सरकार कहती थी कि जनता से जीएसटी नहीं वसूली जायेगी, जबकि आज हर चीज पर जनता से ही जीएसटी वसूली जा रही है। चाहे वह कोई भी चीज हो, उस पर अतिरिक्त जीएसटी टैक्स जनता से लिया जा रहा है। यह जीएसटी का पैसा अगर मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा आदि में लगे, तो ठीक है, लेकिन इसका लाभ जनता को न देकर पूंजीपतियों को दिया जा रहा है।

आज सरकारी बसों का किराया प्राइवेट बसों की तुलना में ज्यादा है, तभी तो सरकारी बसें खाली चल रही हैं। आज चंद किलो राशन देकर जनता के ध्यान को भटकाया जा रहा है। जबकि समाजवादी पार्टी शिक्षा और चिकित्सा पर ज्यादा ध्यान देती थी। आज युवाओं को यह प्रण लेना होगा कि हमें राशन लेने वाला बनना है, या राशन देने वाला। यदि अधिकारी बन जाओगे, तो राशन स्वयं वितरित करोगे। भाजपा सरकार बाली की तरह काम कर रही है, वह सामने वाले की आधी शक्ति को खींचकर उसे नष्ट कर देती है। कोरोना काल में जहां दुनिया महामारी को खत्म करने के लिए वैक्सीन लगवा रही थी, तब मोदीजी जनता से थाली पिटवा रहरे थे। हमें ऐसी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। अब फैसला आपके हाथ में है। 193 विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर 32 बराकेशव के बूथ संख्या-319, 320, 321, 332 में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन अभय यादव, शिव शंकर शर्मा जिला सचिव, नीलम सिंह जिला सचिव महिला सभा, सुनीता शाक्य उपाध्यक्ष महिला सभा, दीक्षा शाक्य जिला सचिव महिला सभा, डॉ. नवरंग सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष, अनुराग यादव लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष, अमित कठेरिया, अमन सूर्यवंशी, नाहर सिंह यादव, भोला यादव, दर्वेश सिंह यादव पूर्व प्रधान सितवनपुर पिसू, नंद किशोर यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य, वरन सिंह यादव, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर अनीता रंजन ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला



ब्लड डोनर छात्रा को प्रमाण पत्र देंती डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वैदिक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल से आए अधिकारियों एवं कर्मचारी के सहयोग से कुल 42 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने रक्तदान किया। शिविर में राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टर प्रवीण कुमार, गिरीश कुमार, सीनियर लैब टेक्नीशियन अमित सिंह एवं फराह नाज, लैब टेक्नीशियनशोभित कटियार, काउंसलर शिवम चौहान, स्टाफ नर्स दीपक अवस्थी, जय देवी एवं मनोज कुमार उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर नीतू श्री के संरक्षण एवं क्रिया शरीर विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर ज्ञानेंद्र गुप्ता एवं लेक्चर डॉक्टर अरीब हुसैन की देखरेख में चलाए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पंजीकरण की कुल संख्या 55 रही। जिसमें कुल 42 छात्र-छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में डॉक्टर ज्ञानेंद्र गुप्ता, डॉक्टर आरीब हुसैन, डॉक्टर निरंजन, डॉ. विकास बाबू, डॉ. मधु रंजन, डॉ. अरुण पांडे, डॉ. आनंद बाजपेई, डॉक्टर गगन देवी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान करके दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया तथा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर अनीता रंजन द्वारा इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सभी के द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की गई एवं रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# असत्य पर सत्य की हुई जीत, राम ने रावण का किया वध

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला कमेटी की ओर से रावण वध की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। रावण वध होते ही जय श्रीराम के नारों से रामलीला ग्राउंड गूंज उठा। बाद में रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को रामलीला कमेटी की ओर से राम रावण युद्ध व रावण वध की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए नगर से हजारों की संख्या में युवा, बच्चे, महिलाएं व युवतियां रामलीला ग्राउंड पहुंचे। सुबह 11:00 बजे के लगभग श्री रामचंद्र जी अपनी सेना के साथ लंकापति रावण की सेना के साथ में युद्ध करते हुए, रोड से होते हुए रामलीला ग्राउंड तक पहुंचे। वहां पर विभिन्न प्रकार के राक्षसों को मारते हुए अंत में रावण का वध किया। इस दौरान रामलीला ग्राउंड जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। रामलीला कमेटी द्वारा व्यवस्था सही ढंग से न किये जाने के कारण अव्यवस्थायें हावी रहीं। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस बल भी शिथिलता बरतते नजर आया। रावण वध के बाद नियमित हो रही कमालगंज चौराहे पर ऐतिहासिक आरती का नगर के लोग आनंद लेते रहे।



धू-धू कर जलते रावण व कुंभकर्ण के पुतले

जो रात्रि में लगभग 11:12 बजे हुई। जिसमें कमालगंज चौराहा पर रोड को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। जनता द्वारा एक घेरा बनाकर उस घेरे में श्री रामचंद्र जी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और मां जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान हुए। आरती को हनुमान और अंगद जी द्वारा उछल-उछलकर एक से डेढ़ घंटे तक किया गया।



बंद पड़ा आंगनवाड़ी केंद्र

## करोड़ों की लागत से तैयार आंगनवाड़ी केंद्र बंद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किया गया आंगनवाड़ी केंद्र सफेद हाथी साबित हो रहा है। वहीं जिम्मेदार भी मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं कि आखिरकार आंगनवाड़ी केंद्र चालू करने के लिए अब किसके फरमान का इंतजार है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 किदवई नगर के ग्राम डबौआ के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बना आंगनबाड़ी केंद्र बंद पड़ा है। जब इस संबंध में आंगनबाड़ी सहायिका से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि इसकी चाबी कहीं खो गई है। इस वजह से नहीं खुल पा रहा है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री केंद्र पर नदारद दिखी, जबकि शासन, प्रशासन की मंशा के अनुसार करोड़ों रुपया खर्च कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मानदेय देने के बावजूद रैली आयोजन में सरकार पैसा खर्च कर रही, लेकिन धरातल पर आंगनबाड़ी केंद्रों की हकीकत कुछ और ही है। जिसका जीता जागता उदाहरण आंगनबाड़ी केंद्र में पड़े ताले हैं।

# डिजिटल एप के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज में डिजिटल एप के माध्यम से शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा देने के गुर सिखाये।

नगर पंचायत क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन तथा सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य ने शासनादेश के द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत बच्चों को टेलीविजन के माध्यम से डिजिटल एप के तहत शिक्षा दी। जिसमें बच्चों को टेलीविजन के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत सहित सभी शिक्षाओं का ज्ञान दिया तथा बच्चों को टेलीविजन के माध्यम से पढ़ाई करने के मंत्र दिये। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य तथा समस्त छात्र छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।



बच्चों को डिजिटल शिक्षा देते शिक्षक

# कार चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कार सवार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गये। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित विपिन पुत्र राजेन्द्र सिंह ग्राम देवरान गढ़िया थाना कमालगंज का रहने वाला हूँ। दिनांक 03 अक्टूबर को शाम करीब 6:30 बजे मैं व मेरा चचेरा भाई दिलीप पुत्र जगदीश निवासी ग्राम देवरान गढ़िया थाना कमालगंज अपनी बाइक स्पलेंडर प्लस गाडी सं0-यू.पी.76एएन1892 से जानवरों की दवा लेकर वापस घर मोहम्मदाबाद से लौट रहा था। मैं बाइक चला रहा था। दिलीप पीछे बैठा था, तभी कमालगंज की ओर से आ रही कार गाड़ी सं0-यू.पी.76एपी3158 के अज्ञात चालक ने कार तेजी व लापारवाही से चलाते हुये कमालगंज स्थित रुचि हॉस्पिटल के निकट मेरी बाइक में विपरीत दिशा में आकर सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मैं मामूली रुप से घायल हो गया, लेकिन बाइक में पीछे बैठा चचेरा भाई दिलीप गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो में एम्बुलेंस से दिलीप व मुझे सीएचसी कमालगंज भेजा। दिलीप की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिये रेफर किया गया। कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## रास्ते में घेरकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रास्ते में घेरकर मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित ऋषी कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी ग्राम श्रंगीरामपुर थाना कमालगंज का निवासी है। दिनांक 1 अक्टूबर को समय लगभग 11:30 बजे पीड़ित अपनी पुत्रियों को पार्वती पत्नी जागेश्वर नाथ के घर से कन्याभोज कराकर वापस लेकर आ रहा था, तो रास्ते मे दुर्गेश पुत्र कृपाचार्य ने रास्ते मे घेर लिया और पीड़ित के पिता को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा पीड़ित ने उसे गाली-गलौज करने ले मना किया, तो दुर्गेश, अनूप, कुलदीप, रिंकी ने मिलकर पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ित वहां से किसी तरह बचकर भागा। आगे गली में इन लोगों ने दोबारा फिर से पीड़ित को घेरकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुरदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## तालाब में उतराता मिला युवक का शव



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक दिन पूर्व हुए विवाद के बाद घर से निकले युवक का शव तालाब में उतराता मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अमृतपुर के ग्राम मुजहा में शनिवार दोपहर एक तालाब में 40 वर्षीय युवक रजनीश जाटव का शव बरामत हुआ। शव मिलने की सूचना पर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गये। पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष मोनू शाक्या ने ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों के मुताबिक रजनीश शराब का आदी था और शुक्रवार रात परिवार में उसका विवाद हुआ था। वह अपने पीछे दो छोटे बच्चे 7 वर्षीय पुत्र शाश्वत और 9 वर्षीय पुत्री साक्षी को छोड़ गया है। उसकी पत्नी पहले ही घर छोड़कर जा चुकी है। मृतक की मां गंगा श्री का रो-रोकर बुरा हाल है। रजनीश अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। जिसमें प्रवेश और सर्वेश, उसके अन्य भाई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने 25 हजार के ईनामी बदमाश को दबोचा



पुलिस हिरासत में ईनामी अपराधी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 25 हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना कायमगंज पुलिस द्वारा शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय की विवेचना मु0अ0सं0 49/25 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना कम्पिल से सम्बन्धित 25000 हजार के वांछित इनामिया गैंगेस्टर अभियुक्त विजय प्रताप उर्फ करूउपरोक्त को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 245/25 धारा 3/25ए एक्ट बनाम विजय प्रताप उर्फ करू उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना कम्पिल पर करीब 14 मुकदमे पंजीकृत हैं।

## युवती को भगाने में आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर पुलिस ने छह माह पूर्व एक युवती को बहला-.फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना अमृतपुर क्षेत्र में एक ग्रामीण ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार आसमपुर निवासी श्यामवीर (31) पुत्र सुखवासी ने 13 अप्रैल को पीड़ित की पुत्री को बहला-फुसलाकर घर से भगा लिया था। इस मामले में श्यामवीर सहित चार लोगों के खिलाफ अपराध संख्या-34/2025 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अमृतपुर पुलिस ने आरोपी श्यामवीर को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया और उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मार्ग दुर्घटना में युवक की दिल्ली में मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में युवक की दिल्ली में मौत हो गयी। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लोकमान्य गंगा दरवाजा निवासी अनुराग उम्र 22 वर्षीय पुत्र सदन चतुर्वेदी पिछले 3 साल से दिल्ली में रहकर नौकरी करता था। गुरुवार 2 अक्टूबर की शाम को वह मोटरसाइकिल से वापस अपने कमरे पर जा रहा था, तभी रास्ते में मोटरसाइकिल व स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में अनुराग की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के द्वारा हादसे की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजन आनन-फानन में दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पुलिस के द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शुक्रवार की देर रात युवक का शव घर पहुंचा। युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीत्कार मच गया। परिजनों के द्वारा शनिवार को शमशाबाद क्षेत्र स्थित ढाईघाट पर युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। पुत्र की असमय हुई मौत पर मां सीमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। अनुराग तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। मृतक की शादी नहीं हुई थी।



मृतक का फाइल फोटो

# कोचिंग सेंटर में हुए भीषण विस्फोट में 10 बच्चे घायल, दो की मौत, डीएम व एसपी ने घायलों के लिए हालचाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में हुए विस्फोट में करीब दो दर्जन बच्चे घायल हो गये, जबकि दो बच्चों की मौत हो गयी। विस्फोट इतना भीषण था कि आसपास कई मीटर तक मकान हिल गये। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक लोहिया अस्पताल पहुंचे। आला अधिकारियों ने भर्ती घायलों से घटना के बारे में जानकारी की। साथ ही मौजूद चिकित्सकों को घायलों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के सातनपुर आलू मंडी रोड पर द सन लाइब्रेरी व कोचिंग सेंटर संचालित है। जिसको थाना नवाबगंज के गुठिना निवासी योगेश राजपूत व रविन्द्र शर्मा संचालित संचालित करते हैं। शनिवर दोपहर लगभग ढाई बजे बच्चे कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे थे। उसी दौरान अचानक कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना तीव्र था कि कोचिंग सेंटर के अंदर का पूरा स्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं, जबकि बाहर लगी लोहे की जाली डेढ़ सौ मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। घटना के समय पहली मंजिल पर पढ़ रहे 10 वर्षीय अभय पुत्र सुदीप श्रीवास्तव, 10 वर्षीय निखिल पुत्र नीलू यादव निवासी गुंजन बिहार कालोनी, 14 वर्षीय अंशुल पुत्र प्रदीप यादव व 13 वर्षीय आयुष यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी ग्राम मीरपुर, 14 वर्षीय अभय राजपूत पुत्र रघुवीर निवासी टिकुरियन नगला व 17 वर्षीय प्रभात पुत्र बबलू के साथ ही 25 वर्षीय आकाश सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना, 12 वर्षीय रिदम यादव पुत्र विवेक यादव, अंशिका गुप्ता पुत्री पंकज गुप्ता निवासी सेंट्रल जेल चौराहा के साथ 24 वर्षीय आकाश कश्यप पुत्र दीपक कश्यप निवासी निंनौआ फतेहगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गये। अंशुल यादव व आयुष के साथ ही प्रभात व अभय राजपूत का सेंट्रल जेल स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार किया गया। जबकि अन्य घायलों को लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहाँ आकाश सक्सेना को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल आकाश कश्यप को बाहर के लिए रेफर कर दिया गया। आकाश कश्यप की रास्ते में कमालगंज के निकट मौत हो गयी। मृतक आकाश सक्सेना के पिता दारोगा है और वर्तमान में लखनऊ में तैनात हैं। वहीं मृतक आकाश कश्यप के पिता दीपक कश्यप नगर पालिका फर्रुखाबाद में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं। हृदय विदारक घटना के बाद आकाश की माँ शशिलता व भाई अमित का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दोनों मृतक युवक सेना भर्ती की तैयारी कर रहे थे। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे और घायलों के हालचाल लिये। आला अधिकारियों ने सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार, सीएमएस डॉ. जगमोहन शर्मा और बाल रोग विशेषज्ञ अनूप दीक्षित, विवेक सक्सेना को घायलों का बेहतर उचपार करने के निर्देश दिये। इसके सौथ ही सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, नगर मजिस्ट्रेट संजय बंशल आदि भी मौके पर पहुंचे और जांच की।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते डीएम, एसपी, एएसपी व सीओ आदि



लोहिया अस्पताल में घायलों के हालचाल लेते आला अधिकारी




लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल बच्चे

## पड़ोसी बोले, विस्फोट भयानक था

घटना के संबंध में पड़ोसी अखिलेश दीक्षित का कहना है कि विस्फोट इतना तेज था कि उन्हें लगा उनके ही घर में धमका हुआ है। वह भयभीत होकर बाहर निकल आये। उन्हें बाहर बारुद की महक लग रही थी। उनका कहना है कि विस्फोट बारुद से हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इसकी गहनता से जांच करनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## घटना के कारणों की जांच शुरु

विस्फोट के बाद छात्रों की खड़ी मोटरसाइकिलें, स्कूटी और साइकिल जैसे अन्य वाहन भी 50 मीटर दूर तक जा गिरे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरीगेट थाना पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने कोचिंग सेंटर में मौजूद एक शिक्षक को हिरासत में लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय भी मौके पर पहुंच गए और उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दी।

# मासिक बैठक में बूथ गठन को गति देने पर दिया गया जोर

- एक जुट होकर सभी पीडीए को करें मजबूतः डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव
- 2027 के चुनाव में अभी से लग जायें कार्यकर्ताः चन्द्रपाल सिंह यादव


बैठक को सम्बोधित प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में संगठन की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक एजेंडा प्रस्तुत किया गया। एजेंडा में गत माह में तय कार्यवाही की पुष्टि, सदर विधानसभा की बूथ कमेटी गठन के कार्य को गति देने पर विचार, पूरे जनपद के सभी बूथों पर बीएलए बनाने पर विचार, पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम को गति देने पर विचार, अनावश्यक वोट कटवाने एवं नए वोट जुड़वाने के कार्य को गति देने पर विचार, कार्यालय के खर्चे की व्यवस्था पर विचार, जिला संगठन के पदाधिकारी एव फ्रंटल संगठन के अध्यक्षों को जोन वार जिम्मेदारी देने पर विचार प्रस्तुत किये गये। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी नेता/कार्यकर्ता दिये गये बिंदुओं पर विचार कर पार्टी मजबूत बनाये। 2027 का चुनाव हमारे लिए करो या मरो की स्थिति में होगा, इसलिए अभी से हमको उस कठिन लड़ाई की तैयारी करनी होगी।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सभी को एकजुट रहना होगा और एकजुट रहकर सिर्फएक ही बात ध्यान में रखनी होगी ,हमारे प्रत्याशी अखिलेश यादव हैं और चुनाव चिन्ह साइकिल है। उत्तर प्रदेश का भविष्य पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों में ही सुरक्षित है।

पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि यह चुनाव हमारे लिए या हमारी राजनीतिक विचारधारा के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि देश, लोकतंत्र और संविधान के लिए भी जरूरी है, इसलिए इस चुनाव को हर हाल में जीतने के लिए ही हमको तैयार होना पड़ेगा। इस मौके पर सर्वेश अम्बेडकर, आलोक यादव, सिराजुल आफाक मुन्ना, सौरव कटियार, अनुराग यादव, केके यादव ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, मिर्जा समीर बेग, मुख्तार आलम, शिव शंकर शर्मा, आशीष शर्मा, मनोज यादव, मोहम्मद अक्लीम, विकास गुप्ता, अशर्फीलाल दिवाकर, अंकित यादव, आदित्य यादव, महेश जाटव, दीक्षा शाक्य, सुनीता शाक्य, शिवम यादव, संजय यादव, अजीत यादव, अखिल कठेरिया, रामपाल सिंह यादव, समरदीप चौहान, रुकमंगल सिंह, राजेश कुमार सिंह, सुलक्षणा सिंह, अमित कठेरिया, मुजीबुल हसन, रिजवान खान, अनुज राजपूत, आयुष यादव, संजय यादव, पवन गौतम, सोमेंद्र यादव, अशोक अंबेडकर, शिवम पटेल, आदि मौजूद रहे। बैठक की जानकारी स0प्रवक्ता/जिला सचिव राधेश्या सविता ने दी।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टेट परीक्षा का किया विरोध


विरोध जताते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। सेवारत शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता परीक्षा का विरोध करते हुए मांग की कि इस आदेश को वापस लिया जाये। टीईटी अनिवार्यता का आदेश उच्चतम न्यायालय के द्वारा दिया गया है। इस निर्णय का शिक्षकों ने विरोध किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों में इसका असर दिखायी पड़ा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में जनपद के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रखा। जनपद के कम्पोजिट विद्यालय भाऊपुर, कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, पीएस गढ़िया, पीएस गांधी राजेपुर के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टीईटी का विरोध जारी रखा।

# स्वास्थ्य शिविर में बाढ़ पीड़ितों को वितरित की गई दवाएं


मरीजों का इलाज करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ पीड़ित लोगों के सहायतार्थ लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र के द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को ग्राम रामपुर ढपरपुर में आठंवा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई और घायल लोंगों की ड्रेसिंग की गई। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र ने कहा कि लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से क्षेत्र वासियों को बहुत लाभ मिल रहा है, हमारी कोशिश यही है कि मुसीबत के समय हम सब मिलकर लोगों की मदद करें, यही मानवता की सेवा है। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पाण्डेय ने कहा कि समाजसेवी भईयन मिश्रा के द्वारा पिछ्ले 2 माह से लगातार बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए मदद की जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विनय चौहान, डॉ. पंकज राठौर, डॉ. नावेद अंसारी, फार्मासिस्ट सत्यम वर्मा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवाइयां दी।

इस मौके पर राजीव वर्मा, सत्यनारायण शाक्य, अवनीश राजपूत, वीरेलाल वर्मा, अहिवरन सिंह वर्मा, हिमांशु गुप्ता, मोहित खन्ना आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाकियू श्रमिक जन शक्ति से सर्वेश सिंह ने दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह ने अपनी स्वेच्छा अनुसार अपने साथियों के साथ संगठन से इस्तीफा दे दिया है। अब वह अपना नया संगठन बनाकर कार्य करेंगे। पिछले काफी दिनों से संगठन में उठा पटक चल रही थी। जिसके चलते संगठन से सर्वेश सिंह ने किनारा कर लिया और अपना इस्तीफा दे दिया है। वह अपने कई साथियों के साथ नये संगठन भारतीय किसान यूनियन पीडीए जन शक्ति में राष्ट्रीय अध्यक्ष के रुप में कार्य करेंगे।


सर्वेश सिंह

# दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र हुए वितरित


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद प्रशिक्षार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक के प्रतिनिधि मनोज मिश्रा ने पहुंचकर शुभारम्भ किया। नोडल प्रधानाचार्य ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। भारत सरकार द्वारा निर्देशित प्राप्त लिंक के द्वारा कार्यक्रम सुबह से दोपहर 1 बजे तक चला। जिसका लाइव प्रसारण देखा गया।

प्रधानमंत्री का उद्बोधन जनपद के तीनों आईटीआई संस्थानों के प्रशिक्षार्थियों एवं कर्मचारियों ने लाइव प्रसारण देखा। मनोज मिश्रा ने विचार व्यक्त किये और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। दीक्षांत समारोह में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के 36 प्रशिक्षार्थियों व आईटीआई अमृतपुर के 26 एवं आईटीआई कायमगंज के 24 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया और अपने-अपने व्यवसाय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कायमगंज के प्रधानाचार्य राजकिशोर, अमृतपुर के प्रधानाचार्य अरुण कुमार के अलावा कार्यदेशक बृजेश कुमार, सुनील कुमार, इकलाख सिद्दीकी, चन्द्रमोहन सिंह रावत, प्रमोद कुमार सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।


शिकायतें सुनते डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 77 शिकायतों में मौके पर मात्र दो का निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में आयोजित किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 57, पुलिस की 08, विकास विभाग की 03, विद्युत विभाग की 05 व अन्य विभागों की 04 शिकायते कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से राजस्व विभाग की 02 का मौके पर निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, डी.एफ.ओ., उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर में धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा


खाटू श्याम की शोभायात्रा



निशान यात्रा में शामिल भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खाटू श्याम निशान यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। सातनपुर श्याम नगर के स्थानीय लोगों ने हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली और जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा का भक्तों ने आरती उतारकर पुष्प वर्षा की। नगर के राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड से पूजन अर्चन के साथ शोभायात्रा शुरु हुई, जो चौक, नेहरु रोड, घुमना, लालगेट, आईटीआई चौराहा, श्याम नगर होते हुए सातनपुर पहुंची। रास्ते में भक्तगण बैण्डबाजा की धुन पर नाचते-गाते हुए खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। सातनपुर निशान यात्रा पहुंचने पर आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। इस मौके पर पुलिस भी तैनात रही।

## स्वदेशी वस्तुएं खरीदने व बेंचने के लिए किया जायेगा जागरुकः सदानंद शुक्ला


बैठक में मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की बैठक वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया के निवास पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पाण्डेय को व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार द्वारा सदस्य मनोनीत होने पर सभी व्यापारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। स्वदेशी वस्तुएं के खरीदने एवं बेंचने के लिए दुकानादारों और ग्राहकों को जागरुक करने की योजना बनी और लगातार बाजार में लोगों को जागरुक किया जायेगा। जीएसटी पर भारत सरकार द्वारा छूट पर सरकार को धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, अनिल कनौजिया लालू, क्रांति पाण्डेय, विजय मिश्रा, विशाल छावड़ा, अरविन्द गुप्ता, सौरव शुक्ला, नवनीत मिश्रा, राजू गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने संकिसा पहुंचकर बौद्ध महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

- धम्म यात्रा में एक ही निकाली जायेगी झांकी, किसी धर्म पर नहीं की जायेगी टिप्पणी
- ड्रोन से करायी जायेगी वीडियोग्राफी


निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर के. विजेंद्र पांडियन व उप पुलिस महानिरीक्षक कानपुर हरीश चंद्र ने संकिसा पहुंचकर बौद्ध पूर्णिमा पर आयोजित होने बाले बौद्ध महोत्सव के आयोजकों व माँ विसारीदेवी सेवा समिति के सदस्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की। आयुक्त ने निर्देशित किया कि आयोजन में कोई भी वक्ता किसी भी धर्म पर टिप्पणी नहीं करेगा।

सोशल मीडिया पर भी कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं की जायेगी। धम्म यात्रा में एक ही झांकी निकाली जाएगी, कोई भी कार्य परम्परा के अतिरिक्त नहीं होगा। आयुक्त ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत संकिसा को निर्देशित किया कि रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। पेयजल, शौचालय की उचित व्यवस्था की जाये पूरे मार्ग व मेला स्थल पर लगातार साफ -सफाई चलती रहे। ड्रोन द्वारा वीडियोग्राफी कराई जाए। फायर बिग्रेड की गाड़ी की तैनाती की जाये, पूरे क्षेत्र में पीए सिस्टम लगाया जाये। 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया।

आयुक्त व डीआईजी ने कार्यक्रम स्थल व स्तूप का निरीक्षण भी किया। बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर मौजूद रहे।

# लिंक एक्सप्रसे-वे हेतु भूमि खरीद व अर्जन किये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते अपर जिलाधिकारी

प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे परियोजना के अंतर्गत जनपद की तहसील सदर व अमृतपुर के कुल 43 ग्रामों में भूमि खरीद या अर्जन किए जाने हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। खरीद की जाने वाली भूमि का सर्किल रेट से चार गुना मूल्य दिया जाना प्रस्तावित है। जनपद की अन्य प्रमुख जिलों से जुड़ने हेतु कनेक्टिविटी अच्छी नहीं है, संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों का यह दायित्व है कि वह शासनादेश के अनुसार कार्य करें। किसानों के अमूल्य सहयोग के बिना लिंक एक्सप्रेसवे का बन पाना संभव नहीं है। किसान नेता ने यूपीडा के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर चिंता जाहिर की। लिंक एक्सप्रेस वे के अतिरिक्त भी भूमि ली जा रही है, यह चिंताजनक है, समान स्थिति में अन्य जिलों में शीत ग्रह नहीं तोड़े गए। खिमसेपुर में एक्सप्रेस वे के लिए भूमि देने हेतु इच्छा व्यक्त की। उन्होंने 8 गुना मूल्य की मांग की, आबादी क्षेत्र से दूर एक्सप्रेस वे निकालने की मांग की। सर्वाधिक मूल्य गांधी ग्राम क्षेत्र का है। सभी एलाइनमेंट यूपीडा से आते हैं। प्रभावित क्षेत्र के मूल्य में बहुत बड़ा अंतर है, गुतासी की भूमि मूल्य बहुत कम है। हथियापुर का मूल्य एक करोड़ 20 लाख है, अदिउली का मूल्य केवल 21 लाख है, भूमि मूल्य विसंगति से किसान असंतुष्ट हैं, कुछ किसान किसी भी मूल्य पर भूमि की बिक्री हेतु तैयार नहीं है। नगरीय क्षेत्र में दो गुना मूल्य देना प्रस्तावित है। समस्याओं के निराकरण का अधिकतम प्रयास किया जाएगा। जमीन बेवजह ना ले, जमीन विनिमय का प्रावधान नहीं है, मात्र एक मेड़ के दोनों तरफ के मूल्य में पांच गुना का अंतर अनुचित है, निष्कर्ष स्वरूप किसान नेता ने भूमि मूल्य वृद्धि की मांग की। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षक परिषद कर्मचारी एसो. की बैठक सम्पन्न

- जिलाध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर



बैठक में मौजूद कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद् कर्मचारी एसोसिएशन की जनपदीय कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक बीआरसी बढ़पुर के सभागार में सम्पन्न हुई।

समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने विचार रखे एवं प्रत्येक माह में संगठन की मासिक बैठक माह के अंतिम शनिवार को रखने तथा संगठन को बढ़ाये जाने हेतु विकास क्षेत्र स्तर पर बैठके करने का प्रस्ताव रखा। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी तथा महामंत्री अरशद सिद्दीकी ने अग्रिम बैठक में कार्यवाही किये जाने के निर्णय को कार्यकारिणी द्वारा सर्व सम्मति से पारित किया। जिलाध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों/सदस्यों को अग्रिम मासिक बैठक में कर्मचारियों की बिन्दुवार समस्याओं से संगठन को अवगत कराये जाने हेतु निर्णय लिया। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रेफरी कुलदीप यादव का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कुलदीप यादव

प्रदेशीय विद्यालयी कबड्डी अंडर-14, 17, 19 आयु वर्ग बालक-बालिकाओं की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर विद्यालय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या स्टेडियम में 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के मध्य होने जा रही है। जिसके लिए जिला कबड्डी एसोसिएशन के राष्ट्रीय रेफरी कुलदीप यादव का रेफरी के लिए चयन किया गया है। कुलदीप यादव कम्पोजिट विद्यालय गढ़िया ब्लाक बढ़पुर में सहायक अध्यापक व पीटीआई है। उन्हें सदस्य रेफरी बोर्ड के रुप में चयनित किया गया है। वह 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के बीच प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जिसके लिए बेसिक शिक्षाधिकारी ने उन्हें कार्य मुक्त किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


समस्यायें सुनते अपर जिलाधिकारी

सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। दूर दराज से फरियादियों की समस्यायें सुनी। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस की, विकास विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास सहित अन्य विभागों की कुल 105 शिकायतें आयी। जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर उपजिलाधिकारी डॉ. अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लवकुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मित्रा, कम्पिल थानाध्यक्ष कपिल कुमार, शमसाबाद थानाध्य, नवावगंज थानाध्यक्ष, मेरापुर थानाध्यक्ष सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारिश से कच्चे मकान का एक हिस्सा गिरकर धराशाई

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हलिया के बसकुड़िया मजरे में शनिवार को कच्चे मकान का एक हिस्सा गिरकर धरासाई हो गया। गृह स्वामी ने क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिया है। जिससे दैवीय आपदा राहत कोष से पीड़ित को क्षतिपूर्ति मिल सके। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हलिया के बसकुड़िया मजरा निवासी सूरज के कच्चे मकान का एक हिस्सा दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण गिरकर धरासाई हो गया है। पीड़ित सूरज ने कच्चे मकान के क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार को सूचना दे दिया है जिससे दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके क्षेत्र में दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण नदी नाले उफ़ान पर आ गए है। अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने से अदवा नदी में पानी का बहाव शुरू हो गया है। बारिश के कारण जल निकासी व्यवस्था नहीं होने से जगह जगह जल जमाव हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के मुख्य मार्ग पर जल जमाव होने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए आने वाले मरीजों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल जमाव से होकर स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचना पड़ रहा है। इसी तरह से हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग हथेड़ा गांव में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से सम्पर्क मार्ग पर पानी चल रहा है जिससे लोगो को जल जमाव से होकर गुजरना पड़ रहा है।

## सड़क पर पेड़ गिरने से चार घंटे आवागमन रहा बाधित

**▸ वन विभाग व पुलिस विभाग ने आवागमन कराया शुरू**



हलिया (मिर्ज़ापुर)। क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव सड़क पर शनिवार की सुबह पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। पेड़ गिरने से करीब चार घंटे आवागमन बाधित रहा। पेड़ गिरने से मिर्ज़ापुर डिपो की रोडवेज बस सड़क किनारे उतर कर फंस गए। तहसील दिवस में शामिल होने के लिए जा रहे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पेड़ गिरने से आवागमन बाधित देखकर तत्काल एसआई अच्छेलाल यादव को आवागमन शुरू कराने के लिए मौके पर भेजा। मौके पर पहुँचे एसआई ने ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ की डाली को ग्रामीणों से कटवाकर सड़क से हटवाया है। मौके पर पहुंचे फ़रेस्ट गार्ड संदीप कुमार द्वारा पेड़ को पूरी तरह से सड़क से कटवाकर आवागमन को सुचारु रूप से शुरू कराया है। पेड़ हटने के बाद सम्पर्क मार्ग से आवागमन शुरू हो गया है। रोडवेज चालक सुरेश सिंह ने बताया की सड़क किनारे नई मिट्टी होने से बस फंस गई। इस संबंध में रेंजर अवध नारायण मिश्र ने बताया की सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित होने की सूचना मिलने पर फ़रेस्ट गार्ड को मौके पर भेज कर पेड़ को कटवाकर सड़क से हटवा दिया गया है। आवागमन सुचारु रूप से शुरू हो गया है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मना शताब्दी वर्ष



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के विजया दशमी के कार्यक्रम में श्रीखंड स्वयं सेवकों के द्वारा शस्त्र पूजन व पथ संचलन न्याय पंचायत सीखड़ व न्याय पंचायत बगहा में संपन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विंध्याचल विभाग के सह विभाग कार्यवाह राम बालक, जिला प्रचारक आलोक, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख कलाधर, जिला धर्मजागरण प्रमुख आशीष, जिला सह संपर्क प्रमुख प्रकाश, खंड संघ चालक धर्मनारायण, सह खंड संघ चालक महेंद्र प्रसाद, खंड कार्यवाह अश्विनी, खंड शा. शि. प्रमुख हिमांशु, खंड संपर्क प्रमुख आलोक, वरिष्ठ स्वयं सेवक मार्कण्डेय, पारस नाथ, विपिन, दुर्गेश, गौतम, भास्कर इत्यादि स्वयं सेवको की उपस्थित में पद संचलन संपन्न हुआ।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम पंचायत कार्यालय पर जीपीडीपी बैठक सम्पन्न

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पटपरा के पंचायत भवन पर शनिवार को जीपीडीपी की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान गीता देवी के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान पंचायत के विकास हेतु 15 वा राज्य वित्त आयोग षष्टम राज्य वित्त आयोग, तैयार करने एवं मनरेगा स्वच्छ भारत अभियान के योजना हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से विचार विमर्श कर प्रक्रिया पूरी की गई। ग्राम प्रधान गीता देवी बताई की गाँवो से आये ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्राप्त किया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव विजय कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत की जीपीडीपी की बैठक का आयोजन किया गया है।

### फरेंदा में आये कुल 94 मामलों में मौके पर छह का हुआ निस्तारण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** शासन के मंशा के अनुरूप आयोजित होने वाले तहसील/समाधान दिवस आज शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 94 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण कर शेष 88 शिकायतो को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आयोजित तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 94 शिकायतों में, शिक्षा स्वास्थ्य विकास,विजली, थाना,चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसमे भूमि सम्बन्धी मामला सुर्खियों में रहा। इसी क्रम में फरियादियों द्वारा अन्य मामलों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध पटेल, अधिशासी अधिकारी विद्युत चंद्रेश उपाध्याय,ईओ अनुज कुमार भारती खंड विकास अधिकारी फरेन्दा अतुल त्रिवेदी एवं अन्य व्लाकों के खंड विकास अधिकारी,एडिओ पंचायत, मंडी सचिव,खंड शिक्षा अधिकारी, डिप्टी रेंजर कानूनगो आशा प्रसाद,लेखपाल दीपेन्द्र सिंह व आशीष सिंह सहित तहसील स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### नेपाल में भूस्खलन का कहर, दो प्रमुख मार्ग बंद

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नेपाल में लगातार बारिश के कारण स्थिति खराब हो गई है। बारिश के बीच भूस्खलन के कारण नारायणगढ़–मुगलिन सड़क खंड और मुगलिन–नागधुंगा सड़क पर आवागमन बाधित हो गया है। इन सड़कों को बंद कर दिया गया है। नारायणगढ़–मुगलिन सड़क खंड पर तुईन नदी और मुगलिन–नागधुंगा सड़क खंड के अंतर्गत धाडिंग की जवांग नदी में भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध हो गई थी। तुईन नदी में हल्का भूस्खलन हुआ था, जिससे सड़क एकतरफा हो गई थी। पुलिस ने शनिवार की सुबह 6 बजे से वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है, क्योंकि चट्टानें अभी भी गिर रही हैं और इससे यात्रा करने में जोखिम है। जवांग खोला में भूस्खलन के कारण दो–तरफा सड़क अवरुद्ध हो गई है। धादिंग जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, धादिंग के बेनीघाट रोरांग–10 स्थित जवांग खोला में आज सुबह लगभग 2 बजे भूस्खलन हुआ। इसके तुरंत बाद राजमार्ग को बंद कर दिया गया। पुलिस, स्थानीय लोगों और यात्रियों के प्रयासों से उस स्थान पर सड़क खोल दी गई। हालांकि, शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे ऊपर से हुए भूस्खलन के कारण सड़क दोनों दिशाओं में अवरुद्ध हो गई। बारिश के कारण भूस्खलन की सफाई नहीं हो पाई है और लगातार पत्थर और मिट्टी गिर रही है। इस सड़क खंड पर बार–बार भूस्खलन होने से सड़क अवरुद्ध होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। भारतीय मालवाहक फंसे नारायणगढ़–मुगलिग मार्ग बंद होने से पर्यटकों संग बहुत से भारतीय मालवाहक भी फंसे है। 4 दिन के भारी बारिश के अलर्ट के कारण बहुत से राजमार्गों को दिन और रात के लिए बंद कर दिया गया है। मुक्तिनाथ मार्ग भी बारिश वर्षा के कारण बंद कर दिया गया है, जहां बहुत से भारतीय पर्यटकों के फंसने की सूचना आ रही है। वहीं घरेलू उड़ाने बंद कर दी गई हैं, जिसके कारण सड़क और हवाई मार्ग दोनों बंद हैं।

## किशोर ने पंखे के हुक में चादर के सहारे फंदा लगाकर दी जान

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गंगेश्वर नाथ मुहल्ला निवासी 17 वर्षीय किशन साहनी पुत्र स्व नंदू साहनी का चादर के सहारे पंखे के हुक में फंदे पर झूलता हुआ शव मिला।

किशोर शुक्रवार की रात खाना पीना खाने के बाद घर के दूसरे तल पर सोने चला गया। शनिवार सुबह परिवार के लोग छत पर गए तो वहां कि स्थिति देख अवाक हो गए। किशोर किशन का शव पंखे की हुक में चादर के सहारे झूल रहा था। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया।

सूचना पर एसआई रामप्रताप यादव मौके पर पहुंच कर विधिक कार्यवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए मिर्जापुर भेज दिया। किशन चुनार पोस्ट ऑफिस के पास ठेला पर अंडे और चाऊमीन कि दुकान लगाता था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद वह ऊपर कमरे में सोने गया था। सुबह देर तक नीचे न आने पर जब परिजन उसे बुलाने गए तो वह फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि घर में फांसी पर लटका किशोर का शव मिला है। विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## सरकारी संस्थाओं व विद्यालयों में मनाई गई शास्त्री व गांधी की जयंती

**▸ पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने लिया स्वच्छता का संकल्प**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने मोहनगढ के प्राथमिक विद्यालय पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के प्रतिमूर्ति थे। यह भी कहा कि लालबहादुर शास्त्री ने ही जय किसान जय जवान का नारा दिया था। इसी क्रम में नगर पंचायत आनंदनगर में भी उनके जयंती पर झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सभासद और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण।

गांधी जयंती के इस आयोजन में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने सबसे पहले झंडा रोहण किया और उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से राष्ट्रगान का गायन किया, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति का माहौल झलक उठा। झंडारोहण के बाद, सभी ने महात्मा गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके पश्चात

महात्मा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा परमो धर्मन्का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे।यह भी उन्होंने

सिखाया कि किसी भी संघर्ष को बिना हिंसा और द्वेष के भी जीता जा सकता है। गांधी जी के विचार आज भी हमारे समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे।

राजेश जायसवाल ने आगे कहा कि हम सबको गांधी जी के मार्ग पर चलकर सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। तभी समाज और राष्ट्र की सच्ची प्रगति संभव हो सकती है।

इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इसी क्रम में तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।बताया कि गांधी जी के आदर्शों। विकास खंड फरेंदा परिसर में गांधी और शास्त्री के चित्र पर खंण्डविकास अधिकारी अतुल त्रिवेदी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक सुधेशमोहन श्रीवास्तव, वीपी एजुकेशन स्कूल धानी ढाला पर प्रबंधक मनोज कुमार पाण्डेय ने भी बडे ही धूमधाम से महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई। सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम एक बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। मनोज पाण्डेय ने कहा कि गांधी ने हमें दिखाया कि एक साधारण जीवन जीने से भी हम बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

अंत में पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जिसमें नगर के नागरिकों ने अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की और शपथ ली कि वे स्वच्छता को बढ़ावा देंगे। यह शपथ कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, क्योंकि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को बहुत महत्वपूर्ण माना था और उनके विचारों के अनुरूप नगर पंचायत आनंदनगर ने इस पहल को आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम के समापन पर नगर पंचायत के अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया और गांधी जी के विचारों को अमल में लाने का संकल्प लिया।

## ई-लॉटरी से 1071 किसानों को मिलेगी नि:शुल्क, दलहन का मिनीकिट

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न केंद्रीय योजनाओं और राज्य सेक्टर की योजनाओं के तहत किसानों को दलहन बीज मिनीकिट वितरित करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया।

यह चयन प्रक्रिया जनपद स्तरीय समिति की देखरेख में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तहत संपन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने की, जबकि उप कृषि निदेशक संजीव कुमार और जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया में तकनीकी पारदर्शिता और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी गई, जिससे किसानों में विश्वास और उत्साह देखा गया।

इस वर्ष जनपद में कुल 1071 मिनीकिट का वितरण प्रस्तावित है, जिसमें मटर के 150, चना के 100, तोरिया के 71 और मसूर के 750 मिनीकिट शामिल हैं। इन बीजों का वितरण चयनित किसानों को नि:शुल्क किया जाएगा, जिससे उन्हें उन्नत किस्म के बीजों के माध्यम से बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से चयन की प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर संचालित किया गया, जिसमें किसानों के नामों का स्वचालित रूप से लॉटरी द्वारा चयन किया गया। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप की संभावना नहीं रही, जिससे चयन पूरी तरह निष्पक्ष रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को बीजों की गुणवत्ता, उपयोग की विधि और फसल प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। उप कृषि निदेशक संजीव कुमार ने दैनिक भास्कर नगर संवाददाता को बताया कि विभाग का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत बीजों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है।

वहीं, जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों से अपील की कि वे चयनित बीजों का वैज्ञानिक विधि से प्रयोग करें ताकि उत्पादन में गुणात्मक सुधार हो सके। इस दौरान प्रेम नारायण (एडीओएजी सदर), पांडुरंग पांडेय, जयसिंह यादव (एटीएम सदर), वरिष्ठ लिपिक मनीष कुमार, अजीत पटेल, केबीके के वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान विधि नारायण पटेल, खुशबुद्दीन सहित कई दर्जन किसान मौजूद रहे।

### मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी, नारायण घाट पोखरा की सड़कों पर रात में न करें यात्रा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नेपाल मौसम विभाग की चेतावनी के बाद नेपाल के चितवन, पोखरा तनहु जिला प्रशासन और पुलिस कार्यालय ने इन दोनों मार्ग पर रात न करने का अलर्ट जारी किया है। पुलिस का कहना है कि भारी बारिश की आशंका को देखते हुए रात में यात्रा न करें। चितवन, धाडिंग और तनहुं जिला प्रशासन कार्यालयों व पुलिस कार्यालयों ने नोटिस में कहा है कि कृष्णा भूस्खलन पृथ्वी राजमार्ग के कोटरे–मुगलिन–नागधुंगा और नारायणगढ़–मुगलिन खंडों पर विभिन्न स्थानों पर समय–समय पर लोगों की आवाजाही को अवरुद्ध कर रहा है। तीनों जिलों की संयुक्त पहल से अग्रिम मलबे को हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। जल एवं मौसम विभाग के अनुसार इन तीन दिनों में भारी बारिश की आशंका है और बरसात के मौसम में घाटी और भी खतरनाक हो सकती है। इसलिए, चितवन, धाडिंग और तनहुं में रात के समय यात्रा न करने की अपील की जाती है। सड़क डिवीजन प्रमुख नारायण लमीछाने ने बताया कि उक्त मार्गों पर भूस्खलन का खतरा है। विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

## श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति ने पत्रकारों को किया सम्मानित



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

चुनार के रामलीला मैदान पर श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा आयोजित इक्कीस दिवसीय रामलीला के 19वें दिन लीला के मंचन के दौरान रामलीला में पत्रकारों द्वारा अपना अमूल्य समय देना, खबर प्रकाशित इत्यादि सहयोग देने के लिए समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, संरक्षक बचाऊ लाल सेठ और समिति सदस्य हनुमान ऑटो के प्रोप्राइटर सौरभ पुजारी द्वारा प्रशस्तिपत्र, अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति महामंत्री संजय साहू, रमाशंकर पांडेय, सत्यनारायण पुजारी, चंद्रहास गुप्ता, राम आसरे दास, गौरीनाथ दीक्षित, बृजनंदन कुशवाहा, प्रदीप रस्तोगी, पवन जायसवाल, अमित गुप्ता मिट्ठू, सभाजीत संरक्षक नयनागढ़ समिति, महेंदर साहू,मीडिया प्रभारी शंकर शर्मा शिवा, करतार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्यारहवीं की छात्रा सुमन बनी एक दिन की प्रधानाचार्य

**▸ सुमन विश्वकर्मा एक दिन की प्रधानाचार्य बनकर महिलाओं के लिए बनी प्रेरणास्रोत**

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज मथुरा नगर आनंदनगर महाराजगंज में मिशन शक्ति योजना के तहत कक्षा 11 की छात्रा सुमन विश्वकर्मा को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे। सभी शिक्षकों ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य को बधाई दिया। सुमन विश्वकर्मा ने एक दिन की प्रधानाचार्य बनने के बाद बहुत ही उत्साहित नजर आयी। एक दिन की प्रधानाचार्य सुमन विश्वकर्मा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य के सभी कार्यों को बखूबी निष्पादित किया। सुमन ने सभी परिचायको को सफाई के लिए निर्देशित किया। कुमारी सुमन विश्वकर्मा को एक दिन का प्रधानाचार्य देखकर विद्यालय के अन्य छात्र छात्राएं भी खुश नजर आये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह ने मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि मिशन शक्ति 5.0, छात्र-छात्राओं महिलाओं की सुरक्षा स्वालंबन सम्मान को आगे बढ़ाने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाएं जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना प्रमुख है। इस दौरान विद्यालय के नोडल अधिकारी प्रवक्ता अजय कुमार , प्रवक्ता दीपक सिन्हा, संदीप कुमार सिंह, सहायक अध्यापिका श्रीमती प्रेमा पांडेय ,रागिनी सिंह रमेश कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

## वन्य प्राणी सप्ताह पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




**▸ वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने किया जागरूक**

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

कैमूर वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत हलिया रेंज की ओर से शनिवार को वन्य प्राणी सप्ताह के तहत पिपरा गांव स्थित राजकीय हाई स्कूल के छात्र-छात्राओ ने वन विभाग द्वारा वन्यजीव प्राणी सप्ताह पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया है।

डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति छात्र छात्राओ को जागरूक किया। कहा कि जीवन चक्र के लिए वन्य प्राणियों की भूमिका महत्वपूर्ण है प्रति वर्ष एक से सात अक्तूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वन्य जीवों की महत्ता लोगों को समझाना है। कहा कि जीवन चक्र के लिए वनों का जितना महत्व है, उतना ही महत्व वन्य प्राणियों का है। हम सभी को वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए। इस मौके पर फ़रेस्ट गार्ड नीटू शर्मा शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

## मेरे राजनीतिक मार्गदर्शक भी थे मेरे पिता : सुप्रिया



**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जन नेता पूर्व सांसद हर्षवर्धन की नौवी पुण्यतिथि आज शनिवार को उनके पैतृक गांव जंगल जोगियाबारी में मनाई गयी।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे उनके पौत्र यशवर्धन ने हवन पूजन किया उसके बाद उनके चित्र पर उनकी पुत्री कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, पौत्र यशवर्धन सिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी उन्होंने कहा कि मेरे पिता थे ही साथ ही साथ राजनैतिक मार्गदर्शक भी थे। उनके पुण्यतिथि में विभिन्न जिलों व व्लाको से आये भारी संख्या लोगो की उपस्थिति ही उनकी लोकप्रियता ही दर्शाती है जिस पर मुझे गर्व है। इस दौरान आयोजित

कार्यक्रम मे कांग्रेस के पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, पूर्व विधयाक विनोद तिवारी,पूर्व विधायक सुदामा प्रसाद,जिलाध्यक्ष विजय सिंह,राम प्यारे प्रसाद,त्रिभुवन मिश्र, शरद सिंह, झीनकू चौधरी, सुमन ओझा,राम प्रसाद गुप्त, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद अली, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, अमित चौबे, सुधेश मोहन श्रीवास्तव,पूर्व प्रमुख अबरार इराकी,पूर्व प्रनुख सदा मोहन उपाध्यायय,गिरजेश सिंह,डाक्टर राम नारायण चौरसिया,दिलीप चौधरी,रमेध चंद श्रीवास्तव,राम निवास चौबे, हजारी जायसवसल, जयंत्री मौर्या, सूरज पाल सिंह, रामनेवास चौबे भरत भुवाल चौधरी,चन्दन तिवारी, व रमेश सैनी, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।